हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 07.09.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 47 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 ~~रुपये~~ 2 रुपये




मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कोलकाता से रांची आगमन के क्रम में बहरागोड़ा पहुंचने पर पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन की ओर से स्वागत एवं गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का पारंपरिक तरीके से किया स्वागत।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री एवं कोलकाता के महापौर (मेयर) फिरहाद हकीम ने शिष्टाचार मुलाकात की।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार ने की शिष्टाचार मुलाकात।

# गुजरात के पंचमहल में रोप-वे हादसा ट्रॉली के टूटने से छह लोगों की मौत

एजेंसी

**पंचमहल :** गुजरात के पंचमहल जिले में पावागढ़ पहाड़ी मंदिर में रोप-वे के लिए निर्माण सामग्री ले जा रही एक ट्रॉली के टूट जाने से शनिवार को छह लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब कार्गो रोपवे का केबल तार टूट गया। इसके बाद ट्रॉली नीचे गिर गई। घटना में 6 लोगों की मौत हो गई।



### बचाव कार्य में जुटी टीमें

पंचमहल के डीएसपी हर्ष दुधात ने कहा, पावागढ़ में रोप-वे के लिए निर्माण सामग्री ले जा रही एक ट्रॉली के टूट जाने से छह लोगों की मौत हो गई। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस और अग्निशमन दल घटनास्थल पर मौजूद हैं और बचाव एवं राहत कार्य कर रहे हैं।

### 800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है मंदिर

बता दें कि यह मंदिर करीब 800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, यहां पहुंचने के लिए 2 हजार सीढियां चढ़कर पहुंचते है या केबल कार के जरिए शिखर तक पहुंचा जाता है। अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम के कारण जनता के लिए बनाया गया रोप-वे सुबह से ही बंद था।

### केबल टूटने से गिरी ट्रॉली

अधिकारियों के अनुसार, ट्रॉली का इस्तेमाल मंदिर के अन्नक्षेत्र (सामुदायिक रसोई) के लिए निर्माण सामग्री और रसोई का सामान ले जाने के लिए किया जा रहा था, तभी सहायक केबल टूट गई और ट्रॉली पहाड़ी से नीचे गिर गई।

### मौके पर पहुंचे अधिकारी

घटना को लेकर पंचमहल के पुलिस उपाधीक्षक डॉ. हरेशभाई दूधात ने मृतकों की पुष्टि की और कहा कि शवों को हलोल रेफरल अस्पताल भेज दिया गया है। हादसे की खबर मिलते ही ज़िला कलेक्टर, स्थानीय विधायक और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुँच गए।

### जांच के दिए आदेश

वहीं कलेक्टर ने घटना के जांच के आदेश दिए है ताकि बता लगाया जा सके कि रोपवे के निर्माण उपयोग प्रणाली में सुरक्षा संबंधी खामियों के कारण केबल टूट गई या नहीं। सरकारी प्रवक्ता ऋषिकेश पटेल ने कहा, दो रोप-वे थे एक सामान ले जाने के लिए और दूसरा यात्रियों के लिए। सामान ले जाने वाले रोपवे का तार टूट गया है।

### हादसे में चार लोग घायल

ताजा जानकारी के अनुसार, पावागढ़ हादसे में 2 लिफ्ट ऑपरेटरों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 4 अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। कंस्ट्रक्शन का मटीरियल पर्वत के ऊपर चढ़ाते समय ये हादसा हुआ।

### डीएम ने दी जानकारी

जानकारी के मुताबिक पावागढ़ स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ में शनिवार को एक मालवाहक रो-पवे के दुर्घटनाग्रस्त होने से छह लोगों की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि रस्सी टूटने के कारण यह दुर्घटना हुई। पंचमहल डीएम ने दो लिफ्टमैन, दो श्रमिकों और दो अन्य सहित छह लोगों की मौत की पुष्टि की है। डीएम के अनुसार, दुर्घटना दोपहर करीब 3:30 बजे हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। प्रशासन ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

### पावागढ़ शक्तिपीठ है गुजरात का प्रमुख धार्मिक स्थल

पुलिस ने बताया कि पावागढ़ शक्तिपीठ गुजरात का प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु रोजाना दर्शन के लिए पहुंचते हैं।
हादसे के बाद मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में शोक और दहशत का माहौल है। श्रद्धालु अब आवागमन के लिए संचालित रोपवे में भी बैठने से कतरा रहे हैं। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। तकनीकी जांच के बाद ही हादसे की वास्तविक वजह सामने आ पाएगी।

## एक नजर

### लाल किले से गायब हुआ 1 करोड़ के सोने का कलश

**नयी दिल्ली :** देश की राजधानी दिल्ली के लाल किला परिसर में जैन समुदाय के धार्मिक समारोह चल रहा है। इस समारोह से एक करोड़ रुपये कीमत का सोने का कलश चोरी हो गया है। हालांकि इस वारदाक को अंजाम देने वाले चोर की तस्वीरें पुलिस के हाथ लग गई हैं। सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध का वीडियो कैद हो गया है। बता दें कि दिल्ली स्थित लाल किले के परिसर में जैन समुदाय का धार्मिक कार्यक्रम चल रहा है। जहां कारोबारी सुधीर जैन हर रोज अपने साथ इस कलश को लेकर आते थे। जिसका उपयोग धार्मिक अनुष्ठानों के लिए किया जाता था। लेकिन 3 सितंबर को आयोजन के दौरान सुबह स्वागत की भीड़-भाड़ में यह मंच से अचानक गायब हो गया। जिससे सनसनी फैल गई। बता दें कि यह सोने का कलश 760 ग्राम वजनी है। जिस पर लगभग 150 ग्राम हीरे, माणिक और पन्ने जड़े हुए हैं। यह देखने में बहुत ही आकर्षक है। जिसकी बाजार में वर्तमान कीमत 1 करोड़ रुपये के आस-पास है। आयोजकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इसकी जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान संदिग्ध की पहचान कर ली गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले में अपडेट जारी है।

### चैतन्य बघेल की न्यायिक हिरासत 15 सितंबर तक बढ़ी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है। रायपुर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की विशेष अदालत में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चैतन्य की पेशी हुई, जिसके बाद उन्हें अब 15 सितंबर तक के लिए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। बताया गया कि प्रवर्तन निदेशालय 15 सितंबर को चैतन्य बघेल के खिलाफ चालान पेश कर सकती है, इसके पहले चैतन्य बघेल को 23 अगस्त को अदालत में पेश किया गया था, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चैतन्य बघेल को शराब घोटाला मामले में 18 जुलाई 2025 को दुर्ग से गिरफ्तार किया था। चैतन्य बघेल के ऊपर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाले में कई संगीन आरोप लगाए हैं। 23 अगस्त को चैतन्य बघेल की रिमांड पूरी होने के बाद उनकी फिर रायपुर अदालत में पेशी हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद चैतन्य बघेल को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया था।

## बीड़ी-बिहार विवाद : कांग्रेस की केरल इकाई के सोशल मीडिया हेड ने दिया इस्तीफा



एजेंसी

**केरल :** केरल कांग्रेस ने शनिवार को स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर बिहार को 'बीड़ी' से जोड़ने वाली विवादित पोस्ट उनके लिए बड़ी भूल थी। इस पोस्ट के चलते राजनीति में तहलका मच गया। पार्टी ने पोस्ट को हटा दिया और सार्वजनिक माफी भी मांगी। खबरों के मुताबिक, इस विवाद के बीच केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया हेड वीटी बालराम ने इस्तीफा दे दिया है।

### पार्टी अध्यक्ष ने माना सोशल मीडिया टीम की गलती

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सनी जोसेफ ने स्वीकार किया कि पोस्ट करने में 'गलती और लापरवाही' हुई। उन्होंने एक टीवी चैनल से बातचीत में बताया कि पार्टी की सोशल मीडिया टीम ने बिना सतर्कता के यह टिप्पणी प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर दी थी। सनी जोसेफ ने बताया, 'पोस्ट हटा दी गई है। जिम्मेदार शख्स सोशल मीडिया हैंडल के एडमिन और ऑपरेटर ने माफी मांगी और पोस्ट हटाई। कांग्रेस इसका समर्थन नहीं करती।' सनी जोसेफ ने यह भी बताया कि इस मामले पर पूर्व विधायक वीटी बालराम से चर्चा हुई, जो KPCC के डिजिटल मीडिया सेल के प्रभारी हैं।

### विवादित पोस्ट में क्या था?

विवादित पोस्ट KPCC के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर हालिया जीएसटी दरों में बदलाव के संदर्भ में पोस्ट किया गया था। इस पोस्ट में बिहार को बीड़ी (तम्बाकू से भरी चीज) से जोड़ने की कोशिश की गई थी। पोस्ट में लिखा था- 'Bidis and Bihar start with B. Cannot be considered sin anymore।'
कांग्रेस की पोस्ट पर मचा हंगामा यह पोस्ट मोदी सरकार द्वारा बीड़ी पर जीएसटी दरें कम किए जाने पर केंद्रित थी। लेकिन यह पोस्ट वायरल हो गई और बिहार के प्रति असंवेदनशील व अपमानजनक बताते हुए कड़ी आलोचना हुई। बिहार की सत्ता में शामिल गठबंधन नेताओं ने कांग्रेस की आलोचना की। बिहार के उपमुख्यमंत्री व भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने इस पोस्ट को 'पूरे बिहार का अपमान' करार दिया। सम्राट चौधरी ने पर लिखा- 'सबसे पहले हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता का अपमान और अब पूरे बिहार का अपमान - यही है कांग्रेस की सच्चाई, जो देश के सामने बार-बार उजागर हो रही है।'

# भारत-अमेरिका संबंधों को ट्रंप ने बताया 'बहुत विशेष', पीएम मोदी ने दिया जवाब

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत-अमेरिका संबंधों की पुष्टि पर गर्मजोशी से प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह "अमेरिकी राष्ट्रपति की भावनाओं और द्विपक्षीय संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की गहराई से सराहना करते हैं और पूरी तरह से उनका समर्थन करते हैं।" प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-अमेरिका संबंधों को एक "व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी" की ओर अग्रसर बताया।
प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक आकलन की मैं गहराई से सराहना करता हूं और उनका पूर्ण रूप से समर्थन करता हूं। भारत और अमेरिका के बीच एक बहुत ही सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। इससे पहले शुक्रवार (स्थानीय समय) को राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक घोषणा करते हुए भारत-अमेरिका संबंधों को "बहुत विशेष संबंध" कहा और पुष्टि की कि वह और पीएम मोदी हमेशा दोस्त रहेंगे, उन्होंने कहा कि "चिंता की कोई बात नहीं है।"



हालांकि, उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई कि 'वह (प्रधानमंत्री मोदी) समकालीन समय में क्या कर रहे हैं।' एएनआई द्वारा पूछे जाने पर कि क्या आप इस समय भारत के साथ संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए तैयार हैं? अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, "मैं हमेशा तैयार रहूंगा। मैं हमेशा (पीएम) मोदी के साथ दोस्त रहूंगा। वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। मैं हमेशा दोस्त रहूंगा, लेकिन मुझे वह पसंद नहीं है जो वह इस विशेष क्षण में कर रहे हैं। लेकिन भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक बहुत ही खास रिश्ता है। चिंता की कोई बात नहीं है। हमारे पास कभी-कभी कुछ पल होते हैं।"
अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर उनके पोस्ट पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने 'भारत और रूस को चीन के हाथों खो देने' की बात कही थी, और कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ऐसा हुआ है।
मीडिया को दिए गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा, "मुझे नहीं लगता कि हमने ऐसा किया है। मैं इस बात से बहुत निराश हूं कि भारत रूस से इतना तेल खरीदेगा। मैंने उन्हें यह बता दिया है। हमने भारत पर बहुत बड़ा टैरिफ लगाया है - 50 प्रतिशत, जो बहुत ऊंचा टैरिफ है। जैसा कि आप जानते हैं, मेरे (प्रधानमंत्री) मोदी के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। वह कुछ महीने पहले यहां आए थे; वास्तव में, हम रोज गार्डन गए थे और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।
इससे पहले, वाशिंगटन के साथ संबंधों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के महत्व को रेखांकित किया। रणधीर जायसवाल ने कहा, अमेरिका और भारत के बीच यह संबंध हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे दोनों देश एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं, जो हमारे साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर आधारित है।

# मुंबई में कारों में मानव बम की धमकी देने वाला आरोपी उत्तर प्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई में कारों में मानव बम की धमकी वाला मैसेज भेजने वाले आरोपी ने शनिवार को पूछताछ में बताया कि उसने यह धमकी अपने दोस्त को फंसाने के लिए भेजा था। हालांकि मुंबई पुलिस आरोपी से हर ऐंगल से गहन पूछताछ कर रही है।
मुंबई पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि 51 वर्षीय आरोपी अश्विनी कुमार सुप्रा को उत्तरप्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार कर आज मुंबई लाया गया है। पुलिस ने उसके पास से 7 मोबाइल, 3 सिम कार्ड, एक एक्सटर्नल स्लॉट, 6 मेमोरी कार्ड होल्डर, 2 डिजिटल कार्ड और 4 सिम कार्ड होल्डर जब्त किए हैं।
आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने अपने दोस्त फिरोज के नाम से धमकी भरा मैसेज भेजा था। आरोपी और फिरोज के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद फिरोज ने पटना के फुलवारी शरीफ थाने में अश्विनी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।



जिसके चलते अश्विनी को तीन महीने जेल में रहना पड़ा था। इसी रंजिश में उसने फिरोज के नाम का इस्तेमाल पुलिस को धमकाने के लिए किया ताकि पुलिस उसे गिरफ्तार कर ले। फिलहाल मामले की छानबीन जारी है।
उल्लेखनीय है कि गुरुवार देर रात ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया था कि मुंबई में कारों में 34 मानव बम रखे गए हैं और 14 पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में घुस आए हैं। इस मैसेज में 400 किलो आरडीएक्स के इस्तेमाल की बात भी कही गई थी। इससे मुंबई दहल जाएगी। गणेश विसर्जन से पहले इस धमकी से मुंबई में हडकंप मच गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी की पहचान अश्विनी कुमार (51) के तौर पर हुई है, जो बिहार का रहने वाला है और पिछले पांच सालों से नोएडा के थाना सेक्टर 113 इलाके में रहता है। आरोपी पेशे से ज्योतिषी है। 5 सितंबर को उसने वॉट्सएप के जरिए मुंबई पुलिस को मैसेज भेजा था कि "लश्कर-ए-जिहाद" के 14 आतंकी मुंबई शहर घुस आए हैं और वे 400 किलो आरडीएक्स विस्फोटक, 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने की योजना बना रहे हैं।

# उपायुक्त ने टाटीझरिया प्रखंड का किया औचक निरीक्षण, शिक्षा-स्वास्थ्य पर दिए जरूरी निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शनिवार को टाटीझरिया प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विभागीय योजनाओं, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायत सचिवालय, स्वास्थ्य केंद्र तथा बागवानी योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने मनरेगा योजनाओं की प्रगति एवं मानव सृजन दिवस के आयोजन की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने टाटीझरिया पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। उन्होंने खराब अवस्था में पड़े जेनरेटर को तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया। रजिस्टरों की जांच के क्रम में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीकरण, पेयजल एवं शौचालय की स्थिति का जायजा लिया।



उपायुक्त ने पाया कि पंचायत सचिव द्वारा कार्यालय का यूजर आईडी किसी अन्य व्यक्ति को देकर कार्य कराया जा रहा है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पंचायत सचिव पर स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उसके बाद टाटीझरिया स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने डॉक्टरों की उपलब्धता, जीवन रक्षक दवाओं (एंटी वेनम, एंटी रेबीज आदि) के स्टॉक, ओपीडी संचालन की स्थिति तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा रात्री पाली की सेवाओं और उपकरणों की उपलब्धता का भी आकलन किया। स्वास्थ्य केंद्र परिसर की साफ-सफाई और चिकित्सकों हेतु निमार्णाधीन क्वार्टर की स्थिति का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कई राजकीयकृत मध्य विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर की बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की। मिड-डे-मिल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को मिलने वाले आहार की गुणवत्ता की जांच की। ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय में नामांकित करने के प्रयासों की जानकारी ली। शिशु पंजी का निरीक्षण किया तथा शिक्षकों को सिलेबस के अनुरूप पढ़ाई पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में तीन माह का अमीन प्रशिक्षण शिविर का होगा आयोजन

**बरही :** बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में तीन महीने का अमीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बंध में सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि अपर समाहर्ता के निर्देश पर बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भूमापक अमीन का प्रशिक्षण कार्यक्रम चालाया जा रहा है। जिसका नामांकन 10 सितम्बर से 20 सितम्बर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि बरही प्रखंड क्षेत्र के बेरोजगार युवक युवतियां प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते हैं वैसे लोग प्रखंड सह अंचल कार्यालय में नामांकन करा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण रविवारीय होगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण की अवधि तीन महीने की होगी। इसके लिए उसे मैट्रिक या स्नातक पास होना चाहिए। जेनरल कोटि के लिए 450 तथा एसी एसी कोटे के लिए 400 मासिक शुल्क देना होगा। प्रशिक्षण का केंद्र प्रखंड परिसर तथा नामांकन की अवधि 10 सितम्बर से 20 सितम्बर तक होगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने वाले को दो पासपोर्ट साइज फोटो, योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आरक्षित के लिए जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति जमा करना होगा। इसके लिए उन्होंने प्रखंड के सभी कर्मचारी सभी पंचायतों के सभी प्रतिनिधियों एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों को विशेष रूप से प्रचार प्रसार करने का अपील की है।

### खेरौन में सोना सोबरन के तहत लाभुकों के बीच धोती, साड़ी लुंगी वितरण



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के खेरौन स्थित वरूण साव के जन वितरण प्रणाली दुकान में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि केदारुत बिशेश्वर यादव एवं पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह ने 445 लाभुकों को धोती, साड़ी और लूंगी वितरण किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, वार्ड सदस्य मनोज सिंह, वार्ड सदस्य सुजीत सिंह, समाजसेवी अशोक सिंह, रामअधीन यादव, ममता देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भंडारों पंचायत में विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**बरही :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बरही मुख्यालय के अंतिम छोर पर स्थित भंडारों पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बैरीसाल गांव में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव के आवास पर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस बैठक में बैरीसाल, पुरहारा, तेतरिया और भंडारों गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जिन्होंने विधायक के सामने अपनी प्रमुख समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से तीन मांगों को उठाया ,जिसमे भंडारों मोड़ से बैरीसाल तक पक्की सड़क का निर्माण, बरही और बरकठा को जोड़ने वाली अंडवोरा घाट पर पुल का निर्माण, बरकार नदी से सिंचाई की समुचित व्यवस्था। विधायक ने ग्रामीणों की मांगों को जायज ठहराया और उन्हें आश्वासन दिया कि वे इन समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण का मुद्दा उन्होंने हाल ही में विधानसभा में भी उठाया था, जिस पर राज्य सरकार ने जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया है। पुल निर्माण और सिंचाई व्यवस्था के लिए भी उन्होंने जल्द ही प्रयास शुरू करने की बात कही।

### डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको में संचालित डॉ भीम राव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में धूम धाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के प्राचार्य गुलाब कुमार दास एवं विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार यादव ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान प्रधानाचार्य गुलाब कुमार दास ने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक साधारण शिक्षक होते हुए देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति बने। जो आज के युवक एवं युवतियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए है। वहीं विद्यालय दिनेश कुमार यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने कर्म से महान होता है, हम सभी को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के द्वारा बताएं गए मार्गों पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में सकलदेव यादव, अनिल कुमार, मन्नू कुमार, विवेक कुमार, बबीता कुमारी, ममता कुमारी एवं छात्रों में सुभाष कुमार, असलम, चंदन, शिवा, कविता, शाहीन, महेजहां, डोली, चांदनी, प्रियंका, नाजरा, खुशी, खुशबू, सोनम, दिव्या, आयुष, मोहित, पंकज, पीयूष, विकाश, भागीरथ, आशु, अमन एवं आशीष समेत दर्जनों अन्य छात्र मौजूद थे।

### श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जेपीएससी उत्तीर्ण शुभम यादव और उनके पिता, उप - निरीक्षक शंकर यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार और सभी शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। शुभम यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए गुरु - शिष्य परंपरा की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, शिक्षक न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। बच्चों को अपने शिक्षकों के प्रति हमेशा आदर और सम्मान का भाव रखना चाहिए। उनके इस प्रेरणादायक संदेश ने बच्चों में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, गीत और नाटक शामिल थे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया। माहौल भावुक और प्रेरणादायक रहा, जब बच्चों ने अपने शिक्षकों को डायरी, पेन और उपहार भेंट किए। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों के लिए मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। म्यूजिकल चेयर गेम में अंग्रेजी शिक्षिका सिमरन विजेता रहीं, जबकि पुरुष शिक्षकों में मैथ्स क्षिछक शुभम केशरी ने बाजी मारी। प्राचार्य कैलाश कुमार ने अपने संबोधन में कहा, शिक्षक समाज की नींव हैं। उनका मार्गदर्शन बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाता है। शिक्षक दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि हमें हर दिन अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक, कर्मचारी और सैकड़ों छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इस आयोजन ने न केवल शिक्षकों का सम्मान किया, बल्कि गुरु-शिष्य के पवित्र रिश्ते को और मजबूत किया।

## सक्सेस ट्यूटोरियल कोचिंग सेंटर कमलवार में शिक्षक दिवस की धूम

# सच्चा शिक्षक विपरीत परिस्थितियों से लड़ना सिखाता है : अक्सर अंसारी

▶ योग्य और सुशिक्षित बनाना ही हमारा उद्देश्य : मैडम हिना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड पंचायत पाण्डेयबारा के ग्राम कमलवार में 4 वर्षों से संचालित सक्सेस ट्यूटोरियल कोचिंग सेंटर में आदर्श शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की याद में बड़े ही धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने संस्थान को बहुत ही आकर्षक तरीके से सजाया। बच्चों ने संस्थान के डायरेक्टर और शिक्षिका को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उसके बाद डायरेक्टर एवं शिक्षिका ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस आयोजन में न केवल बच्चों को प्रेरित किया बल्कि शिक्षा और संस्कार के महत्व को



भी एक नई दिशा दी। संस्थान के डायरेक्टर अक्सर अंसारी ने कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह दिन गुरु-शिष्य संबंधों को और गहरा करने का अवसर देता है। संस्थान की शिक्षिका मैडम हिना ने नैतिकता और नैतिक मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को नवाचार द्वारा उनको पढ़ाना व सुशिक्षित कर योग्य बनाना ही हमारा उद्देश्य है। मौजूद छात्र-छात्राओं ने गुरु शिष्य के परंपरा को निभाने और एक अच्छे शिक्षक की तरह छात्रों ने प्रण किया कि वह अपनी पढ़ाई पूरी मन और प्रतिज्ञा के साथ करेंगे। बता दें कि ग्रामीण महिलाएं मैडम हिना से प्रेरणा लेकर आगे की पढ़ाई कर रही हैं। वही मैडम हिना द्वारा पढ़ाई गई सैकड़ों लड़कियां, प्रथम श्रेणी से मैट्रिक की परीक्षा पास कर चुकी हैं और आगे की पढ़ाई कर रही हैं।

### लिटिल एंजल्स पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस संपन्न

**बड़कागांव :** कोयलंग (करमाटांड़) में अंग्रेजी माध्यम से संचालित लिटिल एंजल्स पब्लिक स्कूल में भूतपूर्व राष्ट्रपति- डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मोत्सव पर शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय प्रबंधक सह प्राचार्य-अजय कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर संयुक्त रुप से माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य अजय कुमार ने उपस्थित बच्चों को सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन परिचय को विस्तार से बताते हुए संबोधित किया। प्राचार्य अजय कुमार ने एक शिक्षक का महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक शिक्षक ही देश का नवनिर्माण करता है, एक शिक्षक के बिना एक ईमानदार व सच्चे इंसान की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, शिक्षक को माता -पिता से भी सर्वोपरि का दर्जा दिया गया है। तत्पश्चात उपस्थित विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से केक काटकर एक दूसरे को एवं बच्चों को भी खिलाया। वहीं उपस्थित बच्चों ने भी शिक्षक - शिक्षिकाओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। वहीं बच्चों के बीच में भी बिस्किट और टॉफियां वितरण किया गया। शिक्षक दिवस समारोह में उपस्थित होकर बच्चे काफी उत्साहित थे। समारोह में मुख्य रूप से प्राचार्य अजय कुमार, सहायक शिक्षक ईश्वर कुमार, जीतन बेसरा, सुलेन्द्र कुमार, शिक्षिका - रेखा कुमारी, कुमारी रुबी जया, दीपिका कुमारी, रानी कुमारी, डोली कुमारी, सुमित कुमार, मिथुन कुमार, विपिन कुमार, गोपाल कुमार सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

### गुरु और शिष्य के बीच का बेहतर संबंध होना चाहिए : राजदेव महतो

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत अंग्रेजी माध्यम से संचालित मौर्य पब्लिक स्कूल कांडतरी में शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रधानाध्यापक एवं सहायक शिक्षकों को मुख्य रूप से कांडतरी पंचायत के प्रभारी मुखिया राजदेव महतो के द्वारा सभी शिक्षकों सम्मानित किया गया। मुखिया ने शिक्षकों के द्वारा बेहतर कार्य करने को लेकर को शील्ड कप , डायरी पेन देकर सम्मानित किया। मौके पर स्कूल के निर्देशक रामचंद्र कुमार ने देश के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं व बधाई दी। आगे उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य के बीच का संबंध भक्ति पूर्ण आदरणीय और समर्पण का होना चाहिए। वही स्कूल के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने कहा की शिक्षा वह शेरनी की दूध है जो जितना पिएगा वह उतना दहाड़ेगा। मौके पर कांडतरी पंचायत के प्रभारी मुखिया राजदेव महतो, स्कूल निर्देशक रामचंद्र कुमार, प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह, वरिष्ठ शिक्षक मनजीत गंझू, विवेक मुंडा, झूना कुमारी, संगीता कुमारी, सहिष्ता प्रवीण, संजू कुमारी, कुंती देवी, सुगंती देवी सहित स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# विधायक रोशन लाल चौधरी व निर्मल महतो ने झूमर प्रतियोगिता कौंसी का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपूरा पंचायत अंतर्गत ग्राम कौंसी में ग्राम विकास समिति कौंसी के द्वारा झूमर प्रतियोगिता 2025 का आयोजन सरना स्थल कौंसी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार एवं संचालन पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला ने किया । मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी एवं मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने फिता काटकर किया। सर्वप्रथम दोनों विधायक के गांव में पहुंचने पर ग्रामिणों ने ढोल , नगाड़े व फूल माला पहनाकर करमा गीत गाकर स्वागत किया। आजादी के बाद इस गांव में पहली बार एक साथ दो विधायक के आगमन से



लोगों में काफी खुशी देखी गई।मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने लोगों कहा कि झारखंड का प्रमुख प्राकृतिक पर्व करम संस्कृति और आस्था से जुड़ा हुआ है। यह पर्व परिवार की भलाई , समृद्धि और संतान सुख की मंगल कामनाओं से भी जुड़ा हुआ है।हम सभी को संस्कृति को बचाने के लिए ऐसे आयोजन को करते रहना चाहिए। वहीं मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने कहा कि करम पर्व एक फसल उत्सव है। इस त्यौहार का प्राकृति से भी गहरा संबंध है। लोग पेड़ों की पूजा करते हैं क्योंकि वह उनके जीविका का स्रोत है। और वह प्राकृति माता से अपने खेतों को हरा भरा रखने और अच्छी फसल सुनिश्चित करने की प्रार्थना करते हैं। यह संस्कृति के धरोहर को बचाने का प्रयास है। ऐसा प्रतियोगिता होने से आसपास के गांव के लोगों को अपनी प्रतिभा व संस्कृति की झलक दिखाने का मौका मिलता है।और लोग अपनी संस्कृति को देख व सीख पाते हैं। बताते चले की इस प्रतियोगिता में चानो, कौंसी, कोदवे, रोयांग, कुररा, खपिया, रिकवा, चैनपुर, बड़कीटांड़, सेहदा, तिलैया आदी कुल 16 टीम ने भाग लिया। जिसमें कोदवे रयान की टीम ने जीत हासिल कर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। और प्रथम पुरस्कार बड़ा बकरा का हकदार बना।वहीं द्वितीय पुरस्कार चानो की टीम मंझला बकरा एवं तृतीय पुरस्कार छोटा बकरा दूदिया की टीम ने हासिल किया। तीनों टीम को बकरा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, जिला परिषद सदस्य सुनिता देवी, मुखिया बासुदेव यादव, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोतम वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, उपेंद्र महतो, हीरालाल महतो, पारसनाथ महतो, पूरन महतो, तिलेश्वर महतो, जितेंद्र कुमार सहित सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जीटी रोड सिक्स लेन प्रोजेक्ट मे ओबीसी कांग्रेस ने लगाया अनियमितता का आरोप



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला, बरही विधानसभा अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 2 के सिक्स लेन चौड़ीकरण कार्य में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और कौशल इंजीनियरिंग पर लापरवाही, सेफ्टी नियमों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। इस बाबत ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बरही एसडीओ जोहान टुडू को लिखित आवेदन सौंपकर तत्काल जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई, और गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित, समयबद्ध निर्माण की मांग की। इस दौरान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजाम उद्दीन अंसारी भी मौजूद थे। ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि एनएचएआई अधिकारियों की मिलीभगत से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं ने जनता का जीवन खतरे में डाल दिया है। इस परियोजना में अनियमितताओं के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है और अनेक घायल हुए हैं। आवेदन की प्रतिलिपि डीएसपी को भी सौंपी गई। आवेदन में प्रमुख समस्याओं जैसे घटिया सामग्री का उपयोग, अपर्याप्त कार्य गुणवत्ता, धूल-मिट्टी से स्वास्थ्य समस्याएं, सेफ्टी नियमों का उल्लंघन, एनएचएआई अधिकारियों द्वारा निरीक्षण की कमी, और बरकट्ठा-चौपारण में वर्षों से अधूरे फ्लाईओवर का उल्लेख किया गया। परियोजना निदेशक पर कमीशनखोरी का भी गंभीर आरोप लगाया गया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई, तो स्थानीय जनता टोल वसूली को पूर्ण रूप से बंद करने हेतु मजबूर होगी। इसका जिम्मेवार सड़क निर्माण एजेंसी एवं एनएचएआई होगी।

### संकुल स्तरीय संघ बादम ने वार्षिक आम सभा का किया आयोजक




**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत संकुल स्तरीय संघ बादम का वार्षिक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दिनांक 2024-2025 का कार्य योजना का विवरण प्रस्तुत किया गया, साथ ही झारखंड की पारंपरिक पोशाक में बच्चियों द्वारा लोकगीत पर झूमर का भी आयोजन किया गया। जिसका संचालन बादम आजविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति ली द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख फूलवा देवी ने कहा की आज महिलाओं को जिस जिस क्षेत्र में मौका मिल रहा है उन क्षेत्रों में वह परचम लहरा रही हैं और नारी शक्ति का उदाहरण पेश कर रही है यह गांव सबल बनाने का कार्य कर देश को गौरांवित कर रही है। साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्या सुनीता देवी, गोंदलपुरा पंचायत मुखिया बासुदेव यादव, भीखन महतो, तपेश्वर कुमार, गौतम वर्मा, दिनेश कुमार एवं अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की और से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक राम प्रकाश कुमार, कमेटी कोऑर्डिनेटर टिंकू कुमार राणा, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर राम प्रकाश कुमार, संकुल स्तरीय संघ की ओर से अध्यक्ष शांति देवी सचिव कंचन कुमारी, कोषाध्यक्ष पूजा रानी, सी.एल.एफ संयोजिका संजू कुमारी, लेखपाल गीता देवी, पी.आर.पी.समनीका देवी, ज्योति देवी सहित भिन्न-भिन्न गांव के स्वयं सहायता ग्रुप की विधि मौजूद रही।

### वित्तीय वर्ष 2022-23 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पंचायत को किया गया सम्मानित



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड सभागार में पीएआई 1.0 की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पंचायतों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कु मंडल और मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर डाडीकलां पंचायत, द्वितीय स्थान पर चोपदार बलिया पंचायत और तृतीय स्थान पर बादम पंचायत रहा। उपस्थित अतिथियों के द्वारा तीनों पंचायत के मुखिया - इलियास अंसारी, पूजा कुमारी और सुनीता देवी को बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रखंड समन्वयक पंचायती राज स्वशासन परिसर आशीष कुमार पासवान के द्वारा दिया गया। वहीं, वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु निर्धारित ग्राम सभा दिनांक 9 एव 10 सितंबर को प्रखंड के सभी पंचायतों में निर्धारित है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रविष्टि किए गए डेटा का अनुमोदन कर सबमिट किया जाएगा। कार्यशाला में प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार मंडल, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, मुख्य प्रशिक्षक आशीष कु पासवान, मुखिया मो तकरीमुल्लाह, अनिकेत कुमार नायक, इलियास अंसारी, पूजा कुमारी, सुनीता देवी, कविता कुमारी, सुलेखा कुमारी, बेबी देवी, भाग्यवती देवी, दीपक दास के अलावा दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन ने मेधावी छात्रा को दिया लैपटॉप



**बड़कागांव :** शिक्षा के प्रति समर्पित स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के सौजन्य से पंडरिया निवासी विश्वनाथ विश्वकर्मा की पुत्री एवं इंटर आट्र्स कॉलेज की छात्रा रानी कुमारी को लैपटॉप प्रदान किया गया ।यह पुरस्कार रानी को फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक बिपिन कुमार ने कॉलेज परिसर में आयोजित शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने हाथों से प्रदान किया। ज्ञात हो कि बीते महीने युवा लेखक बिपिन कुमार ने इंटर आट्र्स कॉलेज के बाहरवी कला टॉपर को लैपटॉप देने का घोषणा किया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे लेखक बिपिन कुमार ने कहा कि स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन का उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछड़े बच्चों के बीच प्रतियोगिता की भावना विकसित करना एवं स्कूली शिक्षा से टूटे छात्र/छात्रों को जोड़ना है ।स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन ने विगत दो वर्षों में तीन विद्यार्थियों के बीच एक- एक लाख की छात्रवृत्ति,पांच को लैपटॉप,पंद्रह को टैब,पंद्रह को एंड्रॉयड मोबाइल एवं सैकड़ों के बीच बैग का वितरण किया है। फाउंडेशन के संस्थापक शिक्षाविद बिपिन कुमार विगत दस वर्षों से हजारीबाग क्षेत्र में छात्र-छात्रों के बीच क्विज, सेमिनार, करियर काउंसलिंग व शिक्षा से जुड़ी जागरूकता अभियान का आयोजन कर शिक्षा के क्षेत्र में अहम सेवा दे रहें।

## एक नजर

### झारखंड के विभिन्न जिलों में आठ से बारिश की संभावना

**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिलों में आठ सितंबर से हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी है। विभाग के अनुसार इस दौरान कई स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। हालांकि बीच-बीच में बादल भी छाये रहे। इससे लोगों को गर्मी का एहसास हुआ और भारी उमस भी महसूस की गई। उल्लेखनीय है कि राज्य के अधिकांश जिलों में पिछले चार-पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते आम जन जीवन काफी प्रभावित हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान गोड्डा में 35.3 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार जिले में 20.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री, जमशेदपुर में 31 डिग्री, डाल्टनगंज में 31.8, बोकारो में 31.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### रांची में माकपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के मेन रोड के विश्वकर्मा लेन स्थित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को शुरू हुआ। प्रशिक्षण शिविर में पहला सत्र मार्क्सवादी दर्शन था। इस मौके पर पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि क्रांतिकारी विचारधारा के बिना कोई क्रांतिकारी परिवर्तन नहीं हो सकता है। इसलिए पार्टी के जनाधार को वैचारिक रूप से सशक्त करना एक जरूरी है। मौजूदा समय में विश्व व्यवस्था एक ध्रुवीय की जगह बहुध्रुवीय हो रही है और साम्राज्यवाद तथा समाजवाद के बीच का अंतर्विरोध और तेज हो रहा है। चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन में भारत की मौजूदगी ने अमेरिकी की ओर से पचास प्रतिशत व्यापार शुल्क लगाने की घोषणा को चुनौती दी। इस दौरान पार्टी के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य अरुण मिश्र ने कार्ल मार्क्स के एक उद्धरण पर प्रकाश डालते हुये कहा कि चेतना और पदार्थ दोनों ही अनंतकाल से गतिशील हैं। इस कार्यक्रम में 19 जिलों से पार्टी के 107 नेतृत्वकारी साथी हिस्सा ले रहे हैं।

### नाव की थीम पर बनेगा हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा पंडाल

**रांची :** झारखंड के रांची स्थित हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच भूमि पूजन करके पंडाल निर्माण कार्य शुरू किया। यह समिति की ओर से आयोजित 61 वां दुर्गा पूजा है। इस मौके पर मुख्य रूप से समिति के सचिव इंदरजीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण बाउरी और रजनीश सिंह, कोषाध्यक्ष सोमनाथ बाउरी सहित कई पदाधिकारी और स्थानीय श्रद्धालु मौजूद थे। समिति की ओर से बताया गया इस बार पूजा पंडाल का स्वरूप पूरी तरह से नाव की थीम पर आधारित होगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसी दौरान, पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नंदन यादव ने कहा कि हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा राजधानी रांची का एक ऐतिहासिक पर्व है, जिसे हर साल सामाजिक एकता और भव्यता के साथ मनाया जाता है।

# झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में परीक्षा और परिणाम व्यवस्था चरमराई, छात्रों में नाराजगी बढ़ी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची यूनिवर्सिटी की तरह ही झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) में भी डिप्लोमा से लेकर बीटेक तक के विभिन्न कोर्सों की परीक्षाओं और परिणामों को लेकर गंभीर अव्यवस्था देखने को मिल रही है। इससे छात्रों के बीच भारी निराशा और आक्रोश का माहौल है, खासकर डिप्लोमा कोर्स के विद्यार्थी सबसे अधिक प्रभावित नजर आ रहे हैं। 2023-2026 बैच के डिप्लोमा छात्रों की चौथे सेमेस्टर की परीक्षा सितंबर में होनी है, लेकिन तीसरे सेमेस्टर का परिणाम अभी तक घोषित नहीं किया गया है। इसी प्रकार, 2024-2027 बैच के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा होने जा रही है, जबकि पहले सेमेस्टर का रिजल्ट चार महीने बीत जाने के बाद भी जारी नहीं हुआ है।




वर्किंग प्रोफेशनल्स के कोर्स में भी हालात कुछ बेहतर नहीं हैं। 2022-2026 बैच की तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा अप्रैल में हो चुकी है, परन्तु परिणाम अब तक लंबित है।

वहीं, 2023-2027 बैच की अभी तक एक भी परीक्षा आयोजित नहीं हुई है, जिससे छात्रों में गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि आखिर ऐसी स्थिति बनने ही क्यों दी गई जिससे उनकी पढ़ाई और भविष्य प्रभावित हो रहा है। बीटेक रेगुलर कोर्स में भी छात्रों को ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ रहा है। 2022-2026 बैच के पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा मार्च में हुई थी, लेकिन उसका परिणाम अब तक घोषित नहीं हुआ है, जबकि छठे सेमेस्टर की परीक्षा सिर पर है। इसी तरह, 2023-2027 बैच की तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा अप्रैल में हुई थी, पर उसका रिजल्ट भी अभी तक जारी नहीं किया गया है। सबसे गंभीर मामला यह है कि चौथे सेमेस्टर की कक्षाएं मात्र 15 दिन चलीं और विश्वविद्यालय ने परीक्षा की तिथि घोषित कर दी। टेक्निकल छात्र संघ के अध्यक्ष अभिषेक बनर्जी ने बताया कि परिणाम ऑनलाइन जारी करने की मांग को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। केवल खंडोली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का ही परिणाम वेबसाइट पर अपलोड किया गया है, जो सिर्फ औपचारिकता जैसी प्रतीत होती है। उन्होंने बताया कि अप्रैल महीने में राष्ट्रपति और राज्यपाल को भी पत्र के माध्यम से स्थिति की जानकारी दी गई थी, परंतु आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## रांची सदर अस्पताल की अव्यवस्थित पार्किंग पर झारखंड हाईकोर्ट सख्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची सदर अस्पताल की पार्किंग में व्याप्त अव्यवस्था पर स्वतः संज्ञान लेते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट की सख्ती के बाद अस्पताल प्रशासन ने पार्किंग व्यवस्था को सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। अब पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा रहा है, जिससे एंबुलेंस और मरीजों को लेकर आने वाले वाहनों का आवागमन सुगम हो गया है। पार्किंग प्रबंधन में मनमानी रोकने के लिए नियमों को कड़ा किया गया है। हालांकि, नई टेंडर प्रक्रिया पूरी होने तक मौजूदा एजेंसी ही पार्किंग का संचालन करती रहेगी। शुक्रवार को अस्पताल के मुख्य द्वार के पास जाम की समस्या नहीं दिखी। प्रवेश द्वार पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों के पार्किंग शुल्क की स्पष्ट जानकारी वाले बोर्ड लगाए गए हैं। रांची नगर निगम द्वारा निर्धारित शुल्क के अनुसार चार पहिया वाहन के लिए 20 रुपये प्रति घंटा और दोपहिया वाहन के लिए 5 रुपये प्रति घंटा शुल्क लिया जा रहा है। इसके साथ ही, शुल्क का डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड पर दफ कोड भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे वाहन चालक सीधे एजेंसी के खाते में भुगतान कर सकते हैं। अस्पताल में पार्किंग को लेकर लंबे समय से समस्याएं बनी हुई थीं। मुख्य प्रवेश द्वार के पास पार्किंग स्टाफ की मनमानी के कारण अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती थी। साथ ही, पार्किंग क्षेत्र में बाहरी लोगों और कॉलेज छात्रों के वाहनों की भीड़ के कारण मरीजों और एंबुलेंस को जगह नहीं मिल पाती थी। कई बार एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती थीं, जिससे मरीजों को तत्काल चिकित्सा सहायता देने में भी दिक्कतें आती थीं।

## सीटू और रांची नगर निगम की बैठक में कर्मियों की मांगों पर जताई गई सहमति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड नगर निकाय मजदूर यूनियन के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रांची नगर निगम प्रबंधन के साथ शनिवार को वार्ता की। वार्ता के दौरान मातृत्व अवकाश, राष्ट्रीय अवकाश और अर्जित अवकाश लागू करने के अलावा बोनस और वेतन वृद्धि जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी निगमकर्मियों को पहचान पत्र जल्द जारी किए जाएंगे। निकाले गए मजदूरों की पुनः बहाली और मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर तुरंत कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। नगर निगम प्रबंधन की ओर से बताया गया कि एरियर भुगतान और एटूजेड मजदूरों का बकाया वेतन पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। 10 वर्ष से अधिक समय से सेवारत कर्मियों के स्थायीकरण संबंधी मामले को नगर विकास



विभाग को भेज दिया गया है और उस पर विभागीय स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में मातृत्व अवकाश, राष्ट्रीय अवकाश और अर्जित अवकाश लागू करने के अलावा बोनस, वेतन वृद्धि जैसे मुद्दों पर निगम प्रबंधन ने कहा कि अंतिम निर्णय उच्चस्तरीय बैठक में लिया जाएगा। इसकी लिखित सूचना 8 सितम्बर को निगम की ओर से यूनियन को दे दी जाएगी। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूरों की सभी मांगें न्यायसंगत और श्रम कानूनों के अनुरूप हैं। इसलिए निगम प्रबंधन को इन्हें लागू करना ही होगा। यदि ठोस समाधान नहीं निकला तो 10 सितम्बर से प्रस्तावित हड़ताल को टालना संभव नहीं होगा। इस बैठक के बाद पुराना विधानसभा मैदान में निगम कर्मियों की एक बड़ी बैठक हुई, जिसमें हड़ताल की तैयारी जारी रखने का निर्णय लिया गया। हालांकि, इसपर अंतिम फैसला आठ सितंबर को लिया जाएगा। वार्ता में यूनियन के अध्यक्ष भवन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष प्रतीक मिश्रा, महासचिव प्रकाश टोप्पो, सुखनाथ लोहरा, ज्योति केरकेट्टा और मधु टोप्पो शामिल रहे।

## जेएलकेएम नेत्री निशा भगत पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए गुमला की पूर्व प्रत्याशी और पार्टी नेत्री निशा भगत को संगठन से निष्कासित कर दिया है।उन्हें पार्टी विरोधी बयानबाजी करने के आरोप में बाहर का रास्ता दिखाया गया है। मोर्चा के अध्यक्ष जयराम महतो की ओर से शनिवार को जारी आदेश में कहा गया कि उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है और आने वाले छह वर्षों तक वे किसी भी पद या पार्टी गतिविधि का हिस्सा नहीं बन सकेंगी। जयराम महतो ने सभी कार्यकताओं को चेतावनी देते हुए



कहा कि विभाजनकारी और असत्य बयानबाजी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को नीतियों और अनुशासन का पालन करना होगा। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार, हाल ही में निशा भगत द्वारा मीडिया और सोशल मीडिया पर दिए गए बयान तथ्यहीन और भ्रामक पाए गए। विशेषकर कुड़मी समुदाय से जुड़ी टिप्पणियां संगठन की विचारधारा और नीतियों के विपरीत मानी गईं। पार्टी का कहना है कि इस तरह की बयानबाजी से संगठन की छवि और सामाजिक समरसता को नुकसान पहूंचा है। आदेश में भी स्पष्ट किया गया है कि यह कार्रवाई पार्टी की अनुशासन समिति की रिपोर्ट पर आधारित है। समिति ने अपनी जांच में निष्कर्ष निकाला कि निशा भगत का रवैया पार्टी की एकजुटता और मूल उद्देश्यों को आहत करने वाला है। निशा भगत झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के टिकट पर साल 2024 में विधानसभा का चुनाव लड़ चुकी है।

## एचईसी में अतिक्रमण हटाओ अभियान पर रोक लगाए सरकार : नायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में आदिवासी-मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने शनिवार को सरकार से हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। शंकर नायक ने सरकार की ओर से कार्रवाई बंद नहीं होने पर एचईसी के खिलाफ व्यापक आंदोलन करने की चेतावनी दी। उन्?होंने अतिक्रमण हटाओ अभियान को अमानवीय और गरीबों के खिलाफ साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि वर्षों से रह रहे मजदूरों और परिवारों के आशियाना बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के तोड़े जा रहे हैं, जो संवैधानिक अधिकार का घोर



उल्लंघन है। यह बुलडोजर गरीबों के घर ही नहीं, बल्कि मानवता और संविधान को भी कुचल रहा है। इस अत्याचार के खिलाफ वे सड़क से उच्चतम न्यायालय तक लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने मांग रखी कि प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वास और आवास की व्यवस्था की जाए और उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के आदेशों का पूरा पालन सुनिश्चित किया जाए।

## माही ब्लड बॉन्ड के तहत रांची में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पैगम्बर-ए-इंसानियत हजरत मुहम्मद के जन्म अवसर पर मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) की स्वास्थ्य मुहिम माही ब्लड बॉन्ड के तहत गुलशन हॉल, कर्बला चौक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर लगभग 25 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा की। मुख्य अतिथि रांची के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने रक्तदान और मानवता विषय पर कहा, सभी दानों में रक्तदान सर्वोत्तम है। यह दान न जाति देखता है, न धर्म। जब कोई इंसान अपना जीवनदायिनी रक्त किसी जरूरतमंद को देता है, तो वह उसकी जान बचाने के साथ इंसानियत की मिसाल पेश करता है। माही ब्लड बॉन्ड जैसी पहल




समाज में स्वास्थ्य-जागरूकता और करुणा की प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि डॉ. रंजू ने रक्तदान और स्वास्थ्य लाभ पर बोलते हुए कहा, सिर्फ स्वस्थ व्यक्ति ही रक्तदान कर सकता है और नियमित रक्तदान करने से स्वास्थ्य और बेहतर होता है। यह रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और व्यक्ति को सक्रिय बनाए रखता है। ए.सी.एम.ओ, सदर अस्पताल रांची, डॉ. ताबां रिजवी ने भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा, यह सोचना गलत है कि रक्तदान से स्वास्थ्य बिगड़ता है। सच्चाई यह है कि नियमित रक्तदान करने वाले लगभग 90% लोग हृदयाघात से सुरक्षित रहते हैं। रक्तदान स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुँचाता बल्कि इसे और मजबूत बनाता है। झारखंड अंजुमन के संयोजक जुनैद अनवर ने कहा, लहू हमें सिखाता है कि हम सब एक ही इंसानियत के रिश्ते से जुड़े हैं। रक्तदान ऐसा दान है जहाँ न जाति पूछी जाती है, न धर्म। यही वजह है कि यह इंसानियत की सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने पलामू (बालूमाथ) में झारखंड अंजुमन द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर का ज़िक्र किया, जहाँ 141 लोगों ने रक्तदान कर नबी को सच्ची श्रद्धांजलि दी। वक़्फ बोर्ड झारखंड के सदस्य और माही व समझ के संयोजक इबरार अहमद ने युवाओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा, आज जब समाज को तोड़ने वाली ताकतें सक्रिय हैं, ऐसे में इंसानियत के लिए खून देने वाले नौजवान यह साबित कर रहे हैं कि इंसानियत ज़िंदा है। यह खून न जाने किन घरों की खुशियों की वजह बनेगा। यही सबसे बड़ा नेक अमल है। उन्होंने बताया कि इस मुहिम में कई बार रक्तदान करने वाले युवा भी शामिल हैं–जावेद अख्तर (63 बार) और नदीम अख्तर (54 बार)। कार्यक्रम का संचालन माही के वक्ता मुस्तकीम आलम ने किया और धन्यवाद ज्ञापन जमीयतुल इराकीन के सचिव सैफुल हक ने दिया। इस मौके पर डॉक्टरों, वकीलों और समाजसेवियों के अलावा तंजीम आलम, मोहम्मद ओसामा, नूर अहमद, अख्तर गद्दी, मोहम्मद सलाहउद्दीन, मावा के तनवीर मुजीब, तबरेज अजीज, जुबैर खान, जावेद अख्तर, सोहैल अनवर, मोहम्मद शमीम, माहताब आलम, जुहैब, मोहम्मद इमरान, जमील, अब्दुल वाहिद, मेराज गद्दी, साजली, मोहम्मद जावेद, बारिश कुरैशी, सैफुल्लाह, सुफियान साहब, डॉ. इरफान, आनन्त शर्मा, निसाद खान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एचईसी की जमीन से हटा अतिक्रमण, भुक्तभोगियों ने जताया रोष



**रांची :** बिरसा चौक बायपास के दाहिनी ओर एचईसी की जमीन पर शनिवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जेसीबी लगाकर कई घरों और दुकानों को तोड़ा गया। लोग लंबे समय से इस जमीन पर कब्जा कर घर-दुकान बनाकर रह रहे थे। पूर्व में भी यहां ऐसी कार्रवाई हो चुकी थी, लेकिन दोबारा अतिक्रमण कर लिया गया था। प्रशासन की कार्रवाई पर स्थानीय लोगों ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। रमेश साहू ने कहा कि हम यहां बीस साल से रह रहे हैं। यही हमारा सबकुछ है। अचानक बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए घर तोड़ देना अन्याय है। गरीब आदमी कहां जाएगा। निशा कुमारी ने रोते हुए कहा कि हमने अपनी पूरी जमा-पूंजी लगाकर छोटा सा मकान बनाया था। आज सबकुछ मलबे में बदल गया। बच्चों के सिर से छत छीन ली गई। सरकार को कम से कम हमें कहीं और बसाने की व्यवस्था करनी चाहिए थी। मौके पर एक बुजुर्ग महिला ने भी आरोप लगाया कि कुछ पक्के मकानों को छोड़ दिया गया। गरीबों की झोपड़ियां उजाड़ दी गईं। उन्होंने इसे गलत और पक्षपातपूर्ण बताया। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह जमीन सरकारी है और यहां किसी भी तरह का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान मौके पर अरगोड़ा अंचल अधिकारी और जगरनाथपुर थाना प्रभारी की टीम सहित भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी थी।

### रांची सदर अस्पताल से निकली नेत्रदान जागरूकता रैली




**रांची :** रांची के सदर अस्पताल से 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितंबर 2025) के अवसर पर शनिवार को जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें नेत्रदान के लिए प्रेरित करना था। जागरूकता रैली में सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, डीपीएम प्रवीण सिंह, अन्य चिकित्सक, अस्पताल प्रबंधक, अंधापन निवारण समिति के सदस्य, एएनएम स्कूल की छात्राएं, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य अस्पताल कर्मी शामिल हुए। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने इस मौके पर कहा कि आंखें हमारे शरीर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। जो लोग अपनी आंखों की रोशनी खो देते हैं उनके लिए नेत्रदान किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी को इस नेक कार्य में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मृत्यु के छह घंटे के भीतर कोई भी व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। उम्र या लिंग की कोई बाधा नहीं है और कोई भी व्यक्ति अपनी आंखें प्रत्यारोपण के लिए दान कर सकता है। नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें शामिल वक्ताओं ने बताया कि नेत्रदान अंधापन से पीड़ित लोगों को दृष्टि वापस दिलाता है और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाता है।

### डोरंडा शिशु सदन का 50वां वार्षिकोत्सव स्कूली बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार को सार्वजनिक पुस्तकालय ट्रस्ट समिति की 88वीं वर्षगांठ और श्री डोरंडा शिशु सदन विद्यालय के 50वें वार्षिकोत्सव (स्वर्ण जयंती) के दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता झारखंड सरकार के प्रथम विधि मंत्री एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष रामजी लाल शारदा ने की। उन्होंने कहा कि डोरंडा जैसे क्षेत्र में आजादी से पहले ही समाजसेवियों ने दूरदृष्टि दिखाते हुए इस विद्यालय की स्थापना की थी, जिसका लाभ आज भी हजारों परिवारों को मिल रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि विद्यालय को आगे बढ़ाने में वे हर संभव सहयोग करेंगे। संस्था के सचिव सुरेश प्रसाद ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य किरण सिंह, अध्यक्ष रामजी लाल शारदा, सचिव सुरेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष सरदार अशोक सिंह, बजरंग प्रसाद गुप्ता, हरिप्रसाद विजय, नारायण सराफ, पुरुषोत्तम दास, राकेश पाल, रोहित शारदा, संजय गुप्ता, योगेश्वर दुबे, पीयूष विजय, पप्पू वर्मा, नौशाद आलम, टी.एन. झा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य, विद्यालय की शिक्षिकाएं और अभिभावक मौजूद थे।

### चलते ऑटो से छात्रा ने लगाई छलांग, 52 वर्षीय चालक पर छेड़खानी का आरोप

**रांची :** अनगड़ा-हुंडरू फॉल मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक नाबालिग छात्रा से छेड़खानी की गंभीर घटना सामने आई है। आरोप है कि ऑटो चालक द्वारा आपत्तिजनक हरकत किए जाने के बाद छात्रा ने चलते ऑटो से कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। फिलहाल उसका इलाज शालिनी अस्पताल में चल रहा है। घटना गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे की है। पीड़िता ने इस संबंध में अनगड़ा थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रा हाहे गांव से ऑटो में सवार हुई थी। अनगड़ा चौक के पास एक अन्य महिला भी ऑटो में बैठी। छात्रा ने जब एक निजी विश्वविद्यालय के गेट के पास ऑटो रुकवाने को कहा, तो चालक ने वाहन नहीं रोका। कुछ देर बाद दूसरी महिला शालिनी अस्पताल के पास उतर गई, लेकिन चालक ने छात्रा को वहां भी नहीं उतरने दिया। इसके बाद आरोपी चालक, जिसकी पहचान महेशपुर निवासी सनवर खान उर्फ गुल्लू के रूप में हुई है, ने कथित तौर पर छात्रा का पैर पकड़ लिया और कहा कि उसे कहीं नहीं उतरने दिया जाएगा और जबरन हुंडरू फॉल चलने को कहा। घबराई छात्रा ने तत्काल चलते ऑटो से छलांग लगा दी। छलांग लगाने से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने उसे तत्काल पास के शालिनी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर पोक्सो एक्ट और अन्य संगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## एक नजर

### दोस्तों के साथ नहाने गया 12 वर्षीय बच्चा डूबकर हुआ मौत

कोडरमा : जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवसागर स्थित आईटीआई कॉलेज के पीछे कुपाय नदी में शुक्रवार देर शाम दोस्तो के साथ नहाने गए एक 12 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान डोमचांच थाना क्षेत्र के ही सहीद चौक निवासी मो. जुनैद पिता मो. जावेद के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जुनैद डोमचांच में चल रहे फुटबॉल मैच देखकर अपने दो अन्य दोस्तों के साथ साईकल पर सवार होकर शिवसागर स्थित उक्त नदी में नहाने हेतु गया हुआ था। इसी दौरान वह उक्त नदी के गहरे पानी में डूब गया। जब जुनैद पानी से बाहर नहीं आया तो उसके साथ नहाने गए हुए उसके बाकी के दोनों साथी ने उसकी खोजबीन शुरू की। जब जुनैद का कुछ पता नहीं चला तो वे रोने लगे। उसी वक्त वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने बच्चों के रोने की आवाज सुनी और उसके पास गए। उन्होंने जब उनसे रोने की वजह पूछी तो बच्चों ने उन्हें सारी बात बताई। जिसके पश्चात उक्त व्यक्ति द्वारा जुनैद के घर वालों व डोमचांच पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मृतक के परिजन तुरंत वहां पहुंचे और बच्चे की तलाश करने लगे। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही डोमचांच पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे की खोजबीन में जुट गई। जिसके पस्चात काफी मसक्कत के बाद रात के करीब 12 बजे बच्चे का शव बरामद हो सका।

### पुलिस द्वारा छात्रों को रोड सेफ्टी, नशा मुक्ति व साइबर अपराध की दी जानकारी




बोकारो: पुलिस अधीक्षक बोकारो के निदेर्शानुसार शनिवार, 6 सितंबर 2025 को पेंकनारायणपुर थाना क्षेत्र स्थित +2 हाई स्कूल पेंक तथा चंदनकियारी थाना क्षेत्र के +2 हाई स्कूल चंदनकियारी में कम्युनिटी पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, नशा मुक्ति, पोक्सो कानून, डायल 112, डायल 108, डायल 1930 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों तथा साइबर अपराध से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने, नशे से दूर रहने और ड्रग्स सेवन से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताये और किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की सलाह दी।

### दोस्ती के नाम पर खून, पैसे की मांग पूरी न होने पर युवक पर चाकू से हमला

बोकारो : बोकारो में दोस्ती की आड़ में पैसे की लालच ने एक युवक की जान पर बना दी। सिटी थाना क्षेत्र के दूंदी बाजार में रहने वाले अभय कुमार नामक युवक को उसके ही पांच दोस्तों ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। पीड़ित अभय कुमार ने बताया कि उसके दोस्त राज, गोलू, अमर, अंकित और आदित्य आए दिन उससे पैसों की मांग करते थे। शनिवार को भी इन लोगों ने फोन कर उसे बुलाया और गाली-गलौज करने के बाद पैसे मांगे। जब उसने पैसे देने से इन्कार किया तो आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर उसके पेट में वार कर दिया और मौके से फरार हो गए। अभय कुमार दूंदी बाजार झोपड़पट्टी का रहने वाला है और फल मंडी में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। वह वहां ट्रकों से आए माल को उतारने का काम करता है।

# डीपीएस चास में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : डीपीएस चास, बोकारो ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। समारोह की शुरूआत विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन तथा प्राचार्या/निदेशिका डॉ. मनीषा तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और महान दार्शनिक एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। विद्यार्थियों ने चीफ मेंटर व प्राचार्या को स्वनिर्मित तस्वीर और ग्रीटिंग कार्ड भेंट करके कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें गिटार, वायलिन, कीबोर्ड और ड्रम जैसे वाद्ययंत्रों पर निरंतर प्रस्तुति के साथ ऑर्केस्ट्रा का प्रदर्शन भी शामिल था। छात्रों ने एक मधुर समूह गीत व नृत्य की भी प्रस्तुति दी। शिक्षक दिवस की एक खास बात यह रही कि कक्षा दसवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों की भूमिका निभाई। बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षकों की वेशभूषा धारण की और कक्षाएँ लीं। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी गायन, नृत्य, कविता पाठ के माध्यम से अपनी विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में चीफ मेंटर महोदया ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। वे विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान करके उन्हें आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी को प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक-एक पौधा रोपण करने की सलाह भी दी। प्राचार्या/निदेशिका डॉ. मनीषा तिवारी ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला और छात्रों को उनका सदैव सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों की भूमिका एक आदर्श व्यक्तित्व, मार्गदर्शक, दार्शनिक और मित्र की होती है।

## ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर स्कूल के खेल मैदान की सुरक्षा की मांग की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मरकच्चो : नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के बिंडोमोह गांव के ग्रामीणों ने शनिवार को डोमचांच अंचलाधिकारी को आवेदन देकर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बिंडोमोह स्थित खेल मैदान को बचाने की गुहार लगायी। दिए गए आवेदन में कहा हैं कि मौजा बिंडोमोह थाना नंबर 103,खाता नंबर 65,प्लॉट नंबर 1045,रकबा करीब 9 डिसमिल भूमि को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के दबंग भू-माफिया सहायक शिक्षक सुरेश दास पिता स्व केदार दास एवं उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अवैध रूप से कब्जा करने का लगातार प्रयास कर रहे है। जबकि उक्त भूमि गैरमजरुआ आम किस्म भूमि हैं,जिस पर सरकार द्वारा विद्यालय भवन का निर्माण भी कराया गया है। वहीं कुछ भू-भाग पर स्कूली बच्चों के खेल-कूद मैदान व सार्वजनिक कार्यों में यहाँ के मूल रैयत के द्वारा करीब 200 सौ वर्षों से उपयोग होता रहा है। इसके साथ ही उपरोक्त भूमि पर सरकार द्वारा एक चबूतरा का निर्माण कराया गया है जिस पर डॉ.भीमराव अम्बेडकर का प्रतिमा एवं पेयजल विभाग द्वारा एक चापाकल लगाया गया है जिसका सार्वजनिक उपयोग निरंतर गांव के लोग लगातार कई वर्षों से करते चले आ रहे है। उपरोक्त जानकारी के बावजूद भी दबंग भूमाफिया प्रवृति के शिक्षक एवं उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा अवैध रूप से उक्त खाते व प्लॉट रकबा की भूमि पर बाजबरन कब्जा जमाना चाहते है।

## पूर्व डीआईजी ने कौंडिणिया में छात्रों को कराया नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव से अवगत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कोडरमा : आश्रम रोड स्थित कौंडिणिया पब्लिक स्कूल के मल्टीपरपज हॉल में शनिवार को नशीली दवाओं के बढ़ते प्रचलन और उसके दुष्प्रभावों पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में नशे का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है, जो समाज और राष्ट्र दोनों के लिए गहरी चिंता का विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशीली दवाएँ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन को भी गहराई से प्रभावित करती हैं। कार्यशाला में उन्होंने विभिन्न प्रकार की नशीली दवाओं और उनके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनके सेवन से फेफड़े, लिवर, हृदय और मस्तिष्क पर गंभीर असर पड़ता है। मानसिक स्तर पर यह व्यक्ति को निर्भरता, चिंता और अवसाद की ओर धकेल देती हैं। पारिवारिक और सामाजिक रिश्ते टूटने तक की नौबत आ सकती है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी इसके दुष्प्रभाव से अवगत कराएं। साथ ही उन्होंने समाधान के रूप में जागरूकता, परामर्श, उपचार और सामाजिक सहयोग को जरूरी बताया। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल को छात्रों के लिए उपयोगी और समयानुकूल बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## फेरो स्क्रेप प्राइवेट लिमिटेड में मजदूरों को मिली ऐतिहासिक जीत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड पहले केन्द्र सरकार के अधीन था जो अब कोनाईको ग्रुप आफ जापान ने ले लिया इसके बाद फेरो स्क्रेप प्राईबेट लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध है । इस कंपनी मे काम करने बाला बिभागीय कर्मचारीयों, ठेकाकमीर्यों एवं अधिकारीयों का बेतन सहित सभी प्रकार का निर्णय ज्वाईंट फोरम कमिटि मे लिया जाता था। एफ एस एन एल के रहते मजदूरों के समर्थन से रिकोनाईज्ड किया गया था। और इसलिए जिसमे पहली बार जय झारखंड मजदूर समाज को जे एफ सी आने का निमंत्रण मिला ।इसका बैठक 04/09/2025 को प्रधान कार्यालय भिलाई मे सम्पन्न हूआ । मजदूर हित मे लिये गये चीर लम्बित एतिहासिक मांगो पर जीत मिलने की खुशी मे सेकडो मजदूरों ने बिभाग के साईकिल स्टेन्ड पर जे एफ सी से लोटे जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी को जोश-उत्साह के साथ फूलो का माला पहनाकर स्वागत किया। अपने संबोधन मे बि के चौधरी ने कहा इस एतिहासिक जीत का श्रेय आप सभी कर्मचारीयों और मजदूरों को जाता है क्योंकि आप लोगों का 7 बर्षो का आन्दोलन रहा है जिसके चलते जय झारखंड मजदूर समाज को रिकोनाईज्ड किया गया और जे एफ सी मे बुलाया गया। ऐतिहासिक जीत मे पिछ्ले बर्ष की तुलना मे इस बर्ष 2000 रूपया बढाते हुए 23000 बोनस, बर्षो से जिन कर्मचारी को आबास आवंटन होते हाउस रेन्ट एलाउन्स बन्द हुआ लेकिन प्राईबेट रेन्ट बेतन से काटा जा रहा था उस पर रोक लगा तथा बदले मे उतना रूपया क्वार्टर मेन्टनेनस के नाम पर अब मिलना शुरू होगा। आज तक कभी भी कम्पनी मे रात्री पाली भत्ताका नाम तक नही था अब सेल की तरह प्रति रात्री 180 रूपया मिलेगा । सेवानिवृत कर्मचारी को अब एन पी एस मे जमा रूपया वापस मिलेगा,जिस ठेकाकर्मी को बांकी की तरह ए डब्लू ए के नाम पर 1000 नही मिल रहा था उसे भी अब दिया जायगा। मार्च 26 के बाद नये टेन्डर मे सेल की तरह सभी मजदूरों 4100 रूपया ए डब्लू दिया जायगा जिसपर फैसला ले लिया गया है।

## चिन्मय विद्यालय में गुरु उत्सव की धूम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः, गुरुदेवो महेश्वरः। गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरवे नमः॥ गुरु परंपराम की संस्कृति भारत की सबसे पुरानी और सबसे महत्वपूर्ण संस्कृति रही है. जो ज्ञान और विद्या देता है, उन गुरुजनों का आदर और सम्मान हिन्दू संस्कृति में हमेशा से सबसे सर्वोपरि रहा है. इसी परंपरा का सम्मान करते हुए चिन्मय विद्यालय, बोकारो ने बहुत धूमधाम से शिक्षक दिवस 2025 को मनाया. सभी विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को खूब सारा सम्मान और प्यार बांटा. साथ ही, भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी याद किया और उनका जन्म दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन से हुई। इस कार्यक्रम की खास बात ये रही कि पूरा समारोह विद्यालय के विद्यार्थियों ने ही आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर एन मल्लिक, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार एवं हेड मास्टर गोपालचंद मुंशी मौजूद थे। समारोह की शुरूआत में स्वागत गीत और गुरु वंदना नृत्य ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का मन हर्षोल्लास से भर दिया। इसके बाद काउंसिल मेंबर्स ने ऑडिटोरियम हॉल में उपस्थित सभी शिक्षकों का खास अंदाज में स्वागत किया और एक स्वरचित कविता सुनाई। इसके बाद कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने एक स्किट प्रस्तुत किया, जिसमें विद्यालय के कक्षा की झलक दिखाई गई। कार्यक्रम में आगे विद्यार्थियों ने कविता पाठ किया और सभी शिक्षकों को उनके योगदान और सपोर्ट के लिए धन्यवाद किया। इस कड़ी में आगे कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने भी एक सुंदर और प्रेरणात्मक स्किट प्रस्तुत किया।

# जैन धर्म का महापर्व अनंत चतुर्दशी धूमधाम से मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

झुमरीतिलैया : शनिवार को जैन धर्म का सर्वोच्च पर्व दसलक्षण पर्यूषण का अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी का पर्व शोभा यात्रा के साथ बैंड बाजा, डांडिया नृत्य और भगवान के जयकारे के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया आज प्रातः श्रद्धालु भक्त जनों ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म व्रत की पूजा के साथ जैन तीर्थंकर भगवान बासु पूज्य का मोक्ष कल्याणक बड़े ही धूमधाम के साथ निर्वाण लाडू चढ़ा कर मनाया शोभायात्रा बड़ा मंदिर डॉक्टर गली से नगर भ्रमण करते हुए पानी टंकी रोड जैन मंदिर तक निकाली गई वासुपूज्य भगवान को पालकी में बैठा कर भक्तजनों ने नगर भ्रमण कराया, महिलाएं पुरुष बच्चे सभी केसरिया और श्वेत वस्त्र में पैदल चल रहे थे जैन समाज के भजन सम्राट सुबोध गंगवाल एवं संजय लद्दू छाबड़ा, मुकेश अजमेरा,अनिल पांड्या ने अपने करण प्रिय भजनों से लोगों को आनंदित कर दिया भगवान महावीर और पार्श्वनाथ के जयकारे से पूरा शहर गुंजायमान हो गया, रास्ते में जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए लोगों ने रास्ते में भगवान की आरती की, नया मंदिर पानी टंकी रोड में शोभा यात्रा समाप्त हुई आज प्रातः भक्तजनों ने पंडित अभिषेक शास्त्री एवं डॉ निर्मला दीदी के सानिध्य में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म मनाया अनंत चतुर्दशी की पूजा ,भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक बड़े ही धूमधाम से मनाया गया अर्हम योग विशेषज्ञ निर्मला दीदी ने भक्तजनों को कहा कि आत्मा में लीन हो जाना ही ब्रह्मचर्य धर्म है ,जब मनुष्य अपने आप में लीन हो जाता है जहां पर किसी प्रकार की विकृति नहीं होती है साधना की परम अनुभूति का अनुभव होता है वही ब्रह्मचर्य है, जैन दर्शन में ब्रह्मचर्य का श्रेष्ठ स्थान है इसके बिना सिद्धि प्राप्त नहीं हो सकते हैं, जहां ब्रह्मचर्य है वही समस्त सिद्धियों का आधार स्थल है वही ईश्वर है जो जीवन दूर से ही स्वर्णिम चमकता दिखाई देता है वही जीवन श्रेष्ठ है बिना ब्रह्मचर्य के भगवान नहीं बना जा सकता है, ब्रह्मचर्य धर्म वासना से नहीं साधना से सिद्ध होती है,भारत देश वासना से नहीं साधना के कारण विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। यहां पर तीर्थंकर ऋषि मुनि ने जन्म लिया है अध्यात्म संस्कृति ही हमारी संस्कृति हैं। 10 लक्षण व्रत धारण करने पर समाज के मंत्री नरेंद्र झाझंरी उपमंत्री राज छाबड़ा कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला भंडारी सुनील सेठी पूर्व अध्यक्ष ललित शेट्टी जयकुमार गंगवाल सुरेश झाझंरी सुशील छाबड़ा पदम सेठी कमल सेठी सुरेश शेट्टी किशोर जैन पांडया, पार्षद पिंकी जैन महिला समाज, जैन युवक समिति सम्मेद शिखर महा वंदना ग्रुप , समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन राजकुमार अजमेरा ने सभी 10 उपवास रखने वाले वृत्तियों एवं रत्नत्रय व्रत धारी के तप की अनुमोदना की सभी का स्वागत बड़ा मंदिर जी के नवनिर्मित मंदिर परिसर में रविवार को प्रातः किया जाएगा आज प्रातः बड़ा मंदिर स्टेशन रोड में मूल नायक भगवान पारसनाथ की विश्व शांति धारा करने का सौभाग्य सुनील ममता शानू नैनी क्रदिय सेठी परिवार को मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड सवर्ण आयोग का गठन करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया



कोडरमा : झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने आज रांची में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर उपस्थित होकर झारखंड कांग्रेस के लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को मांग पत्र सौंपकर झारखंड सरकार द्वारा राज्य सवर्ण आयोग के गठन किए जाने का मांग किया है। बिहार सरकार के तर्ज पर झारखंड में भी राज्य सवर्ण आयोग के गठन किए जाने का मांगपत्र सहाय ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद जी को भी समर्पित किया है। जबकि उसकी एक प्रतिलिपि झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आमंत्रित सदस्य के.राजू को भी प्रेषित किया है। श्री सहाय ने बताया कि झारखंड में महागठबंधन की हेमंत सोरेन सरकार सभी जाति वर्ग एवं समुदाय के सर्वांगीण विकास एवं सुरक्षा हेतु कार्य कर रही है। झारखंड राज्य में सवर्ण जाति जिसमें ब्राह्मण, राजपूत ,भूमिहार एवं कायस्थ सहित अन्य अगडी उपजातियां बहुतायत में है और उनमें भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की अधिकता है इन्हें भी राज्य की जनकल्याणकारी महागठबंधन सरकार द्वारा विशेष सहायता प्राप्त होनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी के माध्यम से हेमंत सोरेन सरकार राज्य सवर्ण आयोग का गठन करती है तो प्रदेश के समग्र विकास में यह मिल का पत्थर साबित होगा।

### जिले के लगभग 100 उत्कृष्ट शिक्षक / शिक्षिकाएं होंगे सम्मानित



कोडरमा : आज रविवार सुबह 10 बजे से सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के समूह कोडरमा सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के बैनर तले सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के सर्वश्रेष्ठ चार शिक्षक / शिक्षिकाएं व प्राचार्य मुख्य अतिथि माननीया विधायिका डॉ नीरा यादव व कई अन्य गणमान्य अतिथियों के हाथों सम्मानित होंगे। इस कार्यक्रम को गोल इंस्टिट्यूट व कैपिटल यूनिवर्सिटी के द्वारा सपोर्ट किया जा रहा हैं। विगत वर्ष भी इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया था। पुनः इस वर्ष और भब्य तरीके से कार्यक्रम को आयोजित की जा रही हैं। ऐसे कार्यक्रम से उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को शिक्षण कार्यों मे एक नई ऊर्जा व प्रेरणा मिलता हैं। इस कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे गोल इंस्टिट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर, कैपिटल यूनिवर्सिटी के चांसलर सहित जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी व सिविल सोसाइटी के प्रमुख लोग शामिल होंगे। यह जानकारी सहोदया कॉम्प्लेक्स के मीडिया प्रभारी सह विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के निदेशक अनिल कुमार ने दिए।

### जैन समाज की अनंत चतुर्दशी पर शोभायात्रा का हुआ आयोजन



कोडरमा : जिला मारवाड़ी सम्मेलन संस्था संस्था ने आज जैन धर्म की शोभायात्रा का किया शोभायात्रा में पालकी में विराजमान भगवान की आरती की जैन समाज के द्वारा 10 लक्षण पर्युषण महापर्व अनंत चतुर्दशी पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा का कोडरमा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राम रतन महर्षि सचिव संदीप केडिया एवं सदस्यों ने दुपट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया संस्था के द्वारा श्रद्धालु भक्त जनों के लिए पेयजल का काउंटर लगाया गया मारवाड़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कैलाश चौधरी महेश दारूका आयुष पोद्दार रमेश कंदोई रामावतार लाल अग्रवाल ने जैन समाज के अध्यक्ष मंत्री पदाधिकारी का अंग वस्त्र देकर अभिनंदन किया मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राम रतन महर्षि ने शोभा यात्रा में श्रद्धालु भक्तजनों का स्वागत करते हुए कहा कि 10 दिनों से तप त्याग तपस्या का जैन धर्म का महापर्व जिले में सुख शांति एवं आपसी भाईचारा का संदेश देता है विधान पूजा यज्ञ से धर्म की वृद्धि होती है पाप कटता है और पुण्य बढ़ता है जैन समाज के उप मंत्री राज छाबड़ा कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला पूर्व अध्यक्ष जयकुमार गंगवाल ललित सेठी ने मारवाड़ी समाज के प्रति आभार प्रकट किया जैन समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन एवं राजकुमार अजमेरा ने यह जानकारी दी।

### नवनिर्मित श्रम न्यायालय भवन का हुआ उद्घाटन



बोकारो : जिले में न्यायिक संरचना को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नवनिर्मित श्रम न्यायालय भवन का उद्घाटन किया गया। नव निर्मित भवन का उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान, न्यायमूर्ति आनंदा सेन, न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा तथा पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह आदि ने किया।

### न्याय सदन सभागार में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



बोकारो : डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, बोकारो एवं रेडक्रॉस सोसायटी, बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में न्याय सदन बोकारो सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शिविर का शुभारंभ शिविर का शुभारंभ झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान, न्यायमूर्ति आनंदा सेन, न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा तथा पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायमूर्ति आदि ने किया रक्तदान कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान एवं न्यायमूर्ति, झारखंड उच्च न्यायालय आनंदा सेन ने स्वयं रक्तदान कर समाज को प्रेरणादायी संदेश दिया।

## एक नजर

### ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

चतरा : झारखंड के चतरा जिले की पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई है। गुप्त सूचना के आधार पर ब्राउन शुगर के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की स्पेशल छापेमारी दल की टीम ने थाना क्षेत्र के रामटुण्डा फुटबॉल मैदान से 253 ग्राम प्रतिबंधित ब्राउन शुगर, नौ लाख नौ हजार 500 रुपए नकद के साथ चार तस्करो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करो में पत्थलगडा निवासी जितेंद्र साहु , गिद्धौर थाना क्षेत्र के बहादुर दांगी, प्रेमनाथ दांगी और अनुज दांगी का नाम शामिल है।

# डा. मयंक मुरारी की पुस्तक 'शून्य की झील में प्रेम' का हुआ लोकार्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के विचारक और लेखक मयंक मुरारी का काव्य संग्रह 'शून्य की झील में प्रेम' का लोकार्पण शब्दकार साहित्यिक समूह द्वारा प्रेस क्लब राँची में किया गया । मयंक मुरारी की यह तीसरी काव्य पुस्तक है । इस अवसर पर उन्होंने अपनी रचना के बारे में बताते हुए कहा काव्य मन से परे की अनुभूति है । प्रेम अगर कर्म से जुड़ जाए तो सृजन बन जाता है ।प्रेम अगर भक्ति से जुड़ जाए तो मुक्ति का रास्ता बन जाता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि कुमार वृजेंद्र ने किया।




उन्होंने काव्य संग्रह पर प्रकाश डालते हुए कहा, प्रेम साहित्य का सबसे पुरातन विषय है। नक्सलबाड़ी आन्दोलन के बाद प्रेम पर लिखना अस्पृश्य हो गया था । मयंक मुरारी को इसके लिए बहुत बधाई कि, इन्होंने प्रेम जैसे व्यापक विषय को चुना। इनकी कविताओं में कहीं अध्यात्म है तो कहीं नितांत निजीपन है । मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने कहा, इतिहास व्यक्ति के पद को नहीं, लेखन को याद रखता है । आने वाली पीढ़ी प्रेम पत्र के बारे में जान ही नहीं पाएगी । ऐसे समय में प्रेम कविताओं पर पुस्तक आना बहुत ही सुखद है । प्रमोद कुमार झा ने कहा कि, दुनिया-भर में जितनी भी रचनाएँ लिखी गई हैं, उसमें प्रेम के बारे में ही सर्वाधिक लिखी गई । शब्दकार की अध्यक्ष रश्मि शर्मा ने काव्य संग्रह के बारे में बात करते हुए कहा, ऐसे समय में जब हमारे चारों ओर प्रेम नहीं घृणा है, इस तरह की प्रेम कविताएँ लिखना बहुत आवश्यक है। शून्य की झील में प्रेम को पढ़ते हुए हम अपने प्रेम को याद कर सकते हैं और ईश्वर को भी । लेखिका अनामिका प्रिया ने कहा मयंक मुरारी की कविताएँ, प्रकृति के साथ होते हुए संवेदना के नए द्वार खोलती है। अकथ का स्वीकार और अकथ को कहे जाने की चुनौती इस संग्रह की कविताओं में दिखाई देती है। समीक्षक उर्वशी ने कहा, यह काव्य संग्रह जीवन प्रेम और अध्यात्म की त्रिवेणी है। इस संग्रह की कविताओं में व्यक्तिगत अनुभूति की आंतरिक सच्चाई नजर आती है। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सुरिंदर कौर नीलम की सरस्वती वंदना से हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### पर्युषण पर्व का भव्य समापन, शांतिनाथ भगवान की शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का उत्साह



**सरिया :** जैन धर्मावलंबियों ने पर्युषण पर्व को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया। रविवार को इस पर्व का समापन शांतिनाथ भगवान की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। सरिया के स्टेशन रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर से शांतिनाथ भगवान को पालकी में सजाकर गाजे-बाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गों स्टेशन रोड, विवेकानंद मार्ग, राजधनवार रोड और एफसीआई रोड होते हुए शोभायात्रा बड़े मंदिर जी पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। अहिंसा परमो धर्म और जियो और जीने दो' के संदेशों के साथ भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। श्रद्धालु पालकी में सवार भगवान के समक्ष चंवर डुलाते हुए जयकारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा के मंदिर वापस पहुंचने पर भगवान आदिनाथ का अभिषेक, पूजन और आरती की गई। इस अवसर पर सकल जैन समाज सरिया के लोग उपस्थित थे।

### जेएलकेएम का बैठक आयोजित



**पटमदा :** झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के पूर्वी सिंहभूम जिला महासचिव दिनेश महतो द्वारा मॉडल स्कूल निर्माण करीब 10 साल से पूर्ण नहीं होने के खिलाफ जनहित याचिका दायर की है । उसी विषय को लेकर प्रेस वार्ता किया गया। मौके पर उपस्थित जिला प्रवक्ता सुब्रत महतो, जिला प्रवक्ता फनि महतो, जिला संगठन सचिव देवव्रत महतो, जिला उपाध्यक्ष बुद्धेश्वर महतो, बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष सुभाष चंद्र महतो, मृत्युंजय महतो, सैकत महतो, गणेश महतो एवं आदि।

### अनंत चतुर्दशी पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया



**झुमरी तिलैया :** झुमरी तिलैया में स्थित देवी मंडप के प्रांगण में शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। भक्तों ने भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजाझअर्चना कर भगवान की कथा को सुनकर सुख शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने अपने हाथों में 14 गांठों वाला अनंत सूत्र बांधा, ऐसी मान्यता है कि अंनत के सूत्र को हाथ में बांधने से सभी कष्टों और बुरे प्रभावों से भक्तों की रक्षा होती है। वहीं देवी मंडप के प्रांगण में पूजा करा रहे मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य कृष्ण मुरारी पाण्डेय ने कहा कि यह पूजा पूर्ण श्रद्धा और निष्ठा के साथ पूरे विधि-विधान से की जाती है। वहीं अनंत भगवान यानी भगवान विष्णु की आराधना करने से भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है इसके साथ ही भक्तों को सभी कष्टों से मुक्ति भी मिलती है।

### पूर्व पंचायत समिति के पिता का निधन क्षेत्र में शोक की लहर



**सिल्ली :** बडा मुरी पश्चिमी के पूर्व पंचायत समिति राजेश कुम्हार के पिता चंदन कुम्हार उम्र 75 वर्ष शनिवार की सुबह 11.00 बजे हृदय गति रुकने से मौत हो गई मौत की खबर क्षेत्र में फैलते ही शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताते चले कि उनके पिता चंदन कुम्हार की तबीयत अचानक खराब हुई आनन-फानन में सिंगपुर नर्सिंग होम शुक्रवार की रात्रि लाया गया जहां डॉक्टर रमनेश प्रसाद के द्वारा इलाज किया जा रहा था शनिवार की सुबह अचानक तबीयत बिगड़ी और 11:00 बजे उनका नर्सिंग होम में देहांत हो गया उनका अंतिम संस्कार स्वर्ण रेखा नदी तट पर विधि विधान के साथ किया गया। इस अंतिम यात्रा में प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, पूर्व जिप सदस्य सुशील महतो, आजसू के केंद्र कमेटी सदस्य जयपाल सिंह, समाजसेवी हीरालाल साहू, अकलू महतो अजीत कोईरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बुद्धा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर समारोह का हुआ आयोजन



**सिल्ली :** शुक्रवार के दिन शिक्षक दिवस के अवसर पर बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।समारोह का संचालन विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक एवं मुख्य अतिथि डॉक्टर मधुसूदन मिश्रा ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय के निदेशक एवं मुख्य अतिथि ने सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित भी किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षकगण विद्यार्थियों का जीवन सवांरते हैं आगे कहा कि शिक्षक वह है जो कभी हार नहीं मानता एवं हर चुनौती को मौके के रूप में बदलता है जिससे विद्यार्थी ऊंचाइयों को छूते हैं।इस अवसर पर छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया साथ ही दसवीं कक्षा के छात्रों द्वारा गीत,नाटक एवं भाषण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंत में स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया जिसका सभी ने लुफ्त उठाया। इस अवसर पर अंजली कुमारी,नकुल बड़ाईक,गोविंदर सिंह,प्रतिमा देवी,सुषमा सिंह, स्मिता कुमारी, प्रिया दुबे,प्रेमचंद,जितेंद्र महतो, सुमंत कुमार,राहुल भद्रा,लंकेश्वर, विपुल राय,राकेश समेत कई अभिभावक गण उपस्थित थे।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन लोगों की मौत

**चतरा :** झारखंड के चतरा जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 100 पर शनिवार को दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में से दो की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। शवों को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में रखवाया गया है। यह दुर्घटना सिमरिया थाना क्षेत्र के शीला के आगे तलसा स्कूल के समीप हुई। शीला पिकेट प्रभारी राहुल दुबे ने बताया कि दोनों बाइक सवार आपस में टकरा गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को हजारीबाग सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां के डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार एक मृतक वीरेंद्र गंझू उर्फ बिल्ला सिमरिया थाना क्षेत्र के गोवा खुर्द गांव का रहने वाला है, जो बस में कंडक्टर का काम करता था। अन्य दो मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। दोनों मृतकों के शवों को हजारीबाग सदर अस्पताल के शीत गृह में रखा गया है।

भाजपा रांची जिला ग्रामीण ने जीएसटी पर किया प्रेस वार्ता

# जीएसटी बदलाव ऐतिहासिक आम जनता को बड़ी राहत : विनय महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी रांची जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए ऐतिहासिक जीएसटी सुधार का स्वागत करते हुए इसे विकसित भारत का असली नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश को नवरात्र का तोहफा मिला है। विनय महतो धीरज ने कहा कि आवश्यक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर अब पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है जिससे आम जनता, महिला, युवाओं एवं व्यापारियों को सीधा फायदा होगा।जीवन और स्वास्थ बीमा सेवाओं को जीएसटी मुक्त कर दिया गया है जबकि डायबिटीक फूड्स भी अब और सस्ते होंगे। भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष ने कहा कि जीएसटी सुधार से आर्थिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी, निवेश और मांग में वृद्धि होगी तथा देश की अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह सुधार आम जनता की जिंदगी आसान बनाने वाला कदम है क्योंकि दैनिक जीवन की उपयोगी वस्तुओं की दाम घटेंगे। गौरतलब है कि जीएसटी काउंसिल की 56 वीं बैठक में बड़ा निर्णय लिया गया जिसके तहत 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत को समाप्त कर अब दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रखा गया है। दैनिक जीवन में प्रयोग आने वाले वस्तुएं आटा, नमकीन भुजिया, दाल, चावल, दूध, दही पढ़ाई से जुड़ीं वस्तुएं पेंसिल, रबर ,टूथ ब्रश,पेस्ट आदि पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। प्रेसवार्ता के बाद कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया। प्रेसवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नरेश साहू,अनिरुद्ध पांडे, विवेक मिश्रा आदि मौजूद थे।



### बरनवाल वैश्य महासभा महिला समिति के द्वारा प्रदेश मेधावी सम्मान समारोह आज




**कोडरमा :** झारखंड प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा महिला समिति के द्वारा प्रदेश मेधावी सम्मान समारोह किया जा रहा है यह कार्यक्रम का स्थल रामचंद्र मोदी मेमोरियल मैरिज हॉल पलौंजिया प्रखंड बिरनी जिला गिरिडीह में होने जा रही है कल 7 ,9 ,2024 दिन रविवार समय सुबह 11:00 बजे होगी, इस कार्यक्रम का अगुवाई झारखंड प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा महिला समिति के अध्यक्षा योगाचार्य सुषमा सुमन के अगुवाई में होगी, सुषमा सुमन ने बताई की झारखंड प्रदेश में समाज के जो बेटा बेटी लोग उत्कृष्ट कार्य किए हैं चाहे प्रशासनिक क्षेत्र में हो चाहे समाज के बीच में उत्कृष्ट कार्य किए हो और अन्य पढ़ाई में जो अच्छे पोस्ट पर सरकारी सर्विस प्राप्त किए हैं उन सभी लोग को सम्मानित किया जाएगा, समाज के लिए बहुत गर्व की बात है और यह बच्चे लोग समाज को एक सम्मान बढ़ा रहे हैं इसलिए बच्चे लोग को और उत्साह बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है साथ में आने वाले बच्चे लोग को जागृति और ज्यादा होगी सुषमा सुमन ने बताई की समाज के सभी वर्गों लोग को सम्मानित किया जा रहा है, इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश बरनवाल वैश्य महा सभा के अध्यक्ष लखन लाल बरनवाल जी भी उपस्थित रहेंगे और सभी बच्चों लोग को आशीर्वाद भी देंगे और बहनों लोग को जो यह कार्य कर रहे हैं उनकी भी सम्मान बढ़ाएंगे बहुत गर्व की बात है की बहन लोग आगे बढ़कर इस तरह के कार्य कर रहे हैं आने वाला दिन महिलाओं का और सशक्ति करण होगी और महिला लोग का समस्या भी समाधान होगी ,इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजक मोदी समाज सेवा समिति बिरनी प्रखंड के लोग कर रहे हैं और बहुत उत्साह के साथ सेवा दे रहे हैं। जय अहिबरण, स्वर्गीय विश्वनाथ मोदी अमर रहे।

# मोटरसाइकिल चोरी के गिरोह का पुलिस ने किया पदार्फाश, आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** नीमडीह थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर बड़ी सफलता हासिल की है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है वहीं एक विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। दोनों की निशानदेही पर चोरी की कुल छह मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत के अनुसार 13 और 22 अगस्त को रघुनाथपुर बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया के सामने से दो मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। मामले में नीमडीह थाना कांड संख्या 47/2025 और 48/2025 दर्ज किया गया था। जांच के क्रम में पुलिस ने ग्राम फदलोगोड़ा निवासी 19 वर्षीय राकेश कोडेक्या को गिरफ्तार किया और उसके नाबालिग साथी को निरुद्ध किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे सरायकेला-खरसावां और जमशेदपुर क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें 10 से 15 हजार रुपए में बेचते थे। ग्राहकों को झांसा देने के लिए यह कहा जाता था कि कागजात बाद में उपलब्ध कराए जाएंगे। बरामद बाइक में नीमडीह क्षेत्र से चोरी हुई दो और जमशेदपुर से चोरी हुई चार मोटरसाइकिल शामिल हैं। इस सफलता में थाना प्रभारी संतान कुमार तिवारी, कपाली ओपी प्रभारी धीरंजन कुमार, रंजीत कुमार सिंह, पंकज कुमार शुक्ला समेत पुलिस टीम के कई सदस्यों ने भूमिका निभाई।




### रेलवे हाल्ट की मांग को लेकर रेलमंत्री और अधिकारियों से मिल रही रही आश्वासन

**कोडरमा :** बाजार, मुख्यालय जयनगर चौक निकट रेलवे हाल्ट हेतु वर्ष 2016 से सभी वरीय पदाधिकारियों एवं रेलमंत्री सुरेश प्रभु से मांग किए जाने पर उनके द्वारा आश्वासन दिया गया, इसी बीच यह विभाग बदलते हुए अश्विनी वैष्णव को मिला। सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत हाल्ट हेतु लगातार आवाज उठाते रहे एवं रेलवे के सभी वरीय पदाधिकारियों को सूचना देकर 26 नवंबर 2018 को रेल लाइन जाम किया और पैसेंजर ट्रेन को 10 मिनट रोके रखा जिसपर डीआरएम के प्रतिनिधि द्वारा हाल्ट का आश्वासन दिया गया। लगातार आवाज उठाने एवं 2 जनवरी 2023 से अन्नपूर्णा जी के समक्ष लगातार छः बार आवाज उठाने पर सिर्फ झूठा आश्वासन ही मिलता रहा। मुख्यालय निकट हाल्ट की मांग का मुख्य कारण यहां से तीन किमी की दूरी जिसका पहुंच पथ नहीं एवं अश्मशान घाट एवं खेत होकर जाने का रास्ता जो अंधेरे में डूबा रहता है एवं आना जाना जोखिम भरा है।

# उषा मार्टिन की पहल : 60 महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर, उद्यमिता विकास की ओर कदम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** नामकोम टाटीसिलवे की महिलओं का मेहनत, समर्पण और हुनर ने यह साबित कर दिया कि सही प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर महिलाएं किसी भी चुनौती को पार कर सकती हैं। आज उषा मार्टिन फॉउंडेशन के प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर 60 से अधिक महिलाएं न केवल अपने हुनर को बढ़ा रही है, बल्कि वे उद्यमिता विकास की ओर भी अग्रसर है। युवा जागृति संघ के सहयोग से इन महिलाओं के लिए सोहराई पेंटिंग, जूट की सामग्री निर्माण, बांस के उत्पाद एवं कागज का ठोंगा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। 17 महिलाएं जूट बैग, 10 पेपर बैग, 15 बांस के उत्पाद और 15 सोहराई पेंटिंग सीख चुकी है।




अब इनको उद्यमिता का हुनर सीखाया जा रहा है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं ने अपने हुनर और मेहनत से जूट बैग्स एवं अन्य उत्पाद तैयार किए हैं, जिनमें पारंपरिक सोहराय पेंटिंग और विभिन्न स्व-निर्मित डिजाइन उकेरे गए हैं। फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि ये बैग न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं बल्कि स्थानीय कला और संस्कृति की पहचान भी दशार्ते हैं। ये महिलाएँ अपने हाथों से बने जूट उत्पादों के माध्यम से बाजार तक पहुँच बना रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं के लिए तीन जगहों टाटीसिलवे, हरातु और लुपुंग में एवं अलग-अलग समय पर बैच बनाकर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित महिलाओं ने जूट फाइल बैग के अपने पहले ऑर्डर को सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह ऑर्डर मारुति मंगल परिवार को डिलीवर किया गया। युवा जागृति संघ के प्रमुख सुनील कुमार ने बताया कि जूट से 13 तरह का आइटम बनाया गया है। इनमें बैग, पर्श, थैला, फाइल, वॉल हेंगिंग, पेसिंग पाउच, मोबाइल बैग आदि शामिल है। इन महिलाओं को मार्केट की बारीकियों को समझाने के लिए शहरों के दुकानों का भ्रमण कराया जा रहा है। इन सभी का हुनरकार्ड भी बनवाया गया है। इस कार्यक्रम में युवा जागृति संघ अर्चना, विकास, अनुपम तथा फॉउंडेशन से वरुण कुमार एवं संगीता कुमार समन्वय कर रहे हैं।

### महिला समूहों ने 50 हजार की सामग्री बेची

**रांची :** प्रशिक्षित महिला समूहों ने टेजनिंग के बाद 50 हजार से अधिक की सामग्री बेच चुकी है। सोहराई पेंटिंग अभी तक 20 हजार, ठोंगा 15 हजार, जूट बैग 13 हजार और बांस की सामग्री पांच हजार का बेचा जा चुका है। यह जानकारी फॉउंडेशन के लाइवलीहुड कोऑडिनेटर संगीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अगले चरण में टेलरिंग, मशरूम और प्लमबरिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**
(जिला पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)
दूरभाष : .............................
Email ID : ramgarh-sports@jharkhandmail.gov.in
dsoramgarh48@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**
**निविदा सूचना सं0–01/जि0क्री0**

1. जिला पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा, रामगढ़ में कार्यालय उपयोग के लिए बाह्य स्त्रोंत से किराये पर वाहन रखने के लिए झारखण्ड राज्य अन्तर्गत आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबन्द अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15/09/2025 को पूर्वा0 11:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, समाहरणालय, भवन **A- Block,** द्वितीय तल कमरा सं0– **303** छत्तरमाण्डु, रामगढ़ में प्राप्त की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में प्राप्त नहीं की जायेगी। प्राप्त सभी निविदिाओं को दिनांक 15/09/2025 को अपराह्न 03:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।
2. इच्छुक निविदादाता को अलग–अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय निविदा ससमय समर्पित करना होगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकी निविदा क्रय समिति द्वारा स्वीकृत किया जायगा, उन्ही निविदाताओं के वित्तीय निविदा विचारणीय होंगे। निविदा में निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि ही भाग ले सकते हैं।
3. निविदा संबंधी शर्त एवं वित्तीय निविदा का प्रारूप कार्यालय के सूचनापट्ट एवं रामगढ़ जिले के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
4. उपर्युक्त पर सक्षम स्तर का आदेश प्राप्त है।

ह0/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 361207 District(25-26)D

# अंकल जज सिंड्रोम में फंसी न्यायपालिका

ऐसी चर्चा है कि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने बांबे हाईकोर्ट के लिए पिछले सप्ताह 14 वकीलों के नाम को हरी झंडी दी है, इसमें मौजूदा मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के भतीजे राज दामोदर वाकोडे भी शामिल हैं। यही नहीं रंजीत सिंह भौंसले और मेहरोज अशरफ खान पठान भी जज के रुप में नियुक्ति की सिफारिश पाने वाले वकीलों में शामिल हैं। भौंसले के पिता बैरिस्टर राजा भौंसले महाराष्ट्र में एडवोकेट जनरल और बॉम्बे हाईकोर्ट में जज रह चुके हैं। खास बात यह है कि मौजूदा मुख्य न्यायाधीश इन्हीं राजा भौंसले के साथ जूनियर के रूप में काम कर चुके हैं। अशरफ पठान मुंबई में मुख्य न्यायाधीश श्री गवई के जूनियर के रूप में नामंकित रहे हैं। इन सिफारिश का विस्तृत ब्यौरा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। सवाल मुख्य न्यायाधीश के रिश्तेदार और जूनियर, सीनियर का नहीं है बल्कि भारतीय न्यायपालिका के शीर्ष पर नैतिकता से जुड़ा है।जस्टिस गवई अकेले जज नहीं हैं, जिनके सगे-सबन्धियों को हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति मिल रही हो। स्वाधीनता के बाद से ही हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्तियों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। संविधान से इतर मौजूदा कोलेजियम व्यवस्था की तो सर्वाधिक तीखी आलोचना भी होती है। मौजूदा सरकार ने जज चयन के लिए नया कानून भी बनाया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे नहीं माना। कोलेजियम का एक दूसरा निर्णय भी इन दिनों चर्चा में हैं। पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपुल एम पंचोली को सुप्रीम कोर्ट के लिए पदोन्नति दी गई है। कोलेजियम समिति में सदस्य जस्टिस बीवी नागरत्ना इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने जस्टिस पंचोली की वरिष्ठता पर सवाल उठाए हैं।जस्टिस नागरत्ना के अनुसार जस्टिस पांचोली देश के अलग-अलग हाईकोर्ट की समेकित वरिष्ठता सूची में 57 वे नंबर पर हैं, उनसे वरिष्ठ जज सुप्रीम कोर्ट की पदोन्नति के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा जस्टिस नागरत्ना गुजरात मूल का मुद्दा भी उठा रही हैं, उनकी आपत्ति है कि विपुल पांचोली के सुप्रीम कोर्ट आने से गुजरात के तीन जज हो जायेंगे। जस्टिस नागरत्ना ने अपने असहमति पत्र में लिखा है कि जस्टिस पांचोली की पदोन्नति प्रशासन के प्रतिकूल है बल्कि कॉलेजियम प्रणाली की विश्वसनीयता को भी खतरे में डालेगी। कोलेजियम ने 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के लिए जस्टिस आलोक आराधे और विपुल पांचोली को सुप्रीम कोर्ट के लिए पदोन्नत किया है। इस निर्णय को करने वाली समिति में बीवी नागरत्ना के अलावा मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, जस्टिस सूर्यकान्त, जस्टिस विक्रम नाथ एवं जस्टिस जेके माहेश्वरी शामिल रहे हैं। जाहिर है आलोचनाओं के इस प्रहसन ने कोलेजियम के अंतर्विरोध और आपसी मतभेदों को भी उजागर कर दिया है। जस्टिस नागरत्ना जिस मुद्दे को उठा रही हैं, वह तकनीकी और नैतिक रूप से उचित नहीं है क्योंकि 17 अगस्त 2021 को कोलेजियम ने जिन 09 हाईकोर्ट जजों को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति दी थी उनमें स्वयं नागरत्ना भी हैं। जस्टिस नागरत्ना उस समय किसी भी हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश नहीं थीं और उन्हें यह सोचकर सुप्रीम कोर्ट लाया गया था कि वे देश की पहली मुख्य न्यायाधीश बनेंगी। जस्टिस नागरत्ना के पिता ईएस वेंकटरमैया भी सुप्रीम कोर्ट के जज रह चुके हैं। गुजरात को लेकर उनकी यह आपत्ति भी ठीक नहीं है क्योंकि मप्र के भी वर्तमान में तीन जज सुप्रीम कोर्ट में कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट वरिष्ठता के हिसाब से जस्टिस नागरत्ना 2027 में कुछ दिन के लिए मुख्य न्यायाधीश बनेगी ही। अगर विपुल पांचोली पदोन्नति पाते हैं तो वे भी देश के 60वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। मुख्य न्यायाधीश गवई के 45 वर्षीय भतीजे राज वाकोडे का भी मुख्य न्यायधीश बनना तय है। इसके साथ ही जस्टिस गवई भी उन 17 न्यायिक खानदानों में शामिल हो जायेंगे जिनके दो सदस्य सुप्रीम कोर्ट में पदस्थ रहे हैं। सच्चाई यह है कि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम नैतिक और तकनीकी रूप से भयंकर अंतर्द्वंद का शिकार भी है। बॉम्बे हाईकोर्ट के लिए नामांकित 14 वकीलों का मामला हो या जस्टिस विपुल पांचोली की पदोन्नति दोनों ही मामलों में कोलेजियम की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल तो खड़े हो ही रहे हैं। जस्टिस पांचोली विवाद से ऐसा भी लगता है कि जजों में तीखे मतभेद भी हैं, जिसके चलते न्यायिक प्रशासन में उपयुक्त चयन प्रभावित हो रहे हैं। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और अवसर की समानता अभी भी न्यायपालिका की चौखट पर दम तोड़ रही है।

## सूडोकु नवताल- 7545

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7544 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# स्वास्थ्य सुधारों की नई इबारत है शिशु मृत्यु दर में ऐतिहासिक गिरावट

डॉ. निवेदिता शर्मा



भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में स्वास्थ्य सेवाएँ हमेशा से एक जटिल चुनौती रही हैं। सीमित संसाधन, बड़ी जनसंख्या, ग्रामीण-शहरी असमानता और स्वास्थ्य ढाँचे की कमजोर स्थिति ने लंबे समय तक इस क्षेत्र को अपेक्षित ऊँचाई तक पहुँचने से रोके रखा। इसके बावजूद हाल के वर्षों में शिशु मृत्यु दर में लगातार गिरावट दर्ज होना उत्साहजनक संकेत है। भारत के महापंजीयक द्वारा जारी आँकड़े बताते हैं कि आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में देश ने उल्लेखनीय कदम बढ़ाए हैं।

देखने में यही आ रहा है कि एक दशक पहले जहाँ शिशु मृत्यु दर प्रति हजार जीवित जन्म पर 40 थी, वहीं अब यह घटकर 25 तक पहुँच गई है। यह 37.5 प्रतिशत की गिरावट केवल सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, इससे भी आगे योजनाओं और प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

### मातृ-शिशु स्वास्थ्य की प्राथमिकता

2014 से पहले भी मातृ-शिशु स्वास्थ्य और टीकाकरण से जुड़ी योजनाएँ मौजूद थीं, किंतु उनका लाभ अंतिम छोर तक सीमित रूप से ही पहुँच पाता था। मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद इन योजनाओं को नए दृष्टिकोण के साथ लागू किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय देखभाल की सुविधा दी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने पहली बार गर्भधारण करने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की, जिससे वे गर्भावस्था के दौरान पोषण और स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग हो सकें।

इसी दिशा में जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जैसे प्रयासों ने सुरक्षित प्रसव की दर बढ़ाई और प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को घटाया। नतीजतन, शिशु मृत्यु दर में लगातार कमी दर्ज हुई। आँकड़े बताते हैं कि ग्रामीण इलाकों में यह दर 44 से घटकर 28 और शहरी क्षेत्रों में 27 से घटकर 18 पर आ गई। यह बदलाव संकेत करता है कि स्वास्थ्य सेवाएँ अब गाँव-गाँव तक पहुँचने लगी हैं।

### टीकाकरण अभियान की निर्णायक भूमिका

शिशु मृत्यु दर में गिरावट का सबसे अहम कारण टीकाकरण का व्यापक कवरेज है। 2017 में शुरू हुआ इंटेंसिफाइड मिशन इंद्रधनुष बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पूर्ण टीकाकरण को सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। जहाँ पहले टीकाकरण की दर सीमित थी, वहीं अब यह 90 प्रतिशत से अधिक तक पहुँच चुकी है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने जो 200 करोड़ से अधिक टीके रिकॉर्ड समय में लगाए, भारत के संदर्भ में यह प्रयास स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ ही प्रशासनिक दक्षता का भी उदाहरण है। भारत की यह उपलब्धि वैश्विक स्तर पर सराही गई। यानी हम अब टीकाकरण अभियान की निर्णायक भूमिका में पहुंच चुके हैं, जिसके कि आज सार्थक परिणाम भी दिखाई देते हैं। मोदी सरकार ने 2018 में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर योजना शुरू कर 1.5 लाख से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का लक्ष्य रखा। इन केंद्रों में अब सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ-साथ टेली मेडिसिन, गैर-संक्रामक रोगों की जांच और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। ई-संजीवनी नामक डिजिटल टेलीमेडिसिन सेवा ने गाँव-गाँव तक डॉक्टरों से ऑनलाइन परामर्श की सुविधा पहुँचाई। लाखों लोग इस सेवा से लाभान्वित हुए और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच अधिक समावेशी बनी। यह तकनीकी प्रयोग स्वास्थ्य क्षेत्र में नया अध्याय जोड़ता है। इस प्रयास से भी बच्चों की मृत्यु दर में भारी कमी आ सकी है।

### पोषण और स्वच्छता का योगदान

शिशु मृत्यु दर घटने का एक बड़ा कारण पोषण योजनाओं का विस्तार है। राष्ट्रीय पोषण मिशन या 'पोषण अभियान' ने आंगनवाड़ी केंद्रों को मजबूत किया और बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योजनाएँ लागू कीं। पोषण ट्रैकर ऐप और जन-जागरूकता अभियानों ने पारदर्शिता व दक्षता को बढ़ाया। इसके साथ ही स्वच्छ भारत अभियान ने अप्रत्यक्ष रूप से स्वास्थ्य सुधार में अहम योगदान दिया। खुले में शौच से मुक्ति और स्वच्छता की आदतों ने संक्रामक रोगों की रोकथाम में भूमिका निभाई। यही कारण है कि शिशु और मातृ स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार देखने को मिला।

### स्वास्थ्य पर निवेश और ढाँचागत सुधार

स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकारी निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2014 में स्वास्थ्य पर खर्च जीडीपी का लगभग 1.2 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 2 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। हालाँकि यह वैश्विक औसत से अब थोड़ा कम है, किंतु सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे बच्चों के स्वास्थ्य हित में भारी इजाफा संभव हो सका है। वहीं, उल्लेखित रूप से नई मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, एम्स जैसे संस्थानों का विस्तार, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती तथा डिजिटल हेल्थ मिशन की शुरूआत इस निवेश की मूर्त उपलब्धियाँ हैं। इनसे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

ऐसे में यदि वर्तमान गति और प्रतिबद्धता बनी रही तो 2030 तक भारत न केवल सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करेगा बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य नेतृत्व का भी उदाहरण बनेगा। समग्र रूप से देखें तो शिशु मृत्यु दर का 25 तक पहुँचना भारत की स्वास्थ्य यात्रा में ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह उपलब्धि केवल सरकारी नीतियों का परिणाम नहीं बल्कि समाज की जागरूकता और भागीदारी की भी गवाही देती है। केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए सुधारों ने इस विश्वास को मजबूत किया है कि यदि योजनाओं का सही दिशा में और प्रभावी क्रियान्वयन हो तो बड़े से बड़े लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। आज जो दिखाई दे रहा है, वह यह है कि भारत अब ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहाँ स्वास्थ्य सेवाएँ केवल इलाज तक सीमित नहीं बल्कि गरिमामय जीवन और सामाजिक समानता से जुड़ी हुई हैं। यही इस यात्रा का सबसे बड़ा संदेश है। भविष्य की दृष्टि से भारत का लक्ष्य स्पष्ट है। कुपोषण में उल्लेखनीय कमी, मातृ मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर तक लाना और शिशु मृत्यु दर को 12 से नीचे लाना प्रमुख उद्देश्य हैं। वास्तव में बच्चों के हित ये कदम आज के भारत की बहुत बड़ी सफलता है।

**(लेखिका मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य हैं)**

# रील्स की दुनिया और गुम होते सामाजिक आदर्श

डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत की सामाजिक चेतना कभी गांधी, नेहरू, भगत सिंह, अंबेडकर और सुभाष जैसे महापुरुषों की कहानियों से गढ़ी जाती थी। आज वही जगह सोशल मीडिया के 'वायरल सितारों' ने ले ली है। लाखों फॉलोअर्स और लाइक्स वाले ब्लॉगर और रील-निर्माता युवाओं के नए रोल मॉडल बन बैठे हैं। मनोरंजन के नाम पर यह संस्कृति असली आदर्शों को धुंधला कर रही है। सवाल यही है कि क्या हमारी अगली पीढ़ी त्याग और संघर्ष की विरासत को याद रखेगी या सिर्फ. ट्रेंडिंग वीडियो तक सीमित रह जाएगी? कभी इस देश की आत्मा अपने महापुरुषों के विचारों और संघर्षों में बसती थी। हमारे आदर्श थे महात्मा गांधी, जिन्होंने सत्य और अहिंसा से साम्राज्य को हिला दिया। भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद, जिन्होंने प्राणों की आहुति देकर युवाओं को साहस और बलिदान का संदेश दिया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, जिनकी गूंज आज भी 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा' में सुनाई देती है। डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्होंने आधुनिक भारत के संविधान की नींव रखी। चौधरी छोटूराम, जिन्होंने किसानों और मजदूरों की आवाज बुलंद की और समाज में न्याय की लड़ाई लड़ी। यह वे लोग थे जो संघर्ष, त्याग और विचारशीलता के प्रतीक बने।

गाँव की चौपाल से लेकर शहर की बैठकों तक, हर सभा और हर संस्थान में इन्हीं महापुरुषों की तस्वीरें लगती थीं। बच्चे इन्हीं के किस्से सुनकर बड़े होते थे। समाज में जो भी व्यक्ति आगे बढ़ना चाहता, वह इन आदर्शों से प्रेरणा लेता। त्याग, अनुशासन, साहस और समाजसेवा रोल मॉडल की परिभाषा हुआ करती थी। रोल मॉडल होना मतलब था दूसरों को प्रेरित करना, समाज को दिशा देना और भविष्य की पीढ़ी को ऊँचाइयों तक पहुँचाना। समय बदल गया। तकनीक और सोशल मीडिया ने पूरी तस्वीर उलट दी। अब रोल मॉडल का अर्थ समाज में गहरी छाप छोड़ने वाला महापुरुष नहीं, बल्कि वह व्यक्ति हो गया है जो कैमरे पर सबसे ज्यादा शोर मचाए, जो सबसे अजीब हरकतें करे और जिसकी वीडियो सबसे ज्यादा "वायरल" हो जाए। आज जिनके नाम युवा जुबान पर हैं, वे न तो किसी आंदोलन के नायक हैं और न ही किसी बड़े विचारधारा के संवाहक। वे हैं "गंवार फैमिली ब्लॉग", "टिंकू सूटों आली", "ढिमाकाणा सिंह कूल्हे मटकाण आला" जैसे किरदार, जो केवल हंसी-मजाक, तड़क-भड़क या दिखावे के दम पर मशहूर हो गए।

विडंबना यह है कि लोग इन्हें देखकर अपना समय, ऊर्जा और कभी-कभी अपनी सोच भी खर्च कर देते हैं। गाँव-गाँव और गली-गली में आज बच्चे और युवा इन्हीं यूट्यूब चैनलों, टिकटॉक-स्टाइल रीलों और इंस्टाग्राम लाइव वालों को अपने आदर्श मानने लगे हैं। जहाँ पहले बच्चे कहते थे कि वे बड़े होकर भगत सिंह या अंबेडकर जैसे बनना चाहते हैं, वहीं अब बहुत से बच्चे कहते मिलेंगे कि वे "यूट्यूबर", "ब्लॉगर" या "इंफ्लुएंसर" बनना चाहते हैं।

सोशल मीडिया का यह चलन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है। यह धीरे-धीरे हमारे समाज की सोच और संस्कारों को प्रभावित कर रहा है। जब कोई महिला सिर्फ. ध्यान खींचने के लिए अपने निजी रिश्तों को पब्लिक प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित करती है, जब पति-पत्नी की नोंकझोंक मनोरंजन बन जाती है, जब "लुगाई लुगाई को अपणा खसम बताण लागी" जैसी बातें ट्रेंड करने लगती हैं, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा मनोरंजन और मजाक के नाम पर गंभीर मूल्यों से दूर होता जा रहा है।

यह बदलाव खतरनाक इसलिए है क्योंकि समाज वही बनता है जैसा वह अपने आदर्श चुनता है। अगर रोल मॉडल ऐसे लोग होंगे जो सिर्फ.ताली और व्यूज के लिए अजीबोगरीब हरकतें करते हैं, तो आने वाली पीढ़ी त्याग और संघर्ष की जगह केवल सस्ते लोकप्रियता के रास्ते तलाशेगी। असली मेहनत, पढ़ाई, चिंतन और सामाजिक योगदान हाशिए पर चला जाएगा।

यह कहना भी गलत नहीं होगा कि इस ट्रेंड का एक आर्थिक पहलू भी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने लोकप्रियता को सीधा पैसे से जोड़ दिया है। जिसके वीडियो ज्यादा चलेंगे, वह कमाई भी ज्यादा करेगा। इस कारण लाखों युवा बिना सोचे-समझे इसी राह पर दौड़ पड़े हैं। वे समझते हैं कि समाज की सेवा करने से ज्यादा फायदेमंद है एक मजाकिया वीडियो बनाना। यही कारण है कि महापुरुषों की जीवनी पढ़ने वाले युवाओं की संख्या घटती जा रही है, जबकि "कंटेंट क्रिएटर" बनने वाले युवाओं की भीड़ बढ़ती जा रही है।

लेकिन क्या यह स्थिति स्थायी है? क्या सचमुच समाज आदर्शों से इतनी जल्दी विमुख हो जाएगा? इसका उत्तर इतना सरल नहीं है। इतिहास गवाह है कि हर समाज में एक समय ऐसा आता है जब मूल्य खोखले लगने लगते हैं और दिखावा ज्यादा प्रभावी हो जाता है। अंततः वही समाज आगे बढ़ता है जो अपने सच्चे आदर्शों को याद रखता है। भारत जैसे देश में, जिसकी आत्मा स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक न्याय की लड़ाई से गढ़ी गई है, वहाँ के लोग सदा के लिए महापुरुषों को भूल नहीं सकते। जरूरत है एक संतुलन बनाने की। मनोरंजन और तकनीक जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन इन्हें आदर्श नहीं बनाया जा सकता। रोल मॉडल वही हो सकते हैं जो समाज को आगे ले जाएँ, जो इंसानों में विश्वास और प्रेरणा जगाएँ, जो भविष्य की पीढ़ी को त्याग, साहस और सेवा का रास्ता दिखाएँ। आज भी ऐसे लोग हमारे बीच मौजूद हैं- वैज्ञानिक, शिक्षक, किसान, सैनिक, डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता- जो चुपचाप अपनी मेहनत और ईमानदारी से देश को आगे बढ़ा रहे हैं। समाज को चाहिए कि वह इनकी कहानियों को बच्चों और युवाओं तक पहुँचाए।

मीडिया और शिक्षा जगत की भी जिम्मेदारी है कि वे केवल सस्ते मनोरंजन को मंच न दें, बल्कि असली नायकों की गाथाएँ उजागर करें। स्कूलों और कॉलेजों में महापुरुषों की जीवनी को फिर से पढ़ाया जाए, स्थानीय स्तर पर समाज सेवियों और कर्मठ लोगों को सामने लाया जाए। तभी हम उस खोए हुए संतुलन को वापस पा सकेंगे जहाँ मनोरंजन अपने स्थान पर रहे और आदर्श अपने स्थान पर।

आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं और अपने पूर्वजों की विरासत को याद करते हैं, तो साफ दिखता है कि हमें जिन महापुरुषों ने यह देश और समाज दिया, वे किसी रील, किसी ट्रेंड और किसी तात्कालिक लोकप्रियता का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने कठिन रास्ता चुना, संघर्ष किया और अपने जीवन को समाज और राष्ट्र के नाम कर दिया। उनकी तुलना में आज के "ट्रेंडिंग सितारे" बहुत हल्के और अस्थायी हैं।

समाज को यह समझना होगा कि रोल मॉडल केवल वे नहीं होते जिनके लाखों फॉलोअर्स हों, बल्कि वे होते हैं जो अपने जीवन से, अपने विचारों से और अपने संघर्ष से दूसरों को सही दिशा दिखाते हैं। अगर हम इसे समझ पाएँ, तो शायद फिर से हमारी अगली पीढ़ी भगत सिंह, अंबेडकर और छोटूराम जैसे आदर्शों को अपना मार्गदर्शक बनाएगी, न कि ₹कूल्हे मटकाण₹ वाले किसी ब्लॉगर को।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जनजाति हिंदू नहीं का शोर अब थमना चाहिए!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत की आत्मा उसकी विविधता में बसती है। यहाँ नदियों से लेकर पर्वत तक, पेड़ों से लेकर पत्थरों तक और देवालयों से लेकर घर-घर तक पूजा की परंपरा है। इस विविधता में जनजातीय समाज की आस्था और उनकी धार्मिक मान्यताएँ भी सम्मिलित हैं। समय-समय पर यह शोर उठता रहा है कि जनजाति हिंदू नहीं हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान ने इसी बहस को फिर से हवा दी है। उन्होंने कहा कि वे गर्व से स्वयं को जनजातीय मानते हैं, हिंदू नहीं। लेकिन यह प्रश्न उठता है कि क्या सचमुच जनजातीय समाज हिंदू धर्म का अंग नहीं है? क्या उनकी पूजा-पद्धति, देवताओं की मान्यता और जीवन की संस्कार-परंपरा हिंदू धर्म से पृथक है? यदि गहराई से देखा जाए तो इसके उत्तर स्पष्ट रूप से यह दशार्ते हैं कि जनजातीय समाज हिंदू जीवनधारा का अभिन्न हिस्सा है और "जनजाति हिंदू नहीं" का यह शोर निराधार है, जिसे अब थम जाना चाहिए।

भारतीय जनजातीय समाज का धार्मिक जीवन प्रकृति-पूजा पर आधारित है। वे पर्वत, नदी, पेड़-पौधे, सूर्य, चंद्रमा, अग्नि और धरती की पूजा करते हैं। किंतु यदि हम हिंदू धर्म की मूल धारा पर दृष्टि डालें तो वही परंपरा वहाँ भी विद्यमान है। वेदों में "आदित्य", "वरुण", "अग्नि", "वायु" और "पृथ्वी" के मंत्र पाए जाते हैं। ऋग्वेद के अनगिनत सूक्त प्रकृति-पूजा के ही उदाहरण हैं। तो क्या प्रकृति-पूजा हिंदू परंपरा से बाहर है? इसका यही उत्तर होगा कि बिल्कुल नहीं। जनजातीय लोग "बड़ा देव" को मानते हैं, जो उनकी सर्वोच्च सत्ता है। यही अवधारणा हिंदू धर्म में "महादेव" के रूप में दिखाई देती है। दोनों में न केवल ध्वन्यात्मक साम्यता है बल्कि भावगत एकरूपता भी है। वस्तुतः आज जो हिन्दू-जनजाति विवाद पैदा कर रहे हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि यदि जनजातीय समाज हिंदू न होते तब वे इस तरह से देवत्व की उपासना, आहुति और यज्ञ-परंपरा को जीवित न रखते।

एतिहासिक साक्ष्य भी इस दृष्टि से देखे जा सकते हैं, भारतीय जीवन दर्शन में रामकथा और महाभारत जैसी राष्ट्रीय महागाथाओं में जनजातीय समाज का स्थान हमेशा से रहा है। शबरी, जिन्होंने अपने जूठे बेर राम को अर्पित किए, वे जनजातीय समाज से थीं। गोंड, भील, कोल, मुंडा जैसे समुदायों का उल्लेख प्राचीन साहित्य में मिलता है। ये सब उस समय भी सनातन धर्म की परंपराओं के सहगामी रहे। यदि ये समाज हिंदू नहीं होते तो राम जैसे अवतार उनके जीवन और लोककथाओं में क्यों उपस्थित होते? क्यों हनुमान जैसे देवता, जिनकी आराधना सबसे अधिक वनवासी और जनजातीय क्षेत्रों में होती है, इनकी आस्था के केंद्र होते? अतः भारतीय जीवन दर्शन में हिन्दू ही जनजाति समाज है।

इस तथ्य को भी कोई नजरअंदाज नहीं करे, जनजातीय जीवन में अग्नि का विशेष महत्व है। मृत्यु के बाद अग्नि संस्कार की परंपरा कई समुदायों में है। यदि वे हिंदू नहीं होते तो यह वैदिक संस्कार कैसे बचा रह पाता? भारत की अन्य कई परंपराओं में मृत्यु के बाद दफनाने की प्रथा प्रचलित रही है, लेकिन जनजातीय समाज ने वैदिक पद्धति के अनुरूप चिता संस्कार को अपनाए रखा। यह एक प्रत्यक्ष प्रमाण है कि वे सनातन जीवनधारा के ही अंग हैं।


आज जो लोग कहते हैं कि जनजातीय समाज हिंदू नहीं है, वे शायद इस सच्चाई को अनदेखा कर रहे हैं कि हिंदू धर्म कोई संकुचित धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की वह शैली है जिसमें अनगिनत विविधताएँ समाहित हैं। यह केवल मंदिरों और मूर्तियों तक सीमित नहीं है। यह उन वनों, नदियों और पर्वतों तक फैला है जहाँ जनजातीय समाज बसता है। हिंदू धर्म का अर्थ ही है, उस जीवनधारा से जुड़ना, जो इस भूखंड पर सदियों से बह रही है। इसलिए जनजातीय समाज को हिंदू धर्म से अलग दिखाने की कोशिश न तो ऐतिहासिक दृष्टि से उचित है, न सांस्कृतिक दृष्टि से और न ही ज्ञान के नजरिए से।

यह भी सच है कि बीते कुछ दशकों से मिशनरी गतिविधियों के माध्यम से जनजातीय समाज को धर्मांतरण की ओर धकेला गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सहायता के नाम पर उनका ब्रेनवॉश किया गया। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में अनेक गाँवों में धर्मांतरण की घटनाएँ सामने आई हैं। कहीं पैसों का लालच दिया गया, कहीं अस्पताल और स्कूल के बहाने उनका विश्वास जीता गया। यह सब उसी नीति का हिस्सा है, जो जनजातीय समाज को उनकी जड़ों से काटकर पश्चिमी धर्मों से जोड़ना चाहती है। किंतु यह प्रक्रिया तभी सफल होती है जब पहले यह प्रचार किया जाता है कि ₹आप हिंदू नहीं हैं।₹ इसलिए यह नारा केवल एक धार्मिक विमर्श नहीं, बल्कि राजनीतिक-सामाजिक षड्यंत्र का हिस्सा है।

राजनीति भी इस बहस में सक्रिय रूप से जुड़ गई है। उमंग सिंघार जैसे नेता जब कहते हैं कि "हम जनजातीय हैं, हिंदू नहीं," तो वे केवल अपनी पहचान की बात नहीं कर रहे, बल्कि एक बड़े राजनीतिक एजेंडे को साध रहे हैं। कांग्रेस हो या कोई भी दल, जब वे हिंदू पहचान से दूरी बनाने की कोशिश करते हैं, तो उसका सीधा प्रभाव सामाजिक ध्रुवीकरण के रूप में सामने आता है। कांग्रेस हिंदुत्व विरोधी है, इस तरह के बयान ये साफ बता देते हैं! वस्तुतः जो यह कृत्य कर रहे हैं, वे यह जानें कि इस तरह से वह अपने समाज और देश के साथ ही अन-?याय कर रहे हैं। जनजातीय समाज न केवल भारत की सांस्कृतिक विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि वह हमारी स्वतंत्रता संग्राम की ध्वजवाहक धारा भी है। बिरसा मुंडा, तांत्या भील, रानी दुर्गावती, सिद्धू-कान्हू जैसे अनेकों आदिवासी नेताओं ने अपनी मातृभूमि के लिए बलिदान दिया।

## दैनिक पंचांग

**7 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**रविवार** 2025 वर्ष का 250 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पूर्णिमा 23.39 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 21.42 बजे को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 09.23 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 12.44 बजे तदनन्तर बव 23.39 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 14.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 03'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872460
**जूलियन दिन** 2460925.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उलावल **तारीख** 14
**विशेष** चंद्र ग्रहण, पूर्णिमा उपवास, पूर्णिमा श्राद्ध।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.29 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | तुला | 08.40 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.55 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.11 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 15.16 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.02 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 18.35 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 20.06 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 21.46 बजे से |
| | | मिथुन | 23.44 बजे से |
| | | कर्क | 01.57 बजे से |
| | | सिंह | 04.14 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मृतक के परिजनों को प्रशासन ने की आर्थिक मदद

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिम सिंहभूम जिले के चिड़िया प्रखंड अंतर्गत बिनुवा गांव के अंकुआ टोला निवासी मृतक सामु बिरहोर के परिजनों को जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को आर्थिक मदद दी गई। हाल ही में उफनाई नदी में बह जाने से सामु की मौत हो गई थी। अंचल अधिकारी (बीडीओ) शक्ति कुंज के निर्देश पर पंचायत कर्मियों और प्रतिनिधियों ने मृतक सामु बिरहोर के परिजनों को राहत सामग्री के साथ पांच हजार रुपये नकद भी दिया। मौके पर पंचायत सचिव महेंद्र सिंह, संस्था कर्मी अनीश नाग, पंचायत सहायक अलीना डांग सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने किया गुवा शहीद स्थल का निरीक्षण

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त चंदन कुमार ने शनिवार को नोवामुंडी प्रखंड स्थित गुवा शहीद स्थल का निरीक्षण किया। आगामी आठ सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शहीदों को नमन करेंगे। इस दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन, परिसंपत्ति वितरण और नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। उपायुक्त ने आज शहीद स्थल, हेलीपैड, सभास्थल और अन्य प्रमुख स्थानों का भौतिक अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां समय पर और समुचित रूप से पूरी की जाएं। उनकी ओर से विशेष रूप से टेंट की व्यवस्था, आगंतुकों के बैठने की सुविधा, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, प्रकाश और ध्वनि व्यवस्था, पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान उपविकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अपर उपायुक्त प्रवीण केरकेट्टा, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर और जगन्नाथपुर) के अलावा जिला स्तर के अन्य पदाधिकारी और पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

### बस ड्राइवर की संदिग्ध मौत, जांच में जूटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के मानगो बस स्टैंड पर एक बस चालक की संदिग्ध मौत से सनसनी फैल गयी। स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना शुक्रवार रात की है। मृतक बस चालक झींकपानी, चाईबासा निवासी लखन हांसदा (35) की अचानक मौत हो गई। घटना की जानकारी शनिवार सुबह यात्रियों और बस स्टैंड पर मौजूद लोगों को हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने बताया कि लखन हांसदा टाटा से ओडिशा के बीच बस चलाते थे। शुक्रवार रात करीब 10 .30 बजे तक उनकी पत्नी सुकु हांसदा से बातचीत हुई थी, लेकिन इसके बाद उनसे संपर्क नहीं हो पाया। देर रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी और बस में ही उनकी मौत हो गई। सुबह बस एजेंट ने घटना की सूचना परिजनों को दी। स्थानीय लोगों द्वारा लखन हांसदा को एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां के डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### बरकाकाना स्टेशन रोड दुकानदारों को 72 घंटे का नोटिस, विरोध में बंद रही सभी दुकानें

# पहले मार्केट कॉम्प्लेक्स बनाएं, फिर हटाएं दुकानें : सनियारो बारला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरकाकाना** : अमृत भारत योजना के तहत करोड़ों रुपए की लागत से बरकाकाना स्टेशन को विश्व स्तरीय स्टेशन बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जिसे लेकर बरकाकाना के रेल अधिकारियों द्वारा स्टेशन रोड में बने दुकानदारों को पूर्व में भी नोटिस जारी कर दुकान व मकान हटाने का बात कहा गया था। इसके बाद दुकानदारों द्वारा हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी से मिलकर समस्याओं से अवगत कराते हुए दुकानदारों का वैकल्पिक व्यवस्था की जाने की मांग की गई थी। दुकानदारों द्वारा रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज से भी मिलकर दुकानदारों द्वारा दुर्गा पूजा व छत महापर्व तक



तोड़फोड़ पर अंकुश लगाए जाने की मांग की गई। थी। इसके बावजूद रेल अधिकारियों द्वारा दुकानदारों को अपने-अपने दुकान स्वतः हटाए जाने को लेकर 72 घंटे के का नोटिस थमा दिया गया है। नोटिस मिलने के बाद जहां दुकानदारों में दहशत का माहौल है। दुकानदारों को कहीं से राहत नहीं मिलने के बाद बरकाकाना क्षेत्र के सभी दुकानदारों ने एक जुटता का परिचय देते हुए शनिवार को क्षेत्र के सभी दुकानदारों द्वारा छोटे-बड़े सभी दुकानों को स्वत बंद कर अपना विरोध प्रकट किया गया।

**क्या कहते हैं दुकानदार**

स्टेशन रोड में बने दुकानदारों द्वारा बताया गया कि क्षेत्र के सभी दुकानदार रेलवे के विकास कार्यों में बाधक नहीं है। दुकानदारों द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जिले उपायुक्त व रेल अधिकारियों से छठ पूजा तक तोड़फोड़ पर रोक लगाई जाने की मांग की गई थी। जिस मांग को नजर अंदाज कर दिया गया है। स्टेशन रोड पर लगभग 40- 50 वर्षों से क्षेत्र के लोग दुकानदारी करते आ रहे हैं। रेल अधिकारियों द्वारा दुकानदारों के लिए किसी भी तरह का कोई वैकल्पिक व्यवस्था किया ही दुकानों की तोड़फोड़ की प्रक्रिया तेज की जा रही है। जो न्याय संगत नहीं है। विकास के नाम पर दुकानों को तोड़ फोड़ किए जाने से हजारों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। रेल अधिकारियों द्वारा विकास के नाम पर वर्षों से दुकान चलाने वाले दुकानदारों को विस्थापित होने के कगार पर खड़ा किया जा रहा है। रेल अधिकारियों द्वारा स्टेशन रोड में बने दुकानदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के पश्चात ही हटाए जाने का नोटिस दिया जाना चाहिए। रेल अधिकारियों द्वारा मार्केट कंपलेक्स बनाकर दुकानदारों का आवंटित किया जाए। ताकि विस्थापित होने वाले दुकानदारों को रोजगार प्राप्त हो सके। स्टेशन रोड पर बने दुकानदारों को 72 घंटा के अंदर स्वतः दुकानों को हटाए जाने का नोटिस थमाए जाने के बाद रेल अधिकारियों द्वारा बताया गया कि रेलवे के वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश पर दुकानदारों को नोटिस दिया गया है। अमृत भारत योजना के तहत बरकाकाना स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाए जाने के कार्य में स्टेशन रोड में बने कुछ दुकान बाधक बना हुआ है। जिसे हटाने का नोटिस दिया गया है।

## सेंट फ्रांसिस स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : सेंट फ्रांसिस स्कूल ने 6 सितंबर 2025 को बहुत उत्साह और श्रद्धा के साथ शिक्षक दिवस मनाया। उत्सव की शुरूआत उन शिक्षकों के लिए एक गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई, जिन्हें एक पारंपरिक तिलक और एक गुलाब के फूल के साथ स्वागत किया गया था, जो छात्रों के गहरे प्यार और उनके आकाओं के लिए सम्मान का प्रतीक था। इस कार्यक्रम को हर कक्षा के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के एक जीवंत प्रदर्शन द्वारा चिह्नित किया गया था। इन प्रदर्शनों का आयोजन हेड बॉय शुबम कुमार, हेड गर्ल प्रियाशा कुमारी, प्रीफेक्ट्स और हाउस के कप्तानों के सक्षम नेतृत्व के तहत किया गया था। छात्रों ने विशेष रूप से शिक्षकों के लिए आयोजित किए गए गीतों, नृत्य और मजेदार से भरे खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया, जिससे दिन वास्तव में यादगार हो गया। एसआर। स्कूल के प्रबंधक दीप्थी ने स्कूल प्रबंधन की ओर से सभा को संबोधित किया। उन्होंने युवा दिमागों को आकार देने में उनके समर्पण, प्रतिबद्धता और निस्वार्थ सेवा के लिए सभी शिक्षकों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रशंसा के टोकन के रूप में, प्रबंधन ने शिक्षकों को उपहार भी प्रस्तुत किए। उत्सव एक हर्षित केक-कटिंग समारोह के साथ संपन्न हुआ, जो सभी को उपस्थित सभी के लिए मुस्कुराहट और मीठी यादें ला रहा है

### शाहिद जीतराम बिटिया मेमोरियल फुटबॉल 25वां टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

## खेल को खेल भावना से खेलने से मिलती है सफलता : मनोज महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरकाकाना** : केंद्रीय कार्यशाला बरकाकाना के फुटबॉल ग्राउंड में 25 वा शहिद जीतराम बेदिया मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ नगर परिषद के कार्यकारी उपाध्यक्ष सह आजसू के केन्द्रीय सचिव मनोज महतो शामिल हुए। उन्होंने ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट आगाज किया गया। मुख्य अतिथि ने लोगो को संबोधित करते हुए कि खेल में भी भविष्य बनाया जा सकता है। खेल को खेल भावना से खेले जाने से खेले जाने से मन मस्तिष्क का विकास होता है। आजसू परिवार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किए जाने को लेकर हमेशा तत्पर रहते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप



में रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड संख्या 21 के कार्यकारी पार्षद गीता देवी शामिल हुई। उन्होंने संबोधित करते हुए आयोजन कमेटी को धन्यवाद डेट भी कहीं की आवेदन कमेटी लगातार 25 सालों से सफल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करते आ रहा है। हर संभव आयोजन कमेटी को सहयोग किया जाएगा ताकि इससे बेहतर टूर्नामेंट का आयोजन करवा सके। उद्घाटन मैच रामगढ़ बनाम रांची के बीच खेला गया। खेल बराबरी पर रहे जाने पर पेनल्टी शॉट किया गया। जिसमें रांची के टीम रामगढ़ को एक गोल से मौत देकर अगले चरण में प्रवेश किया। मौके पर राजेंद्र महतो, नरेश महतो, दिवाकर बेदिया, विक्की बेदिया, शिवनारायण, अनिल महतो, शंकर महतो, राजेश बेदिया, नीतीश बेदिया, अरुण बेदिया, अनिल महतो, दिलीप महतो, सागर बेदिया, पन्नू बेदिया, सहित कमेटी के कई लोग उपस्थित थे।

## दो किशोरों की मौत के बाद हरकत में आया एनएचएआई, सुधार कार्य तेज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : जीटी रोड पंचमाधव गड़लाही मोड़ पर दो किशोरों की मौत के बाद शनिवार को एनएचएआई के अभियंता और अधिकारियों ने सुधार कार्य शुरू किया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने दुर्घटना के बाद सड़क जाम करने वाले स्थानीय ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि घटनास्थल पर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की बैठक कराएंगे और उनके सुझाव पर सड़क का सुधार कराया जाएगा। शनिवार को थाना प्रभारी विनोद कुमार, एनएचएआई के एसपीएम केके सिंह, सुरक्षा प्रबंधक एसएस सांगा और सतीश सिंह ने संयुक्त रूप से दुर्घटना जोन बने पंचमाधव गड़लाही मोड़ का निरीक्षण किया। उक्त स्थल पर स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे। सुचारू यातायात व्यवस्था बनाने और ग्रामीणों के अनुसार सुरक्षा प्रबंध के सुझाव पर काम शुरू कर दिया गया। उक्त स्थल पर सीमेंट की बैरिकेडिंग में रेडियम लगाया जाएगा। ग्रामीणों ने एनएचएआई के अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से हो रहा है। इसके लिए सड़क निर्माण कंपनी जिम्मेदार है। थाना प्रभारी ने भी कहा कि सड़क की गड़बड़ी के कारण हादसा नहीं होना चाहिए। मौके पर सेफ्टी सुपरवाइजर रामजी प्रसाद, यमुना पांडे, स्थानीय निवासी बीरेंद्र यादव, प्रकाश ठाकुर, उदेश्वर यादव, राजेश यादव, संतोष यादव, अनिल यादव, लक्ष्मण ठाकुर, कपिल शर्मा, दिनेश यादव, विशेश्वर यादव, प्रदीप, राजेश कुमार, ओम, पिंटू, राहुल, बिपुल समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से राजद नेता की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार** : झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव में शनिवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ यादव (50) की मौत हो गई । जबकि घटना में उनकी पत्नी शोभा देवी तथा एक अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। रामनाथ यादव रामपुर गांव के रहने वाले थे। मिली जानकारी के अनुसार रामनाथ यादव और उनकी पत्नी शनिवार को जंगल की ओर चरने गए अपने मवेशियों को देखने के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हुआ और बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए पति-पत्नी तथा गांव का ही एक अन्य किशोर एक पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गए। इसी बीच अचानक आकाशीय बिजली गिरी और इसके चपेट में आने से रामनाथ यादव सहित सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के क्रम में चिकित्सकों ने रामनाथ यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनकी पत्नी तथा किशोर का उपचार अस्पताल में ही किया गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ पड़ी। हालांकि कुछ लोगों के कहने पर मृतक के परिजन उन्हें घर ले गए और गोबर के बीच सुला दिया। बाद में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के परिजनों को समझाया।

## ओपी. जिंदल स्कूल पतरातू में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**भुरकुंडा** : शिक्षक दिवस के अवसर पर ओ पी जिंदल स्कूल, पतरातू में दो दिवसीय विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं जिंदल स्टील प्रबंधन ने 5 और 6 सितम्बर को अलग-अलग कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की, जिसमें शिक्षकों को सम्मानित करने से लेकर विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों तक हर पल भावनाओं और उत्साह से भरा रहा। 5 सितम्बर को जिंदल क्लब हाउस में आयोजित भव्य समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को शाल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्लांट हेड के. बी. सिंह , जिंदल लेडीज क्लब की चेयरपर्सन अमृता सिंह तथा अन्य विभाग प्रमुख, अधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में के. बी. सिंह ने शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा– ह्यशिक्षक दिवस केवल सम्मान का दिन नहीं है, बल्कि यह शिक्षकों के अमूल्य योगदान को स्मरण करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। इस दिन हमें यह याद रखना चाहिए कि शिक्षक ही वह स्तंभ हैं, जिन पर समाज की सुदृढ़ नींव खड़ी होती है। शिक्षक समाज के वास्तविक मार्गदर्शक हैं, जिनके समर्पण और ज्ञान से भावी पीढ़ी का निर्माण होता है। शिक्षक सिर्फ. ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन मूल्यों को भी संचारित करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने कहा कि ह्यइस विशेष दिन पर हम सबको अपने भीतर एक नए शिक्षक को पोषित करना चाहिए। यह केवल शिक्षकों का नहीं, बल्कि उनके परिवारों, बच्चों और सबसे बढ़कर विद्यार्थियों का भी साझा दायित्व है, जो अपनी प्रगति के लिए हमसे आशा रखते हैं। अगले दिन 6 सितम्बर को विद्यालय प्रांगण का माहौल उत्सव में बदल गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मधुर संगीत ने वातावरण को सरस बनाया, आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षकों को स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट करने के साथ हुआ। इस समारोह ने जहाँ शिक्षकों को गौरवान्वित किया, वहीं विद्यार्थियों के उत्साह ने शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों की गहराई को नए रूप में उजागर किया। ओ. पी. जिंदल स्कूल, पतरातू का यह आयोजन न सिर्फ. विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरक संदेश बनकर सामने आया।

## संक्षिप्त खबरें

### आज लगेगा चन्द्रग्रहण, गर्भवती महिला रहें सावधान : ज्योतिषाचार्य



**इटखोरी**: माँ भद्रकाली मंदिर पुजारी ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा बताते हैं कि 7 सितंबर भाद्रपद पूर्णिमा के रात्रि में लग रहा चंद्रग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 29 मिनट की होगी। यह चंद्रग्रहण रात्रि 9 .57 बजे 1.26 तक रहेगा अक्षांश देशांतर के अनुसार प्रत्येक स्थानों में 8 से 10 मिनट का अंतर हो सकता है आपको बता दें कि यह एक खगोलीय घटना है, जब चंद्र ग्रहण पूर्णिमा की रात्रि ही होता है। जब सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक सीध में होते हैं और पृथ्वी, चंद्रमा और सूर्य के बीच में आ जाती है। लेनिक धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह ग्रहण धार्मिक और ज्योतिषि दृष्टि से भी खास माना जा रहा है। सूतक काल: चन्द्रग्रहण लगने 9 घंटा पूर्व लगता है सूतक काल यानी 7 सितम्बर के दोपहर 12 :57 से लगेगा सूतक काल इस बीच भोजन बनाना व भोजन खाना नहीं चाहिए इसके अलावे मूर्ति स्पर्श नहीं करना चाहिए मन्त्र जप भक्ति भजन करना चाहिए। गर्भवती महिला रहें सावधान :ग्रहण काल के दौरान गर्भवती महिला नुकीले औजारों का प्रयोग, सब्जी काटना, खाना पकाना, कड़ाही-तवे पर छोंक आदि कार्यों से बचना चाहिए इसके अलावे सोना नहीं चाहिए व किसी भी हालत में ग्रहण को देखना नहीं है उपाय के तौर पर अपने पूरे पेट मे गोबर का लेप अवश्य लगाएं व मुह में तुलसी दल रखें व दूसरा उपाय अपनी लंबाई के बराबर एक धागा लेकर घर के किसी एक स्थान पर रखना चाहिए और ग्रहण खत्म होने पर उसे बहते जल में प्रवाहित कर देना चाहिए माना जाता है कि ग्रहणकाल में की गई लापरवाही शिशु के अंग पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ज्योतिषचार्य संदीप शर्मा आगे बताते हैं कि चंद्र ग्रहण का देश-दुनिया पर प्रभाव सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में देखने को मिलेगा. इस बार का चन्द्रमा कुम्भ राशि में बैठकर विष योग का निर्माण करते हुए राहु के साथ युति कर रहा है. जिसके फलस्वरूप बड़ी शक्तियों के टकराव, लोगों के संबंधों में तनाव और मानसिक पीड़ा देखने को मिलेगी. चंद्रग्रहण के दुष्प्रभाव के कारण मानव और जीवों में किसी तरह की संक्रामक बीमारी और साथ ही साथ जल से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं ग्रहण का भारतीय राजनीति पर भी गहरा प्रभाव देखने को मिलेगा आगामी चुनावों में यह चंद्रग्रहण सत्ता परिवर्तन का कारण भी बन सकता है।

### पलामू में अभाविप की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारी परिषद की बैठक शुरू



**पलामू** : झारखंड के पलामू जिला मुख्यालय स्थित अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया है। पहले दिन शनिवार को बैठक का का शुभारम्भ क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मौसमी पॉल, प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन और प्रदेश संगठन मंत्री नीलेश कटारे ने किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मौसमी पॉल ने कहा कि दो दिवसीय बैठक में अभाविप अपने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम, सदस्यता अभियान की समीक्षा, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं संविधान के 75 वर्षों पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम सहित शैक्षिक क्षेत्र में किए जाने वाले कई कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा करेंगे। क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्लक्य शुक्ला ने कहा कि झारखंड का युवा विद्यार्थी समुदाय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। छात्र हित में आवाज बुलंद करना और समस्या को समाधान तक ले जाने का कार्य केवल अभाविप के कार्यकर्ता ही कर सकते हैं। उन?होंने कहा कि झारखंड में जिस प्रकार के शैक्षणिक परिस्थितियों उत्पन्न हुई हैं, उससे छात्रों का भविष?य अधर में लटक गया है। प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन ने कहा कि अभाविप केवल एक विद्यार्थी संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है, जो शैक्षिक समस्याओं के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी मजबूती के साथ कार्य करता है। यह संगठन समाज में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए भी कार्य करता है। उल्लेखनीय है कि अभाविप के कार्यकर्ता इस प्रदेश कार्यकारी परिषद की बैठक के दौरान राज्य से संबंधित सभी विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करेंगे और आगामी कार्यक्रमों की रूप-रेखा तैयार करेंगे, जिस प्रकार सरकार ने राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 के माध्यम से छात्र संघ चुनाव न कराने, विश्वविद्यालय पर कब्जा करने का प्रयत्न कर रही है, उसे लेकर भी विद्यार्थी परिषद योजनाबद्ध तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएगी।

### राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप में एमजीएम स्कूल टीम ने जीते नौ स्वर्ण पदक

**बोकारो** : झारखंड राज्य जूडो एसोसिएशन की ओर से डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर छह में 30 व 31 अगस्त को आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर व सीनियर जूडो चैंपियनशिप में एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ स्वर्ण, पांच रजत व नौ कांस्य पदक हासिल किया। स्कूल के प्राचार्य फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि सब जूनियर कैटेगरी में सत्यम केसरी, अमन कुमार, अर्पित टोप्पो, साक्षी सिंह, प्रियदर्शिनी सिंह, अनन्या कुमारी ने स्वर्ण, आदित्य कुमार, अंशु कुमार, प्रियांशी गौरव, सौम्या ने रजत एवं अभिनंदन कुमार, जयदीप सोलंकी, नमन ऋषि, हर्षिता कुमारी, मानवी राय ने कांस्य पदक हासिल किया। सीनियर कैटेगरी में राजवीर सिंह, जयंत कुमार, सिद्धार्थ कुमार ने स्वर्ण, आस्था पांडेय ने रजत एवं आना शांडिल्य, कुमारी अदिति, श्रुति श्री व पीहू उपाध्याय ने कांस्य पदक हासिल किया। इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले विद्यार्थी जूडो फेडरेशन आफ इंडिया की ओर से आयोजित होने वाले राष्ट्र स्तरीय जूडो चैंपियनशिप में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कहा कि शिक्षकों की देखरेख में विद्यार्थी शिक्षा, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यार्थी सफलता की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्राचार्य फादर डा.जोशी वर्गीस, उप प्राचार्य राखी बनर्जी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ, हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी, शारीरिक शिक्षक राजेश्वरसिंह, मीनाक्षी, राजीव कुमार, सौरभ कुमार, मोहसिन व वंदना ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ की आमसभा आज

**बोकारो** : बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ की आमसभा 7 सितम्बर, रविवार को जनवृत 2 कलाकेंद्र में आयोजित होगी । जिसके लिए यूनियन पदाधिकारी तथा सदस्य जोड़ शोर से तैयारी कर रहे है । आम सभा के माध्यम से यूनियन पदाधिकारी तथा सदस्य आगे की रुपरेखा तय करने वाले है । उसके अलावे कई लंबित मुद्दो पर भी चर्चा होनी है । यूनियन की आमसभा के लिए यूनियन अध्यक्ष हरिओम सहित सभी पदाधिकारी प्रत्येक विभाग में भ्रमण कर कर्मचारियों को आमसभा मे शामिल होने का निमंत्रण दे रहे है तथा कर्मचारी भी शामिल होने के लिए उत्साह दिखा रहे है । यूनियन द्वारा दिया जा रहा आमंत्रण पत्र ।

## एक नजर

### राजमहल के हसनैन व बोरियो के रोहित बने थाना प्रभारी

**साहिबगंज** : एसपी अमित कुमार सिंह ने जिले के दो थाना प्रभारी को बदल दिया है। राधानगर थाना के अवर निरीक्षक हसनैन अंसारी को राजमहल थाना प्रभारी एवं जिरवाबाड़ी थाना के अवर निरीक्षक रोहित कुमार को बोरियो थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। दोनों थाना प्रभारी शनिवार की सुबह प्रभार ग्रहण कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दुमका डीआईजी के आदेश पर राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर को लाइन हाजिर कर दिया गया है। सड़क हादसे में बीते दिनों एक बच्ची व अधेड़ व्यक्ति की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने गुरुवार की दोपहर से राजमहल-साहिबगंज एनएच 80 को जाम कर दिया था। करीब 20 घंटे बाद दूसरे दिन यानी शुक्रवार की सुबह एसपी अमित कुमार सिंह के पहल पर सड़क जाम समाप्त हो सका था। सूत्रों की माने तो राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर के लाइन क्लोज होने के पीछे मुख्य रूप से ही वजह माना जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दुमका डीआईजी के आदेश पर एसपी ने शनिवार की सुबह यह कार्रवाई की है। इस बीच साहिबगंज एसपी ने दो थाना प्रभारी के तबादले की पुष्टि की है।

### दुष्कर्म मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बरहेट** : थाना क्षेत्र के एक गांव से 28 वर्षीय एक युवक ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला आया है। मिली जानकारी के अनुसार युवक रघुनाथपुर के ब्रह्मदेव पंडित बताया जा रहा है। वही पीड़ित महिला ने रघुनाथपुर निवासी ब्रह्मदेव पंडित के विरुद्ध बरहेट थाना में 131/25 के तहत प्राथमिक दर्ज कराई है। आगे बताया कि बीते दिनों रात्रि में घर में घुसकर दुष्कर्म किया और किसी को ना बताने की भी धमकी दी गई। वहीं महिला धैर्य रखकर थाने में पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी ब्रह्मदेव पंडित को गिरफ्तार कर साहिबगंज जेल भेज दिया।

### पार्क में पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव इलाके में सनसनी

**पूर्वी सिंहभूम** : शहर के मानगो थाना क्षेत्र के वन विभाग पार्क में शनिवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मानगो कुंवर बस्ती निवासी सतीश चौधरी (42) के रूप में हुई है। सतीश राजमिस्त्री का काम करता था और अपने परिवार का मुख्य सहारा था। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का लग रहा है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। सतीश की पत्नी के अनुसार, वह शराब का आदी था और नशे की हालत में अक्सर घर में विवाद करता था। घरेलू परेशानियों के कारण वह पिछले कुछ दिनों से तनाव में था। शनिवार सुबह वह घर से निकला था, लेकिन दोपहर में उसका शव पार्क में पेड़ से लटका मिला। परिजनों और स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक का व्यवहार हाल के दिनों में काफी बदल गया था और वह मानसिक दबाव में रहता था। हालांकि आसपास के लोगों ने बताया कि पार्क में कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं दिखी। पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं यह हत्या का मामला तो नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

# नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार आम जनता के लिए बड़ी राहत : रघुवर दास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने शनिवार को जमशेदपुर परिसदन में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के ऐतिहासिक निर्णय ह्यनेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारह्न को आम जनता और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत करार दिया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जी.एस.टी. परिषद द्वारा लिए गए फैसले देश की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील के पत्थर साबित होंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में विभिन्न टैक्स के जाल को खत्म करके एक व्यवस्था जी.एस.टी. देश में लागू की गयी थी। जी.एस.टी. लागू होने के बाद से देश के राजस्व में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2017-18 में जहां राजस्व 82,000 करोड़ था, वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष में यह बढ़कर औसत 2,04,500 करोड़ तक पहुँच गया है। प्रेस वार्ता में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं महानगर के जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा भी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि आगामी 22 सितंबर को पवित्र नवरात्रि के शुरूआत के दिन पर लागू होने वाले इन नये सुधारों से देशवासियों को त्योहारों से पहले बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि कपड़े और रेडीमेड गारमेंट्स पर जी.एस.टी. को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही जूते, मनिहारी, किराना सामान, मोटरसाइकिल, छोटी कारें, दवाइयां, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, कृषि उपकरण, हस्तशिल्प, बांस आधारित उद्योग, टाइल्स, सीमेंट और कई आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स में कटौती की गई है। इससे आम जनता के ईज ऑफ लिविंग में सुधार होगा तो वहीं औद्योगिक उत्पादन को भी गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। श्री दास ने कहा कहा कि झारखंड जैसे राज्य के लिए यह निर्णय वरदान साबित होंगे। टैक्स में राहत से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी जिससे जीवन स्तर सुधरेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। रियायतों के माध्यम से टैक्स संग्रहण में भी बढ़ोतरी होगी। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड की समस्त जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार प्रकट किया। वहीं, उन्होंने व्यापारियों और नागरिकों से टैक्स सुधारों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। श्री दास ने कहा कि यह कदम भारत को अगले 25 वर्षों में विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मजबूत आधार तैयार करेगा।

## तेज रफ्तार हाइवा ने मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार किया घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिला के बरहरवा थाना क्षेत्र के थोपग्राम के समीप शनिवार को बाइक और हाईवा के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में एक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस पदाधिकारी की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मालदा सोनो स्कैन रेफर कर दिया। घायल की पहचान कालू पंचायत के बेलडांगा निवासी अमित कुमार (22 वर्ष) के रूप में की गई है।परिजनों के अनुसार अमित बाजार करने के लिए निकले थे और घर आते समय थोपग्राम के समीप सामने से तेज रफ्तार में आ रही हाईवा से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक चालक हाईवा पर टकराकर बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को अपनी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉ. सोहेल अनवर ने बताया कि अमित की हालत बेहद गंभीर है,उन्हें मालदा रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बरहरवा थानाध्यक्ष सुमित कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर कैसे हुई और किसकी लापरवाही से हादसा हुआ, इसकी जांच की जा रही है।

## श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु के अनंत रूप का अनंत पूजा कर उपवास किया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : शहर व उसके आस पास के क्षेत्र में अनंत पूजा, जिसे अनंत चतुर्दशी पर किया जाता है, भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा है। इस पूजा में हल्दी से रंगकर और 14 गांठें लगाकर अनंत सूत्र बनाया जाता है। जिसे पुरुष दाहिने हाथ में और महिलाएँ बाएं हाथ में बांधती हैं। यह पूजा जीवन की बाधाओं को दूर करने और धन-संपत्ति, सुख-समृद्धि प्राप्त करने के लिए की जाती है। अनंत पूजा की विधि तैयारी सबसे पहले स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण किया जाता है। पूजा स्थान की स्थापना पूजा स्थान को स्वच्छ कर और भगवान विष्णु अनंत रूप की तस्वीर या प्रतिमा स्थापित किया जाता है। उसके बाद कलश में जल भर कर और उसमें आम या अशोक के पत्ते और नारियल रख कर कलश का स्थापना किया जाता है। भगवान विष्णु की पूजाः चंदन, अक्षत, तुलसी पत्र और फूल अर्पित करें. भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए 'ॐ अनंताय नमः' मंत्र का जाप किया जाता है। अनंत सूत्र का उपयोग पूजा में रखे अनंत सूत्र 14 गांठों वाला धागा को भगवान विष्णु को अर्पित किया जाता है। व्रत कथा और भोगः अनंत चतुर्दशी की कथा पढ़ें या सुनें और भगवान को सात्विक व्यंजन जैसे हलवा, खीर या पंचमेवा का भोग लगाया जाता है। अनंत सूत्र का महत्व यह भगवान विष्णु के 14 रूपों और 14 लोकों का प्रतीक है। यह धागा भूलोक, भुवलोक, स्वलोक, महलोक, जनलोक, तपोलोक, ब्रह्मलोक, अतल, वितल, सतल, रसातल, तलातल, महातल, और पाताल लोक का प्रतीक है। अनंत चतुर्दशी का महत्व यह त्योहार अनंत भगवान, यानी भगवान विष्णु को समर्पित है। पांडवों ने महाभारत में जीत के लिए इस व्रत का पालन किया था इस व्रत को करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं।

## शहीद सीआरपीएफ जवान मो. शहनवाज आलम की पहली शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में ड्यूटी के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर शहीद हुए शहर के कुलीपाड़ा मोहल्ला निवासी सीआरपीएफ जवान मो शहनवाज आलम की पहली शहादत दिवस पर उन्हें याद किया गया। मो. शम्स तमरेज के पुत्र मो शहनवाज की अप्रैल 2013 में सीआरपीएफ में बहाली हुई थी। शहनवाज पहले जम्मू-कश्मीर में तैनात थे। वहां से स्थानांतरित होकर छत्तीसगढ़ आए थे। पहली शहादत दिवस पर कुलीपाड़ा में राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा, दिल्ली से आए कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य सह साहिबगंज जिला प्रभारी टोकिया प्रभु जी, साहिबगंज कांग्रेस प्रभारी मणिशंकर, अल्पसंख्यक आयोग के शमशेर आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान, भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश तिवारी, पूर्व नप उपाध्यक्ष रामानंद साह, डीएसपी विजय कुशवाहा, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, नगर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अमित गुप्ता, एसआई प्रकाश रंजन, एएसआई गुलनाजो बेगम, परिवार के सदस्य, सहित भारी संख्या में लोगों ने शहनवाज की शहादत को याद किया। विधायक ने कहा कि साहिबगंज के लाल की देश के लिए शहादत कभी भुलाई नहीं जाएगी। उनकी शहादत युवाओं और लोगों को देश प्रेम और देश की रक्षा के लिए अपना सब कुछ कुर्बान करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## एनआरपी सेंटर में शिक्षक दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : शहर में बीते देर रात तक चैती दुर्गा सकरूगढ़ स्थित साहेबगंज के एन आर पी सेंटर के प्रांगण में शिक्षक दिवस के विशेष अवसर पर साहेबगंज के कलमकार शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा पत्रकारों को भेंट स्वरूप झारखंड लेखक संघ द्वारा मेजर संजय कुमार सिंह के संयोजन, रेलवे अधिकारी अभिमन्यु कुमार तथा प्रो सुबोध कुमार झा के सहयोग से एक विराट कवि सम्मेलन आयोजित की गई जिसमें उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार के नामित कवि एवं कवयित्री ने अपनी काव्यात्मक अभिव्यक्ति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में सभी साहित्यकारों द्वारा ओज, हास्य-व्यंग्य, गजल तथा श्रृंगार की रचनाएं पढ़ी गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो सुबोध की सरस्वती वंदना वागीश्वरी मां शारदे से हुई इसके बाद उन्होंने सूत्रधार के रूप में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों सहित सभी साहित्यकारों का परिचय कराया। मुख्य अतिथि प्रो डॉ अरविन्द प्रसाद सिंह विशिष्ट अतिथि झारखंड चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल तथा अन्य सदस्यों ने कवियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। मेजर संजय कुमार के संचालन में कवियों ने बारी बारी से अपनी प्रस्तुति दी।

## पाकुड़ में चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : जिले में पुलिस को मिली गुप्त सूचना के दिनांक 04/09/2025 को पोस्ट ऑफिस के सामने से चोरी हुई आई स्मार्ट मोटरसाईकिल रजिस्ट्रेशन सं0- JH21D 2641 को तीन अज्ञात व्यक्ति के साथ बाजार समिति गोकुलपुर हटिया में देखा गया। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक पाकुड़ द्वारा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़ के नेतृत्व में टीम बनाकर मोटरसाईकिल चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। गठित मोटरसाईकिल चेंकिग टीम के द्वारा जगह जगह पर मोटरसाईकिल एवं अन्य वाहनों की चेकिंग की जाने लगी। चेकिंग के क्रम में गोकुलपुर से बड़हरवा की ओर जाने वाली सड़क पर रात्री करीब 11.30 बजे दो व्यक्ति को चोरी की मोटरसाईकिल के साथ पकड़ लिया गया, जिसका सत्यापन करने पर पता चला कि उक्त मोटरसाईकिल दिनांक 04/09/2025 को पोस्ट ऑफिस के सामने से चोरी की गई मोटरसाईकिल है। मौके पर पकड़ाये दोनों व्यक्ति नें उक्त मोटरसाईकिल को पोस्ट ऑफिस के सामने से चोरी करने की बात स्वीकार करते हुए चोरी में सलिप्त एक अन्य व्यक्ति का नाम बताया जिसकों पुलिस टीम के द्वारा बाजार समिति से गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफतार व्यक्ति का नाम**

अब्दुल मजीद उर्फ सोनु उम्र 21 वर्ष पिता- सनाउल शेख सा०- चकदमिया, थाना - पाकुड़ (मु०)

,सोहन साहा उम्र 21 वर्ष पिता लोगेन साहा सा०- देवपुर, थाना हिरणपुर, जिला- पाकुड़ वर्तमान शरहकोल डी०सी० मोर, थाना- पाकुड़ (नगर), रोनी शेख उम्र 23 वर्ष पिता बदरुल शेख सा०- मोहम्मदपुर, थाना-शमशेरगंज, जिला मुशीर्दाबाद (पं०बं०), बाई पास रोड, मौलाना चौक थाना पाकुड़ नगर, सभी जिला पाकुड़।

## नाले से मिला अज्ञात महिला का शव



**पाकुड़** : जिले के महेशपुर थाने में विगत दिनांक 02.09.2025 को सुबह में स्थानीय चौकीदार के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ कि थाना अंतर्गत ग्राम बुधारपोखर कैनाल से करीब 50 मीटर की दूरी पर दक्षिण दिशा में प्रवाहित एक नाला के पानी में एक सड़ी गड़ी, मस्तिष्क विहीन अवस्था एक शव पानी में देखा गया है। उपरोक्त घटना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए महेशपुर थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे तो देखे कि एक अज्ञात महिला का शव पानी के नाले के पानी में पड़ा हुआ है। शव का निरीक्षण करने से पाया कि शव क्षत विक्षत अवस्था में है। शव मस्तिष्क विहिन अवस्था में है। मौके पर स्थानीय चौकीदार एवं अगल बगल के ग्रामीणों से बरामद शव का पहचान कराया गया परन्तु उक्त शव का पहचान उस समय नहीं हो सका। तत्पश्चात बरामद अज्ञात शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल पाकुड़ भेज दिया गया। पाकुड़ के चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतु फुलो झानो मेडिकल अस्पताली दुमका भेज दिया गया। उपरोक्त के संदर्भ में महेशपुर थाना कांड सं० 148/2025 दिनांक 02.09.2025 धारा 103 (1) बी०एन०एस० के अंतर्गत अंकित कर त्वरित कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक पाकुड़ के द्वारा एस०डी०पी०ओ महेशपुर के नेतृत्व में एकटीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में यह ज्ञात हुआ कि महेशपुर थाना क्षेत्र के बुधारपोखर ग्राम से गुमशुदगी केसंबंध में दिनांक 23.08.2025 को थाना में सूचना प्राप्त हुई। एस०आई०टी० के द्वारा इस कड़ी को जोड़ते हुए तकनीकी साक्ष्य एवं अन्य साक्ष्य का संकलन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एनएच 80 व अन्य सड़क पर बने गड्ढे दे रहे बड़े हादसे को आमंत्रण



**साहिबगंज** : जिला के प्रमुख एनएच-80 समेत कई सड़कों में गड्ढे बन गये हैं, जो दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। नगर परिषद (नप) प्रशासन इस पर मौन है। दुर्गा पूजा, काली पूजा और छठ पर्व नजदीक हैं। प्रतिदिन स्कूल के छात्र-छात्राएं, आमजन और वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। शहर के दर्जनों मोहल्लों की गलियों में भी गड्ढे हो गये हैं। प्रतिदिन मोटरसाइकिल, साइकिल और इ-रिक्शा चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। कुछ सड़कों पर बने पुल-पुलियों पर लोहे के छड़ निकल गए हैं, जिनसे कई वाहन पंचर हो चुके हैं। दर्जनों लोग घायल हुए हैं। त्योहारों को देखते हुए लोगों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन से सड़कों की मरम्मत की मांग की है। इस बाबत नप प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि उक्त सभी सड़कों की जल्द मरम्मत करायी जायेगी। जेइ को तुरंत सड़क मरम्मत कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

### सभी का हो आधार थीम पर विशेष आधार कैंप का हुआ आयोजन



**साहिबगंज** : यूआईडीएआई, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग तथा शिक्षा विभाग, रांची के निदेर्शानुसार आज साहिबगंज जिला के विभिन्न प्रखंडों में स्थित स्थायी आधार केन्द्रों एवं जिला मुख्यालय स्थित आधार एएसके केन्द्रों पर विशेष आधार कैम्प का आयोजन किया गया। इस विशेष कैम्प का उद्देश्य पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों, स्कूली बच्चों एवं विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों का नया आधार पंजीकरण एवं आवश्यक अपडेट सुनिश्चित करना है। इस दौरान आँगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चे, सरकारी विद्यालयों एवं केन्द्रीय विद्यालय, साहिबगंज के बच्चों का नया आधार पंजीकरण, मेंडेटरी बायोमैट्रिक अपडेट एवं मोबाइल अपडेट का कार्य संपादित किया जा रहा है। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण संदीप कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी, साहिबगंज द्वारा किया गया। उन्होंने आधार सुपरवाइजरों को आधार नियमावली का पूर्ण पालन करते हुए सावधानीपूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा कि बच्चों के आधार पंजीकरण अथवा अपडेट की प्रक्रिया के दौरान अभिभावकों को सभी तथ्यों से भली-भांति अवगत कराया जाए। यूआईडीएआई, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला, बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग, रांची के निदेर्शानुसार यह कार्य सैचुरेशन मोड में संचालित किया जा रहा है। फरवरी 2026 तक जिले के सभी पात्र बच्चों का नया आधार पंजीकरण एवं आवश्यक अपडेट कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निकाली जुलूस



**बरहेट** : शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के नवाब चौक से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में जुलूस निकाला। वही ये जुलूस नवाब चौक से निकल कर पूरा बाजार भ्रमण करते हुए वापस नवाब चौक में समापन किया गया। जुलूस में बच्चे, बुढ़े ,जवान शामिल हुए। इस दौरान नबी पाक के इस्लामिक झंडा लहराते हुए नारा ए तकबीर के आवाज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। वही सभी ने मुल्क के अमन व शांति की दुआएं मांगी गई। इधर सुरक्षा के दृष्टि से जुलूस में प्रशासन मुस्तैद रहे।

### घायल युवती की सदर अस्पताल में चल रही इलाज, नहीं हो पाई पहचान




**साहिबगंज** : जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में बोरियो सीएचसी से लाई गई एक 28 वर्षीय अनजान युवती का ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है। जहां लाई गई अनजान युवती की अब तक वास्तविक पहचान नहीं हो पाने के कारण अस्पताल प्रबंधक को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उधर अनजान युवती बेहोशी की अवस्था में सदर अस्पताल के बरामदे में लगे हुए बेड पर बेजान सी पड़ी हुई होकर इलाज किया जा रहा है। उधर अनजान युवती की वास्तविक पहचान स्थापित करने के लिए जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस भी सदर अस्पताल पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए नजर आई हालांकि इसमें भी पुलिस को कुछ सफलता हासिल नहीं हो पाई है।

### थाना दिवस पर कई भूमि विवाद के मामलों की सुनवाई

**साहिबगंज** : मुफ्फसिल थाना परिसर में भूमि विवाद से जुड़े छह मामलों में सीओ सह बीडीओ बसकीनाथ टूडू की अध्यक्षता में सुनवाई हुई। इस दौरान जमीन से जुड़े कागजातों की जांच की गई एवं इसके आधार पर आपसी सहमति से भूमि विवाद के सभी मामलों का निपटारा किया गया। वहीं अन्य मामलों में अगली तारीख दे दी गई। मौके पर थाना प्रभारी अनीश पांडेय सहित अंचल कर्मी व अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जमुई में पुलिस पर हमला, भीड़ के आगे हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाया सिपाही



## मम्मी-मम्मी बोलकर रोती रही महिला एसआई, शराब के इनपुट पर रेड करने गए थे

**जमुई।** ग्रामीणों ने पुलिस टीम को दौड़ा-दौड़ा कर लाठी-डंडों से पीटा। घटना बरहट थाना क्षेत्र के कदुआ तरी गांव की है। पुलिस को इलाके में देसी शराब बनाने की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम रेड करने गांव पहुंची थी। जांच के दौरान ग्रामीण आक्रोशित हो गए और पुलिस पर हमला बोल दिया। उन्होंने पुलिस टीम को घेर लिया। लाठी-डंडों से पुलिसकर्मियों पर हमला किया। पुलिस के हथियार छीनने की भी कोशिश की गई। इस दौरान भीड़ ने एक कॉन्स्टेबल को पकड़ लिया। भीड़ के आगे सिपाही बेबस दिखाई दिए। वो हाथ जोड़कर लोगों के आगे गिड़गिड़ाते नजर आए। वही महिला रक उर्मिला कुमारी और रक शुभम झा को भी भीड़ ने घेर लिया। इस दौरान महिला रक रोती नजर आईं। हमले में महिला रक उर्मिला कुमारी, रक शुभम झा समेत 6 से ज्यादा पुलिस वाले घायल हुए हैं। घटना शुक्रवार की है, इसका वीडियो आज यानी शनिवार को सामने आया है। पुलिस पर हमले के वीडियो में दिख रहा है कि महिला-पुरुष समेत 50 के लगभग ग्रामीणों ने पुलिस टीम को भगा-भगाकर लाठी-डंडे से पीटा। इस बीच कुछ पुलिस कर्मी ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं एक सिपाही को एक युवक ने पकड़ लिया। इसके बाद भीड़ वहां पहुंची और पुलिसकर्मी को डंडे से मारने लगे। एक शख्स उनके सिर पर हमला करता है, दूसरा युवक उनका हथियार छीनने की कोशिश करता नजर आ रहा है। इस दौरान जवान हाथ जोड़े माफी मांगते नजर आ रहा है। वो हाथ जोड़कर बार-बार भीड़ से छोड़ देने की मिन्नतें कर रहा है। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से गाली-गलौज किया जाता है। ग्रामीणों ने रक शुभम झा को 200 मीटर तक दौड़ाया। वहीं महिला रक भीड़ का हिंसक रूप देखकर रोने लगी। दरअसल, कदुआ तरी गांव एक आदिवासी बहुल गांव है। जब पुलिस रेड के लिए पहुंची, लोग करमा पर्व को लेकर पूजा-पाठ में जुटे हुए थे। इसी बीच माहौल बिगड़ गया और हमला हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि करमा पर्व के बाद वे लोग अपना डीजे लगाकर गाना-बजाना कर रहे थे। तभी शुक्रवार की शाम बरहट थाने की पुलिस शराब की सूचना पर कदुआतरी गांव पहुंची। पुलिस टाम ने आदिवासी महिला और बच्चों के साथ मारपीट की। इसके बाद ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर पुलिस के साथ मारपीट की। पुलिस टीम पर हमले के बाद बरहट थाने की पुलिस ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों के साथ कदुआतरी गांव में छापेमाली अभियान चलाया। जहां से 13 लोगों को हिरासत में लिया गया और उसे थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो गए और ढोल-नगाड़े और पारंपरिक हथियार के साथ बरहट थाने पहुंचकर घेराव करने के लिए जुट रहे थे। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रोक दिया है। बरहट थाना प्रभारी संजीव कुमार ने कहा, 'वीडियो फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है और जल्द ही नामजद प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पर हमला करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।' बिहार में पुलिस टीम के ऊपर पिछले 100 दिनों में 8 बड़े हमले हुए हैं। मुंगेर, गयाजी, रोहतास और पटना में बुरी तरह से पुलिस वालों को लाठी-डंडे से पीटा गया। पटना में ही एक जगह पर स्कॉर्पियो से पुलिस वालों को रौंद दिया गया तो इस घटना के महज 13वें दिन पटना में ही पुलिस की दूसरी टीम को थार से कुचलने की कोशिश की गई। जून से लेकर अब तक में पुलिस पर हुए हमलों में एक महिला सिपाही की मौत हो चुकी है। जबकि, एक थानेदार, 6 सब इंस्पेक्टर और 4 अरक समेत कुल 15 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। रिटायर्ड IPS अरविंद ठाकुर ने बताया, 'बिहार में पुलिस पर हमले की घटनाएं नई नहीं है। किसी प्रकार की घटना या एक्सीडेंट होने पर सबसे पहले पुलिस ही मौके पर पहुंचती है। रिएक्ट पुलिस ही करती है। जब टीम पहुंचती है तो उसके पास फोर्स कम होता है। ऐसे में पब्लिक के गुस्से का शिकार हो जाती है।' लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में पुलिस को कभी भी कम संख्या में फोर्स के साथ नहीं जाना चाहिए। पुलिस पर हमले को कम करने का रिटायर्ड क्ष्टर ने दो तरीका बताया।
पहला- पब्लिक को अवेयर करना होगा।
दूसरा- पुलिस अपना विश्वास खो चुकी है। इन्हें पब्लिक को विश्वास दिलाना होगा। पब्लिक के बीच में रहकर पुलिसिंग करनी होगी। उन्हें फ्रेंडली बनना होगा। अरविंद ठाकुर ने बताते हैं, 'अभी के हालात में पब्लिक थाना जाने से डरती है। बगैर रुपए के कोई काम होता ही नहीं है। इस सिस्टम हो बदलना होगा। पब्लिक का विश्वास जो थानेदार जीत लेता है, वो बाद में चुनाव जीत कर विधायक बन जाता है।' 24 जून को चितकोहरा पुल के पास सीट बेल्ट नहीं लगे रहने पर ट्रैफिक पुलिस ने थार गाड़ी को रोकने की कोशिश की। लेकिन, थार ड्राइव कर रहे शख्स ने गाड़ी साइड कर रोकने की जगह ट्रैफिक पुलिस की महिला सिपाही और जवानों को रौंदना चाहा। हमला करने वालों को सजा दिलवानी होगी पटना हाईकोर्ट के एडवोकेट प्रभात भारद्वाज बताते हैं, 'पुलिस या सरकारी सेवा के तहत काम करने वाले किसी भी कर्मचारी के ऊपर हमला करना, उन्हें चोट पहुंचाना या किसी प्रकार की हिंसा करने के मामले में कानून में सजा का प्रावधान है। भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 115(2), 132, 109(1) और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है।' 'पुलिस को चाहिए कि हमला करने वालों के खिलाफ सख्ती बरते। केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करें। उनके खिलाफ स्पीडी ट्रायल करवाएं और दोषी पाए जाने वालों को सजा दिलवाएं। इसका बड़ा असर पड़ेगा और लोग पुलिस या किसी भी सरकारी कर्मी पर हमला करने से बचेंगे।'

# भागलपुर में बाढ़ में बहे 3 बच्चे, 2 की मौत



## किशनगंज-अररिया में तेज बारिश, शिवहर में बादल छाए, 11 जिलों में अलर्ट

**भागलपुर।** मौसम विभाग ने बिहार के 11 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। किशनगंज, अररिया में तेज बारिश हुई है। वहीं, शिवहर में दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला है और आसमान में बादल छाए है। भागलपुर में बाढ़ के पानी में डूबने से 2 बच्चों की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। मृतकों की पहचान अजमेरीपुर गांव के राजा (12) और रबल कुमार(13) के तौर पर हुई है। घटना नाथनगर थाना क्षेत्र के रत्तीपुर बैरिया पंचायत की है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, बिहार में 10 सितंबर के बाद मौसम बदलेगा। इसके बाद 18 सितंबर तक प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है। कहीं-कहीं हल्की बारिश और बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी युक्त हवा का बिहार की ओर आ रही है। इसके साथ ही मानसून ट्रफ लाइन प्रदेश के ऊपर से गुजर रही है और धीरे-धीरे अधिक सक्रिय हो रही है। इसकी वजह से आने वाले कुछ दिनों में राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटे में किसी भी जिले में बारिश नहीं हुई। पटना का तापमान 36 डिग्री के आसपास रहा। मुंगेर और बेगूसराय में भी तेज धूप से लोग परेशान रहे। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, 5 सितंबर तक बिहार में सामान्य से 30 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि में औसतन 812 एमएम बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक सिर्फ 564 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। प्रदेश में आने वाले दिनों में बारिश होती है तो इसका असर फसलों पर भी पड़ेगा।

## मां से हुए झगड़े के बाद बेटे ने दी जान

**बेगूसराय।** मां से हुए विवाद के बाद एक युवक ने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना नावकोठी थाना क्षेत्र के हसनपुर बागर गांव की है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस लाश का पोस्टमार्टम कराते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक की पहचान हसनपुर बागर के रहने वाले शंभू सहनी के बेटे अंशु कुमार (17) के रूप में हुई है। मृतक अंशु के पिता शंभू सहनी कोलकाता में मजदूरी करते हैं, जिन्हें घटना की सूचना दी गई है। पोस्टमार्टम कराने आए मृतक के चाचा महेंद्र सहनी ने बताया कि मां-बेटा के बीच विवाद चल रहा था। उसी के बाद आज अहले सुबह उसमें घर में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।

## संक्षिप्त डायरी

### लोगों को मिला बड़ा तोहफा, पूर्णिया-अहमदाबाद की सीधी उड़ान 17 सितंबर से




**पूर्णिया।** लंबे इंतजार के बाद पूर्णिया के लोगों का सपना आखिरकार पूरा हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को पूर्णिया हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। इस ऐतिहासिक मौके के साथ ही पूर्णिया अब आधिकारिक रूप से देश के हवाई मानचित्र पर दर्ज हो जाएगा। हवाई अड्डे के शुभारंभ के साथ ही स्टार एयर ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि 17 सितंबर से पूर्णिया और अहमदाबाद के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू की जाएगी। यह कनेक्टिविटी न केवल पूर्णिया और आसपास के जिलों के यात्रियों को अहमदाबाद से जोड़ेगी, बल्कि उन्हें देश के अन्य प्रमुख शहरों तक भी आसानी से पहुंचने का रास्ता खोलेगी। स्टार एयर ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आपको बिहार के रत्न पूर्णिया से जोड़ते हुए हमें गर्व है। संस्कृति, इतिहास और विरासत से समृद्ध यह शहर अब सीधे बुद्ध की भूमि के प्रवेश द्वार से जुड़ रहा है।ह्व एयरलाइन ने इसे पर्यटन और व्यापार, दोनों दृष्टि से अहम कदम बताया है। पिछले कई महीनों से हवाई अड्डे को चालू करने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही थीं। बिहार सरकार के मंत्री और जिला प्रशासन लगातार साइट का निरीक्षण करते रहे ताकि उद्घाटन से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी हो सकें।

### गयाजी में एनआईए ने खालिस्तानी आतंकी को किया गिरफ्तार

**गयाजी।** शुक्रवार देर शाम एनआईए की टीम ने शेरघाटी पुलिस की मदद से खालिस्तान समर्थक एक आतंकी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आतंकी हरियाणा का रहने वाला है। एनआईए की टीम आतंकी को अपने साथ ले गई है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आतंकी की पहचान सरनजीत कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि चंडीगढ़ एनआईए की टीम लंबे समय से उसकी तलाश में थी। आतंकी ट्रक ड्राइवर बनकर अलग-अलग रूट पर सफर करता था। सफर के दौरान अक्सर किसी लाइन होटल में उतर जाता था। एनआईए को इसी पैटर्न की ठोस जानकारी मिली तो शेरघाटी थाना क्षेत्र में अपना जाल बिछाया। जांच एजेंसी को उसके मूवमेंट और 3 ठिकाने का इनपुट मिला। इसके बाद पूरी तैयारी के साथ ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। एनआईए ने शेरघाटी पुलिस से लोकल सपोर्ट मांगा। पुलिस टीम ने सहयोग करते हुए गोपालपुर के पास स्थित एक लाइन होटल के करीब से आतंकी को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई की पुष्टि एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने की है। एएसपी ने कहा कि एनआईए ने लोकल सपोर्ट मांगा था, जिसके बाद शेरघाटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने अपनी टीम के साथ ऑपरेशन में हिस्सा लिया। इंस्पेक्टर अजीत के अनुसार, आतंकी हरियाणा के किस जिले या गांव का रहने वाला है, इसकी जानकारी एजेंसी ने साझा नहीं की है। खालिस्तान नेटवर्क से जुड़े आतंकियों की तलाश में एनआईए लगातार कई राज्यों में छापेमारी कर रही है।

# भोजपुर में दवा कारोबारी की हत्या



**भोजपुर।** शुक्रवार देर रात हथियारबंद अपराधियों ने दवा कारोबारी को गोली मार दी। अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई। 2 बुलेट लगी थी। मृतक की पहचान बड़हरा के फरहदा निवासी सुमित सिंह(37) के तौर पर हुई है। सुमित सिंह हिस्ट्रीशीटर जितेंद्र कुमार उर्फ केबी की हत्या का मुख्य आरोपी थी। इस मामले में जेल भी गया था। फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर था। घटना टाउन थाना क्षेत्र के महावीर टोला रोड की है। परिजनों के मुताबिक प्राइवेट डॉक्टर की गाड़ी से उतरकर अपने घर जा रहे थे। गली में एंट्री करते ही अपराधियों ने 2 गोली मारी। खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। फायरिंग की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय और नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों से घटना की जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। छानबीन की जा रही है। SDPO-1 राज कुमार साह ने बताया कि ईद-उल-अजहा को लेकर शहर में जुलूस निकाली गई थी। इस वजह से लाइट काटी गई थी। गली में अंधेरा था। जिसका फायदा उठाकर 2 अपराधियों ने गोली मार दी। सुमित कि किसी से दुश्मनी थी या नहीं। इसकी जांच की जा रही है। बता दें, 6 अक्टूबर 2022 में टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर शिवपुर में हथियारबंद अपराधियों ने बर्थडे पार्टी में घर से बुलाकर जवाहर टोला निवासी हिस्ट्रीशीटर जितेंद्र कुमार उर्फ केबी की हत्या कर दी गई थी। उसे काफी करीब से 4 गोली मारी गई थी। हत्याकांड में सुमित मुख्य आरोपी था।

# गयाजी: आज से पितृपक्ष मेले की शुरूआत होगी




**गयाजी।** 7 सितंबर से पितृपक्ष मेले की शुरूआत होगी। मेले का उद्घाटन बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा करेंगे। 17 दिन के महाकुंभ में देश-विदेश से 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। पितरों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना को लेकर हर साल अनूठा आयोजन होता है। तीर्थयात्रियों के लिए रहने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जहां श्रद्धालुओं के लिए कई प्रकार की सुविधाएं भी दी गई हैं। टेंट सिटी को 10 सुपर मार्केट से टैग किया गया है, अगर श्रद्धालु चाहते तो वहां से अपने जरूरत के सामन खरीद सकते हैं। मेला क्षेत्र में होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट उपलब्ध रहेंगे। पंडा धर्मशालाओं में कई श्रद्धालु खुद पकवान बनाते हैं। फ्री भोजन का भी इंतजाम है। 54 वेदी स्थलों पर वाटरप्रूफ पंडाल बनाए गए हैं। एक बार में 20झ25 हजार श्रद्धालु पिंडदान कर सकेंगे। हर घाट पर पानी, रोशनी, चिकित्सा और पुलिस की सुविधा उपलब्ध है। विदेशी श्रद्धालुओं के लिए गाइड और अनुवादक की व्यवस्था की गई है। विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष पंडा शंभू लाल बिट्ठल बताते हैं, 'गया सुर नामक राक्षस को भगवान विष्णु ने यहीं मुक्ति दी थी। मृत्यु के समय उसने वर मांगा कि इस स्थान को उसके नाम से जाना जाए और यहां पितरों के लिए श्राद्ध-पिंडदान से मोक्ष मिले। तभी से यह परंपरा जारी है। नारद पुराण, वायु पुराण और अन्य ग्रंथों में भी गयाजी का महत्व बताया गया है। जो भी यहां पिंडदान करता है, उसे पितरों की मुक्ति का आशीर्वाद मिलता है। ई-पिंडदान के लिए 24 हजार रुपए का पैकेज है। इसमें कुछ सुविधाएं दी गई है, जैसे- पूजा सामग्री, दान वस्त्र, दक्षिणा और भोजन शामिल है। इसके अलावा होटल और पिंडदान के पैकेज भी ऑनलाइन ले सकते हैं। इसके लिए साइड जारी किया गया है। पिंडदान गया मोबाइल एप भी उपलब्ध है। पितृपक्ष मेला तक पहुंचने के लिए रेल और हवाई मार्ग से आ सकते हैं। गया एयरपोर्ट से रोज दिल्ली और कोलकाता के लिए 2-2 फ्लाइट है। वहीं, दूसरी तरफ हर स्टेट से गयाजी के लिए सीधी ट्रेनें भी हैं। पटना से भी 6 पैसेंजर और एक्सप्रेस गाड़ी रोज चलती है। इसके अलावा बस सेवा भी है। झारखंड और बंगाल से निजी बसें चलती हैं। सरकार बस सेवा झारखंड तक उपलब्ध है। कोलकाता, आसनसोल और सिलिगुडी से भी निजी बसें आती हैं। अगर सड़क मार्ग से आते हैं तो एनएच-2 होकर डोभी या शेरघाटी से प्रवेश किया जा सकता है। दोनों जगह से गया की दूरी 30-35 किमी है। यहां वाहन खड़े करने के लिए गया कॉलेज खेल परिसर तय किया गया है। गया जी पहुंचने के बाद स्टेशन से चांदचौरा मोड़ तक वाहन से जा सकते हैं। इसके आगे वाहन को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यहां से मंदिर की दूरी एक किमी है। यह नियम सभी पर लागू हैं। गांधी मैदान में टेंट सिटी बना है। यहां रहने की सुविधा है। फैन, कूलर, टॉयलेट, पेयजल और रात का मुफ्त भोजन मिलेगा। टेंट सिटी में रुकने के लिए आधार कार्ड दिखाकर बेड बुक किए जा सकते हैं। इसके अलावा सरकारी स्कूल और धर्मशालाएं भी ठहरने के लिए फ्री होंगे। सामान्य होटल का किराया 1200झ1500 रुपए और एसी डबल बेड का किराया 3000 रुपए है। अधिकांश तीर्थयात्री पंडा धर्मशालाओं में निजी घर और पंडा आवास में ही रुकते हैं। बोधगया मोनेस्ट्री (मठ)झनिगमा मोनेस्ट्री में 2500 तीर्थयात्रियों के लिए व्यवस्था है। गया होटल एसोसिएशन के मुताबिक, 60 से अधिक होटल पहले ही फुल हो चुके हैं। अगले 5 दिनों तक रूम मिलना मुश्किल है। हालांकि पंडा धर्मशालाओं और टेंट सिटी में पर्याप्त जगह है।

# डॉक्टर ने की खुदकुशी, सिर में मारी गोली



**मुजफ्फरपुर।** एक डॉक्टर ने सिर मे गोली मारकर आत्महत्या कर ली। डॉक्टर की लाश घर के तीसरे फ्लोर पर स्टडी रूम में मिली। मृतक की पहचान डॉक्टर आशुतोष चंद्रा (25) के तौर पर हुई है। घटना काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर स्टेट कॉलोनी की है। डॉक्टर आशुतोष ने अपने पिता की लाइसेंसी राइफल से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार शाम 6 बजे अस्पताल से ड्यूटी खत्म कर घर लौटे थे। मां-दादी के साथ बैठकर नाश्ता किया। फिर आशुतोष ने कहा कि वह पढ़ाई करने जा रहे हैं। कमरे में जाकर अंदर से बंद कर लिया। रात 7:30 बजे गोली की आवाज सुनकर परिजन कमरे की ओर भागे। जब कमरे का दरवाजा खोला तो शव आधा बिस्तर पर और आधा जमीन पर खून से लथपथ पड़ा था। आंखें बाहर निकल आई थीं। यह देख बहन बेहोश हो गई। पुलिस ने बताया कि शुरूआत में मामला तनाव में सुसाइड करने का लग रहा है। शनिवार को हरिशंकर मनियारी स्थित पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया है। पुलिस जांच में पता चला है कि आशुतोष ने खुद को गोली मारने से आधा घंटा पहले अपने मौसेरे भाई को वॉट्सऐप पर मैसेज कर कहा था कि मैं सुसाइड करने जा रहा हूं। जिस राइफल से आत्महत्या की गई, वह आशुतोष के पिता के नाम पर है। हाल ही में राइफल को कमरे के रैक में रखा गया था। पुलिस के मुताबिक उनके पिता ने शुक्रवार को ही राइफल के लाइसेंस का स्त्यापान कराया था। पुलिस ने मौके से दोनाली में फंसी एक गोली भी जब्त की है। आशुतोष के पिता अविनाश सिंह दिघड़ा में पेट्रोल पंप मालिक हैं। डॉक्टर आशुतोष ने ड्यूटी से घर लौटने से पहले अपनी बहन को फोन कर खीर बनाने के लिए कहा था। बहन ने सोचा भी नहीं था कि यह भाई की आखिरी ख्वाहिश साबित होगी। परिजनों के मुताबिक, आशुतोष हमेशा हंसी-मजाक करता था। जब मन करता तो खीर की फरमाइश जरूर करता था। शुक्रवार को भी उन्होंने यही किया। सबने सोचा कि सामान्य दिन की तरह हंसी-खुशी बीतेगा, लेकिन कुछ ही घंटों बाद पूरे परिवार की दुनिया उजड़ गई। खीर तैयार ही रह गई और घर में मातम छा गया। रविवार को छोटी बहन को दिल्ली छोड़ने जाने वाले थे। पिता अविनाश चंद्रा ने कहा कि 'मैं पेट्रोल पंप पर था, मुझे कुछ नहीं पता। सुबह मुलाकात हुई थी, तब वो नाश्ता करके अस्पताल जा रहा था। शाम को पेट्रोल पंप से घर आने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान घटना की सूचना मिली।

# बिहार के सारण को मिली सौगात...

## नीतीश कुमार ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास और कायार्रंभ, जानें क्या-क्या शामिल



**सारण।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 120381.518 लाख रुपये की लागत से शिलान्यास और कायारंभ की गई योजनाएं न केवल जिले की तस्वीर बदलने में सहायक साबित होंगी, बल्कि बिहार के विकास मॉडल को भी मजबूत दिलाने का काम करेगी। क्योंकि यह योजनाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, खेल और ग्रामीण आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ कर सारण जिले को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल मानी जाएगी।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सारण जिले को विकास की नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने के संकल्प के साथ गुरुवार को 120381.518 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की महत्वाकांक्षी योजनाओं का शिलान्यास एवं कायारंभ किया। हालांकि यह योजनाएं मुख्यमंत्री द्वारा विगत 08 जनवरी 2025 को सारण की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से जुड़ी हुई हैं। मुख्य रूप से बाढ़ नियंत्रण एवं निस्तारण, पथ प्रमंडल, भवन प्रमंडल, खेल विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और ऊर्जा विभाग से संबंधित कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं।मालूम हो कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी ह्यप्रगति यात्राह्न के दौरान कहा था कि इस यात्रा का मकसद जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना और समाधान करना है। सारण जिले में जितनी भी घोषणाएं की गई थीं, आज उनके क्रियान्वयन की शुरूआत हो रही है। यह सरकार की प्रतिबद्धता और संकल्प का प्रमाण है। हालांकि सारण जिला मुख्यालय के लोगों में मुख्यमंत्री की इस पहल को लेकर काफी उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई से जुड़ी योजनाएं उनके जीवन में नई रोशनी लेकर आएंगी। जबकि विद्यार्थियों और अभिभावकों ने शिक्षा भवनों की स्वीकृति पर खुशी जताई है। खिलाड़ियों ने भी उम्मीद जताई कि अब उन्हें अपने ही जिले में बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं मिलने से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला और राज्य का नाम रोशन करने का मौका मिलेगा। हालांकि मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जदयू एवं भाजपा के मंत्री, विधायक और विधान पार्षद की उपस्थिति में स्पष्ट किया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। क्योंकि इन सभी कार्यों की निगरानी जिला प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा किया जाएगा। अगर कहीं से भी किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत पाई गई तो संबंधित विभाग के अधिकारियों और संवेदकों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हालांकि बिहार का सारण जिला चारों ओर से घिरा हुआ है, क्योंकि गंगा, गंडक और अन्य नदियों के कारण बार- बार बाढ़ की मार झेलता रहा है। इसको देखते हुए बाढ़ नियंत्रण एवं निस्तारण योजनाओं को लेकर विशेष बल दिया गया है। इन योजनाओं से न केवल हजारों परिवारों को सुरक्षा की गारंटी मिलेगी बल्कि कृषि उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में काफी सुधार होने की संभावना है। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए शिलान्यास और कायारंभ से सारण का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। यह केवल आधारभूत संरचना का विस्तार नहीं, बल्कि जिले की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को भी बदलने का काम करेगी। जिले के एकमा, मशरख, दिघवारा, सदर प्रखंड, अमनौर, सोनपुर, परसा और मकेर प्रखंड में 120381.518 की लागत से पथ प्रमंडल, बाढ़ नियंत्रण एवं निस्तारण, भवन प्रमंडल, खेल विभाग, ग्रामीण कार्य विकास और ऊर्जा विभाग से जुड़ी 27 योजनाओं का शिलान्यास और कायारंभ किया गया है।

# दुनिया के दुर्लभ फूल





## स्ट्रोंगिलोडोन मैक्रोबोट्रिस

हल्के हरे रंग का स्ट्रोंगिलोडोन मैक्रोबोट्रिस एक तरह की लता है। पंजे के आकार वाले इसके फूल फिरोजी रंग के होते हैं। हालांकि इसका रंग नीले हरे से लेकर चटक हरे तक भी हो सकता है। ये फूल फिलीपींस के जंगलों में पाए जाते हैं और कटाई के कारण खतरे में हैं।



## हिबिस्कस कोकियो

शू फ्लॉवर की ये प्रजाति, सिर्फ हवाई में मिलती है। 1950 में इसे विलुप्त घोषित कर दिया गया था। 20 साल बाद कोकियो का एक पेड़ मिला। लाल से नारंगी रंग के फूलों वाला ये पौधा एक आगजनी में खत्म हो जाता, लेकिन इसकी एक डाली बचा ली गई और इसे 23 अन्य पौधों में ग्राफ्ट किया गया।

## एपिफाइलम ऑक्सीपेटालम

ये फूल श्रीलंका के जंगलों में होता है और बौद्ध धर्म में इसका खासा महत्व है। इस फूल की खासियत है कि यह सिर्फ रात में खिलता है और सुबह होने से पहले ही मुरझा जाता है।



## डेंड्रोफिलैक्स लिंडेनी

क्यूबा और फ्लोरिडा के जंगलों में पाए जाने वाले इस फूल को भूतहा ऑर्किड का नाम दिया गया है। इसे 20 साल पहले ही विलुप्त घोषित कर दिया गया था। इसमें पत्तियां नहीं होती। इसकी जड़ें प्रकाश संश्लेषण कर फूल को पोषण देती हैं। इस फूल का परागण सिर्फ जायंट स्फिंक्स नाम की तितली कर सकती है।



## एमोर्फोफैलस टाइटेनम

दुनिया का सबसे खूबसूरत और सबसे दुर्लभ यह फूल इंडोनेशिया में पाया जाता है। एक हफ्ते तक खिलने वाला यह फूल सड़े हुए जानवर जैसी बदबू फैलाता है। खिलने के बाद इसकी ऊंचाई तीन मीटर तक हो सकती है। सात आठ साल बाद यह फूल पहली बार खिलता है।



## साइप्रिपेडियम कैलकेलस

कभी ये जंगली ऑर्किड पूरे यूरोप में मिलता था। लेकिन अब यह सिर्फ ब्रिटेन में होता है। पीले और जामुनी से रंग वाला ये फूल अब इतना दुर्लभ है कि इसकी एक डाली पांच हजार अमेरिकी डॉलर में मिल सकती है।

## कॉस्मॉस एट्रोसैन्गिनियस

ये मेक्सिको के जंगली फूल हैं। 100 साल पहले ही ये विलुप्त हो गए थे। सिर्फ एक प्रजाति का क्लोन 1902 में बनाया गया। ये फूल गर्मियों में वैनिला जैसी खुशबू देते हैं। इन्हें चॉकलेट कॉस्मॉस भी कहा जाता है।






# बड़ा दिलचस्प है स्क्रैपबुक बनाना

दोस्तों, आज हम तुमसे स्क्रैपबुक के बारे में बात करेंगे। स्क्रैपबुक बनाना सिर्फ काटने और चिपकाने के काम तक ही सिमटा हुआ नहीं है। यह एक अच्छी एक्टिविटी है। इससे तुम्हारी रचनात्मकता में निखार आएगा। अगर आसान शब्दों में समझें तो स्क्रैपबुक या स्क्रैप फाइल आकर्षक व रंगीन फोटो या तस्वीरों की एक एलबम होती है। काटने और चिपकाने वाली यह मजेदार एक्टिविटी एक तरह का आर्टवर्क भी है। जितना साधारण इसे समझना है, उतना ही आसान इसे बनाना भी है। वैसे स्क्रैपबुक कई तरह की होती हैं और इनको अलग रूप देना तुम पर निर्भर है।

## इस काम का फायदा

यह एक अच्छी एक्टिविटी है। फाड़ना, काटना, चिपकाना, लिखना यानी यह सिर्फ एक मजेदार कार्य ही नहीं है, बल्कि इस काम से तुम्हारी सोचने-समझने की क्षमता भी निखरती है। सोचने, समझने की शक्ति और दिमागी एक्सरसाइज से यह तुम्हारे लिए एक फायदेमंद प्रोजेक्ट हो सकता है। अच्छा होगा अगर काटने-चिपकाने-लिखने और तरह-तरह के फोटो ढूंढ़ने का सभी काम तुम खुद करो। स्क्रैपबुक बनाना एक अच्छा क्रिएटिव आइडिया है, जो क्लास लेवल के अनुसार बदलता रहता है।

## कैसे करें तैयार

इस काम के लिए तुम्हें जरूरत होगी एक रेडीमेड स्क्रैपबुक की। इसके अलावा कैंची, फेविस्टिक या फेविकोल, पेंसिल, पेन, कलरपेन और मार्कर भी तुम्हें चाहिए होंगे। यदि तुम चाहो तो रेडीमेड स्क्रैपबुक की बजाय खुद भी स्क्रैपबुक बना सकते हो। सबसे पहले टीचर द्वारा दिए गए विषय के अनुसार स्टिकर या फोटो इकट्ठा करने की तैयारी करो। इसके लिए स्टिकर्स या कट एंड पेस्ट बुक या कोई चार्ट बुक शॉप से मिल जाएंगे। एक अच्छा आइडिया है अगर तुम घर पर रखे पुराने अखबार या मैगजीन से जरूरी फोटो काट लो। इसके अलावा अपनी स्क्रैपबुक में कुछ ऑरिजनल लुक देने के लिए खुद भी स्केच या ड्रॉइंग कर स्टिकर बना सकते हो। फोटो इकट्ठे करने के लिए तुम मम्मी-पापा या साथी स्टूडेंट्स की मदद ले सकते हो। स्टिकर और फोटो इकट्ठा करने के बाद बारी है स्क्रैपबुक का हर पेज सजाने की। स्टिकर्स-फोटो को सिम्पल या डिजाइन में काटकर अच्छे ढंग से चिपकाना स्क्रैपबुक को खूबसूरत लुक देने के लिए जरूरी है। ध्यान रहे कि फेविकोल से स्क्रैपबुक का कलर पेज गंदा न हो जाये। यह भी ध्यान रखो कि विषय के अनुसार ही हर पेज तैयार किया गया हो और सही जगह पर ही स्टिकर या फोटो पेस्ट की गई हो। फोटो चिपकाने के बाद बारी है हर पेज पर हैडिंग देने की। थीम के अनुसार पेज के सबसे ऊपर कहीं (दाएं-बाएं-मध्य) भी पेंसिल से लाइन खींचकर एक साफ-सुथरी हैडिंग लिखो। हैडिंग लिखने के लिए तुम कलरपेन, पेन या मार्कर का इस्तेमाल कर सकते हो। इसे स्टाइल में भी लिखा जा सकता है। यह पूरी तरह से तुम्हारे ऊपर है कि तुम सुंदर ढंग से एक अच्छी हैडिंग कैसे लिखते हो। अब स्टिकर या फोटो को नाम दो। कैप्शन लिखो। ध्यान रहे कि यह लिखने के लिए तुमने फोटो के नीचे थोड़ी जगह छोड़ी है। एक सामान्य स्क्रैपबुक में एनिमल, बड्र्स, वेजिटेबल पेजों पर स्टिकर के नीचे नाम लिखे जाते हैं।

## पर्सनल स्क्रैपबुक

स्कूल में दिये जाने वाले इस काम का एक फायदा यह भी है कि इसका आइडिया हमेशा तुम्हारे साथ रह सकता है। तुम घर पर भी अपनी पर्सनल स्क्रैपबुक बना सकते हो। तुम मम्मी-डैडी, दोस्तों के साथ बाहर घूमने जाते हो। मॉल, पार्क, फन पार्क, चिड़ियाघर या छुट्टियों में कहीं शहर से बाहर जाते हो। इन सब जगहों से ली गई फोटो से तुम एक अच्छी स्क्रैपबुक बना सकते हो। यहां से मिली कई छोटी-छोटी चीजों को इकट्ठा कर स्क्रैपबुक में लगा सकते हो।

इस तरह इन खूबसूरत पलों की यादें हमेशा तुम्हारे साथ रहेंगी और इस आइडिया से तुम्हारी खुद से जुड़ी एक मौलिक (ऑरिजिनल) स्क्रैपबुक तैयार हो जाएगी। यह एक्टिविटी तुम कभी भी हफ्ते, महीने में एक बार कर सकते हो। इसलिए स्क्रैपबुक सिर्फ तुम्हारी पढ़ाई का ही हिस्सा नहीं है, बल्कि यह आगे चलकर तुम्हारी जिंदगी का भी हिस्सा बन सकती है।

# समझदार किट्टू

किट्टू खरगोश, बिट्टू बन्दर, टीटू हाथी और मींकू मेढक चारों पक्के दोस्त थे। सभी एक साथ ही स्कूल जाते और एक साथ ही स्कूल से लौटते। साथ घूमना-फिरना, एक साथ रिसेज में खाना खाना और घर जाने के बाद होमवर्क भी साथ ही करना। ये उनका रोज का रूटीन था। वैसे तो सारा समय साथ ही बिताते, लेकिन पढ़ने के समय शरारतें करते। इनमें बिट्टू बन्दर का ध्यान पढ़ाई में कम ही लग पाता था। लेकिन शरारतों में सबसे आगे रहता। चारों दोस्तो में किट्टू खरगोश सबसे इंटेलिजेंट था। क्लास में जब भी कोई प्रश्न पूछा जाता, सबसे पहले किट्टू ही हाथ उठाकर जवाब देता। लेकिन उसके दिल में तीनों दोस्तों के लिए बहुत प्यार था। वह हमेशा कहता, 'देखो जब तुम लोग कहते हो तो मैं तुम्हारे साथ खेलता हूं ना, तो फिर जब मैं पढ़ने को कहता हूं तो तुम्हें भी पढ़ना चाहिए ना? मेरे प्यारे दोस्तो, क्या तुमने वो कहावत नही सुनी कि 'खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब। पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब', इसलिए खेलने के समय खेलो, पर पढ़ने के समय पढ़ भी लिया करो।' लेकिन किट्टू की यह बात सुनकर टीटू हमेशा हंस देता। कहता, 'सारा दिन तो क्लास में मैडम की बात सुनकर बोर हो जाते हैं और बाहर आते ही तुम शुरू हो जाते हो'।

अचानक मींकू बीच में ही बोलता है, 'अरे यार, न्यूईयर की पार्टी में अब सिर्फ 3 या 4 दिन ही बाकी रह गए हैं, तो बताओ कि इस बार की पार्टी का क्या प्लान है।' तभी बिट्टू बन्दर उछलने लगता है। भई वाह, न्यू ईयर पार्टी में बड़ा मजा आएगा।

क्या-क्या सोचा है, इस बार पार्टी के लिए। किट्टू खरगोश फिर कहता है, भाई, पार्टी तो बाद में भी की जा सकती है। जरा ये सोचो कि एग्जाम आने वाले है। अगर हम अभी से ही पढ़ना शुरू कर दें तो हम टॉप भी कर सकते हैं। टीटू हाथी फिर बीच में आकर कहता है, अभी एग्जाम की बात नहीं होगी, पहले पार्टी, बाकी सब उसके बाद।

अब किट्टू खरगोश चुप हो जाता है और कहता है, ठीक है भाई पहले पार्टी, लेकिन इस बार पार्टी मेरे यहां नहीं रखेंगे। टीटू हाथी फटाफट बीच में बोलता है। यप्पी इस बार पार्टी मेरे यहां रखेंगे। तो तय हुआ इस बार केक के साथ पेप्सी, समोसे, चाऊमीन और बर्गर जरूर होना चाहिए। मींकू मेढक खुशी जाहिर करते हुए चिल्लाने लगता है। इस बार बड़ा मजा आने वाला है। लेकिन हां, गाना बजाना भी जरूर होना चाहिए, ठीक है। और बिट्टू बन्दर लीडर बनता हुआ कहता है, हां, जरूर होगा। अब सारे दोस्त पार्टी की तैयारियों में बिजी हो जाते हैं। कोई डेकोरेशन की तैयारियों में बिजी, तो कोई खाने के सामान की जिम्मेदारी लेता है। लेकिन किट्टू खरगोश बड़ा समझदार होता है। वो सिर्फ केक लाने की जिम्मेदारी लेता है, जिसमें ज्यादा समय न खराब हो सके। वो अपने बाकी दोस्तों की तरह अपना सारा ध्यान पार्टी में लगाता। थोड़ा सा भी समय मिलता तो तुरन्त पढ़ने लगता। लेकिन बाकी सब पढ़ाई को भूल कर न्यू ईयर की तैयारी में बिजी चल रहे थे। अब न्यू ईयर की ईवनिंग आती है। बिट्टू बन्दर बड़ा खुश होता है। आज तो पार्टी है,ये सोचकर बार-बार मींकू मेढक को फोन करके पूछता रहता है, मैं कौन-सी शर्ट पहनूं और खूब तैयारियां करता है। मींकू भी पार्टी को लेकर बड़ा एक्साइटेड होता है। वहीं किटटू खरगोश अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाता है।

शाम को सब टीटू हाथी के घर इकट्ठा होते हैं। थोड़ी ही देर में पार्टी भी शुरू हो जाती है। बिट्टू बंदर खूब डांस करता है। जब सारे दोस्त मस्ती कर रहे होते हैं तो किटटू वहीं बैठकर यह सोचता है कि इस बार यूनिट टेस्ट में इन सबका क्या होगा, क्योंकि पार्टी के चक्कर में इन्होंने तैयारी तो की ही नहीं है। किट्टू खरगोश यह सोचते हुए ही वहां से निकल जाता है और घर पहुंचकर पढ़ना शुरू कर देता है। अगले दिन यूनिट टेस्ट होता है। सभी पेपर देते हैं, लेकिन किट्टू के तीनों दोस्त उदास हो जाते हैं। पेपर देखकर उन्हें समझ ही नहीं आता कि क्या लिखें। उनका पेपर देखकर मैडम भी उन्हें खूब डांटती हैं और कहती हैं, 'तुम्हारा ध्यान पढ़ने में बिल्कुल नहीं है। क्या तुम्हें नहीं पता था कि आज पेपर है। अपने दोस्त किट्टू से कुछ सीखो, वो कितना समझदार है। उसने पूरा पेपर किया है'। अपने दोस्तों को डांट पड़ती देख किटटू को बहुत बुरा लगता है। कुछ दिन बाद ही रिजल्ट आता है। मैडम किट्टू को शाबाशी देते हुए कहती हैं, 'तुमने टॉप किया है बेटा, वेलडन।' मैडम सभी बच्चों को रिजल्ट दे देती हैं, लेकिन किटटू के तीनों दोस्तों को नहीं देतीं। उन्हें पेरेंट्स को बुलाने को कहती हैं। यह सुनकर सभी डर जाते हैं। किट्टू के रिक्वेस्ट करने पर मैडम बताती हैं कि तीनों फेल हो गए हैं। किट्टू बहुत उदास होता है और खुशी भुलाकर दोस्तों को दिलासा देते हुए कहता है, 'कोई बात नहीं दोस्तो, इस बार अच्छे से मेहनत करना और तुम ही टॉप करना। लेकिन मुझे बहुत दुख हुआ है।' इसके बाद से किट्टू के तीनों दोस्त सुधर गए और वो भी किट्टू की ही तरह पढ़ाई में ध्यान लगे। फिर तो तीनों में यह शर्त लगती थी कि कौन फर्स्ट आएगा और कौन सेकेंड।



सारे दोस्त पार्टी की तैयारियों में बिजी हो जाते हैं। कोई डेकोरेशन की तैयारियों में बिजी, तो कोई खाने के सामान की जिम्मेदारी लेता है। लेकिन किट्टू खरगोश बड़ा समझदार होता है। वो सिर्फ केक लाने की जिम्मेदारी लेता है, जिसमें ज्यादा समय न खराब हो सके। वो अपने बाकी दोस्तों की तरह अपना सारा ध्यान पार्टी में लगाता।

# एशिया कप में भारत-पाक मैच पर बोले बीसीसीआई सचिव, हमें केंद्र सरकार की बात का पालन करना होगा

**गुवाहाटी (असम)(एजेंसी)।** दुबई में 14 सितंबर को एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर चल रही आलोचनाओं के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सचिव देवजीत सैकिया ने हाल ही में जारी नीति का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने किसी भी ऐसे देश के साथ बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने पर प्रतिबंध नहीं लगाया है जो भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं रखता।


टूर्नामेंट में भारत के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी से भिड़ने पर नाराजगी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ गुस्से से उपजी है, जिसमें इस साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था। पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने इस मुकाबले को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है और मैच का बहिष्कार करने का सुझाव भी दिया है। अगस्त में केंद्र सरकार ने खेल आयोजनों में भारतीय एथलीटों के पाकिस्तानी एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करने से निपटने के लिए एक नीति में संशोधन किया था। नीति के अनुसार भारत को बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति होगी, लेकिन वह द्विपक्षीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से परहेज करेगा।

सैकिया ने बताया, 'जहां तक BCCI का सवाल है, हमें केंद्र सरकार द्वारा औपचारिक रूप से तय की गई हर बात का पालन करना होगा। हाल ही में, किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट या अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत की भागीदारी के संबंध में हमारी जो नीति लागू हुई है, उसके अनुसार केंद्र सरकार द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, चाहे हम उन देशों के साथ खेलें जिनके भारत के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं। इसलिए भारत को किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सभी मैच खेलने होंगे।'

उन्होंने आगे कहा, 'चूंकि ICC कप एक बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट है जिसमें एशिया महाद्वीप के देश शामिल होते हैं, इसलिए हमें खेलना होगा। और साथ ही किसी भी ICC टूर्नामेंट के लिए जब कोई देश भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं रखता है, तो हमें अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलना होगा। जहां तक द्विपक्षीय संबंधों का सवाल है, हम अपने किसी भी विरोधी देश के साथ नहीं खेलने जा रहे हैं।'




# मिशेल स्टार्क ने टी20आई क्रिकेट से संन्यास की वजह बताई, मैं इसको लेकर असमंजस में था...



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के 35 वर्षीय तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के लिए उनमें अभी भी बहुत कुछ बचा है तथा वह खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अधिक सफलता हासिल करने के लिए अपने शरीर का भरपूर इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। स्टार्क ने हाल ही में टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की ताकि वह खुद को एशेज, आईपीएल, भारत में टेस्ट श्रृंखला और दो साल में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए तैयार रख सकें। इसका मतलब है कि यह स्टार तेज गेंदबाज अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी नहीं खेलेगा।

स्टार्क ने कहा, 'मैं जितना संभव हो सके उतना टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए अपने शरीर का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहता हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगा कि मुझे दूसरे प्रारूपों में से एक को छोड़ना होगा। मुझे लगता है कि मेरे पास वनडे टीम को देने के लिए बहुत कुछ है और मेरा लक्ष्य 2027 तक अपनी फिटनेस बनाए रखना है। साथ ही 2027 में होने वाले विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए भी काफी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।'

स्टार्क ने संयुक्त अरब अमीरात में 2021 में टी20 विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां ऑस्ट्रेलिया ने इस प्रारूप में अपना पहला विश्व खिताब जीता था। उन्होंने कहा, 'मैं इसको लेकर असमंजस में था कि कौन सा प्रारूप रखना सही रहेगा। मैंने 2027 में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वनडे को चुना। मुझे अब भी लगता है कि मेरे पास वनडे टीम को देने के लिए बहुत कुछ है। मैंने इस बारे में काफी सोचा था। मुझे लगता है कि शायद यह सही समय था। मैं 35 साल का हो गया हूं। टेस्ट क्रिकेट हमेशा मेरे लिए पहली प्राथमिकता रहा है और आगे भी रहेगा।'

# श्रेयस अय्यर को मिली भारत ए टीम की कप्तानी, इस देश के खिलाफ करेंगे टीम की अगुवाई




**मुम्बई (एजेंसी)।** आगामी एशिया कप से बाहर रहने के बाद श्रेयस अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 सितंबर से लखनऊ में खेले जाने वाले दो बहु-दिवसीय मैचों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया है। मुंबई का यह बल्लेबाज उस टीम की कप्तानी करेगा जिसमें साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे कुछ अन्य नए टेस्ट खिलाड़ी भी शामिल हैं।

इस बीच, केएल राहुल और मोहम्मद सिराज, जो एशिया कप के लिए टीम में नहीं हैं, को 23 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे मैच के लिए दो अन्य खिलाड़ियों की जगह ए टीम में शामिल किया जाएगा। यह 2 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज़ से पहले अभ्यास के तौर पर होगा। दो बहु-दिवसीय मैचों के बाद, भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए 30 सितंबर, 3 अक्टूबर और 5 अक्टूबर को कानपुर में तीन एकदिवसीय मैच खेलेंगे।

**भारत ए टीम**

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन जगदीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान और विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, हर्ष दुबे, आयुष बदोनी, नितीश रेड्डी, तनुश कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर राज

# सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एशिया कप के लिए दुबई पहुंची भारतीय टीम ने जमकर अभ्यास किया

**दुबई (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए यहां पहुंची भारतीय टीम ने अभ्यास शुरु कर दिया है। एशिया कप में भारतीय टीम का पहला मुकाबला 10 सितंबर को मेजबान यूएई से होना है। भारतीय टीम आईसीसी अकादमी में अभ्यास के लिए उतरी।

भारतीय टीम 14 सितंबर पाकिस्तान और 19 सितंबर को ओमान से खेलेगी। वहीं प्लेऑफ मुकाबले 20 सितंबर से प्रारंभ होंगे। अभ्यास सत्र में कप्तान सूर्यकुमार यादव, उप-कप्तान शुभमन गिल, संजू सैमसन, जितेश शर्मा, तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा सभी ने नेट्स पर लंबे समय तक बल्लेबाजी की। भारतीय टीम यहां बिना अभ्यास के ही पहुंची है। टीम प्रबंधन का मानना था कि दुबई की आबोहवा में स्वयं को ढालने के लिए दुबई में ही अभ्यास करना बेहतर रहेगा। इस टूर्नामेंट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की टी20 में वापसी पर भी सबकी नजर रहेंगी। इसके अलावा ये देखना होगा कि इंग्लैंड में टेस्ट टीम की कप्तानी करते हुए 700 से अधिक रन बनाने वाले शुभमन गिल यहां कितने रन बना पाते हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी लंबे समय के बाद इस टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते दिखेंगे। भारतीय टीम ने मुख्य कोच गंभीर, बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अभ्यास शुरु किया। ग्रुप ए में भारतीय टीम, पाकिस्तान, यूएई और ओमान शामिल के साथ हैं जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग की टीमें हैं।



# एशिया कप में भारतीय टीम की जर्सी पर नहीं होगा किसी कंपनी का नाम या 'लोगो'

मुम्बई । सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में यूएई में होने जा रहे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारतीय क्रिकेट टीम बिना किसी लोगो के ही उतरेगी क्योंकि इस बार टीम का कोई प्रयोजक नहीं है। ऐसे में 9 सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारत की जर्सी पर किसी कंपनी का नाम और लोगो नहीं बल्कि केवल 'इंडिया' लिखा होगा। इसका कारण है कि भारतीय टीम के पास अभी कोई प्रयोजक नहीं है। हाल में केन्द्र सरकार के ऑन लाइन गेमिंग ऐप पर प्रतिबंध के बाद से ही उसकी प्रयोजक कंपनी ड्रीम 11 को करार बीच में ही समाप्त करना पड़ा था। इसके बाद से ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) नये प्रयोजक की तलाश में है पर उसे वह अभी तक मिला नहीं है। भारतीय बोर्ड ने प्रायोजकों के लिए निविदाएं बुलायी हैं और बोली जमा करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर तय की है। वहीं एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। इसलिए टीम को कोई भी प्रायोजक नहीं मिला है। भारतीय टीम को आपना पहला मैच 10 तारीख को यूएई से जबकि 14 तारीख को पाकिस्तान से खिलाफ है। ऐसे में इन दोनो ही मुकाबलों के दौरान भारतीय टीम की जर्सी पर किसी ब्रांड का नाम और लोगो नहीं रहेगा।

# एशिया कप में तीसरे नंबर पर उतरें सैमसन : गावस्कर



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के महान बल्लेबाज रहे सुनील गावस्कर का मानना ?है कि एशिया कप में विकेट बल्लेबाज संजू सैमसन को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिये। गावस्कर ने कहा कि सैमसन को छठे क्रम पर फिनिशर के रूप में बल्लेबाजी के लिए नहीं भेजना चाहिये। गावस्कर ने कहा, किसी भी चयन समिति के लिए यह कठिनाई है कि उनके पास जितेश शर्मा और संजू सैमसन जैसे दो बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज हों। जितेश ने हाल ही में हुए आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद भी गावस्कर को लगता है कि सैमसन को मौका मिल जाएगा। जितेज आईपीएल में वह काफी सफल रहे है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनमें टी20 में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है। गौर है कि सैमसन का 2024 साल शानदार रहा। जहां उन्होंने 43.60 की औसत और 180.16 के स्ट्राइक रेट से 436 रन बनाए। जिसमें तीन शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने ज्यादातर रन सलामी बल्लेबाज के तौर पर बनाए। केरल क्रिकेट लीग में हाल में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। वहीं जितेश अनुभव के मामले में उनसे कहीं पीछे हैं।

# रोहित, विराट कब संन्यास ले, कहने का अधिकार किसी को नहीं : दीपदास गुप्ता



मुम्बई। भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद संन्यास लेने की लगायी जा रही हैं। ये भी कहा जा रहा है कि ये दौरा इन दोनो का अंतिम अंतरराष्ट्रीय दौरा हो सकता है। वहीं पूर्व क्रिकेटर दीपदास गुप्ता ने कहा है कि किसी को भी ये कहने का अधिकार नहीं है कि इन्हें कब संन्यास लेना चाहिये। दासगुप्ता ने कहा, हमने उन्हें कभी शुरुआत करने के लिए नहीं कहा, इसलिए हम उन्हें यह बताने वाले कोई नहीं होते कि कब रुकना है। वे जब रुकते हैं, तब रुकते हैं। यह पूरी तरह से उन पर निर्भर करता है। हां, जहां तक चयन का सवाल है तो हम एक प्रदर्शन-आधारित उद्योग में हैं। इसमे अगर आप प्रदर्शन करते हैं तो टीम में बने रहेंगे। मैंने हाल ही में रोहित तस्वीरें देखीं, वह फिट दिख रहे हैं, वह पूरी तरह से तैयार हैं और आने वाली चुनौती के लिए तैयार हैं। दासगुप्ता ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि उन दोनों के पास आगे बढ़ने के लिए कुछ साल बाकी हैं। मुझे सचमुच थोड़ा गुस्सा आता है जब लोग कहते हैं, इन्हें संन्यास ले लेना चाहिए। मेरा मतलब है कि हम कौन होते हैं ऐसा सुझाव देने वाले? अगले एक साल में कम एकदिवसीय होने हैं ऐसे में दीप का मानना है कि इन दोनो को ही फिटनेस बनाये रखने के लिए आईपीएल अन्य जगहों पर भी खेलना होगा। दासगुप्ता ने कहा अगर दोनों मानदंड पूरे कर लेते हैं, तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफीका में लीग क्रिकेट खेलने के विकल्पों पर विचार करना चाहिए।

# मेसी और रोनाल्डो की तरह दिग्गज खिलाड़ी ने कर्मचारी पर थूका, लगा प्रतिबंध

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** इंटर मियामी के फॉरवर्ड लुइस सुआरेज पर लीग्स कप फ़ाइनल के बाद सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के लिए छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया है, आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह घटना पिछले रविवार को सिएटल में साउंडर्स की फ्लोरिडा टीम पर 3-0 से खिताब जीतने वाली जीत के बाद हुई झड़प के दौरान हुई। लीग्स कप आयोजन समिति ने एक बयान में कहा कि उसने इंटर मियामी के सर्जियो बुस्केट्स और टॉमस एविलेस पर भी हाथापाई के दौरान हिंसक व्यवहार के लिए क्रमशः दो और तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया है। साउंडर्स के सहायक कोच स्टीवन लेनहार्ट को भी इस झड़प में उनकी भूमिका के लिए पाँच मैचों का निलंबन दिया गया है।

सुआरेज की सजा का मतलब है कि वह अगले साल होने वाले लीग्स कप में पूरी तरह से हिस्सा नहीं ले पाएंगे, और चूंकि ग्रुप चरण में प्रति सीजन केवल तीन मैच खेलने की गारंटी होती है, इसलिए यह प्रतिबंध 2027 के संस्करण तक जारी रह सकता है। हालांकि इस प्रतिबंध का मेजर लीग सॉकर में उनकी उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन लीग्स कप समिति ने कहा कि एमएलएस 'संबंधित खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।'



यह विवादों की एक लंबी सूची में नवीनतम है जो सुआरेज के 20 साल के पेशेवर करियर के दौरान उनके साथ रहे हैं, जिसमें लिवरपूल, बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड सहित अन्य क्लबों में उनके कार्यकाल शामिल हैं। उन्हें विरोधियों को काटने के लिए तीन बार निलंबन का सामना करना पड़ा है, जिसमें 2014 की एक घटना भी शामिल है जब उन्होंने ब्राज़ील में एक विश्व कप मैच के दौरान इटली के जियोर्जियो चिएलिनी के कंधे को पकड़ लिया था।

सुआरेज ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी इस हालिया लापरवाही के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, 'यह बहुत तनाव और निराशा का क्षण था, जहां खेल खत्म होने के तुरंत बाद ऐसी चीज़ें हुईं जो नहीं होनी चाहिए थीं, लेकिन यह मेरी प्रतिक्रिया को उचित नहीं ठहराती।' 'मैंने गलती की और इसके लिए मैं तहे दिल से माफी मांगता हूं। यह वह छवि नहीं है जो मैं अपने परिवार के सामने देना चाहता हूं, जो मेरी गलतियों के कारण पीड़ति हैं, मेरे क्लब के सामने, जो खुद को इस तरह की किसी चीज से प्रभावित होते हुए देखने के लायक भी नहीं हैं।'

# योगराज ने फिर धोनी पर निशाना साधा, खिलाड़ियों के साथ खराब व्यवहार के आरोप लगाये




चंडीगढ़। अपनी विवादास्पद बयानों के कारण चर्चाओं में बने रहने वाले पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने एक बार फिर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी पर निशाना साधा है। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज ने धोनी के अलावा पूर्व कप्तान कपिल देव और बिशन सिंह बेदी का भी नाम लिया और कहा कि इन लोगों ने कई खिलाड़ियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। योगराज ने इस बार पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान के पुराने साक्षात्कार का हवाला देते हुए धोनी पर हमला बोला। अपने साक्षात्कार में इरफान पठान ने भारतीय टीम से अचानक बाहर होने के कारणों की बात करते हुए धोनी पर तंज कसा था। योगराज ने कहा कि केवल पठान ही नहीं बल्कि गौतम गंभीर, वीरेंद्र सहवाग और हरभजन सिंह के साथ भी धोनी ने अच्छा व्यवहार नहीं किया। योगराज ने कहा, यह केवल इरफान पठान की बात नहीं है। आप गंभीर को इस बारे में बोलते हुए देख सकते हैं। सहवाग ने भी इस बारे में कहा है। वहीं धोनी जवाब नहीं देना चाहते जिससे पता चलता है कि उन्हें भी अब इन बातों का अहसास हो रहा है। उन्होंने साथ ही कहा, मैं बेदी और कपिल के बारे में बात करता हूं। मैं उन लोगों के बारे में बात कर सकता हूं जिनके साथ मैं रहा हूं। उन्होंने लोगों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया है। जो गलत है इन लोगों ने टीम को नुकसान पहुंचाया है।

# एशिया कप में श्रीलंकाई टीम के सभी खिलाड़ियों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन : अर्नोल्ड

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर रसेल अर्नोल्ड को उम्मीद है कि चरित असलांका की कप्तानी में श्रीलंकाई टीम एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करेगी। अर्नोल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट रोमांचक रहेगा। श्रीलंकाई टीम में अगल-अलग स्थानों के लिए बेहतर खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। टीम का संतुलन अच्छा लग रहा है। इसलिए, मुझे लगता है कि यह टीम के लिए देखने का एक बेहतरीन मौका है कि वे कहां हैं। वहीं अगर वे सही दिशा में काम करते हैं तो मुझे लगता है कि उनके पास आगे बढ़ने का अच्छा अवसर है। श्रीलंकाई टीम ग्रुप बी में है जिसे काफी कठिन माना जाता है। अर्नोल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही कठिन ग्रुप है। यह एक ऐसा ग्रुप है जिसे आप आसानी से नहीं हरा सकते। इसमें अफगानिस्तान भी शामिल है जिसका प्रदर्शन लगातार निखर रहा है। उनकी गेंदबाजी हमेशा अलग रही है। उनके पास राशिद खान सहित कई अच्छे स्पिनर हैं। इसके साथ ही अब उनके पास बेहतर बल्लेबाजों भी हो गये हैं। वहीं बांग्लादेश से मिलने वाली टक्कर को कम नहीं मान सकते। श्रीलंका का हाल ही में घरेलू सीरीज में उनसे 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए मुझे लगता है कि श्रीलंकाई टीम को जीत के लिए बेहतर क्रिकेट खेलना होगा। हर किसी को अपनी भूमिका और जिस दिशा में वे टीम को ले जाना चाहते हैं, उसे सामने रखना होगा। वहीं ग्रुप ए में भारतीय टीम काफी मजबूत हैं और निरंतर बेहतर प्रदर्शन के कारण खिताब की प्रबल दावेदार है। पिछले दो सालों में मुझे लगता है कि उन्होंने केवल 10 मैच हारे हैं। उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। इसलिए मुझे लगता है कि वे टूर्नामेंट के पसंदीदा हैं। इसके अलावा पाकिस्तान, आगे बढ़ने वाली दूसरी टीम होगी। अगर वे एक मैच हार जाते हैं और सुपर फोर में जगह नहीं बना पाते हैं, तो मुझे बहुत हैरानी होगी।



# अभी संन्यास नहीं लेंगे, अगले सत्र में 25 वां ग्रैंड स्लैम जीतने का प्रयास करेंगे जोकोविच

न्यूयॉर्क। सर्बियाइ टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच को अमेरिकी ओपन टेनिस के पुरुष एकल सेमीफाइनल मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्काराज के खिलाफ 6-4, 7-6(4), 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। जिसके बाद से ही कहा जा रहा था कि अब वह संन्यास ले सकते हैं पर जोकोविच ने इस सभी बातों पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा है कि ये सब अफवाहें हैं। जोकोविच ने अपने बयान में कहा है कि वह अगले साल होने वाले ग्रैंड स्लैम सत्र में खेलेंगे। जोकोविच ने कहा है कि अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद भी वह निराश नहीं है और अगले सत्र में 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का प्रयास करेंगे। अल्काराज के खिलाफ मुकाबले में जोकोविच को अंत में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'मैं अभी पीछे नहीं हटने जा रहा हूं। मैं ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने के अपने प्रयास जारी रखूंगा। मैं फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करूंगा। मैं कम से कम एक और ट्रॉफी जीतने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। जोकोविच ने इस सत्र में चारों ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई पर एक बार भी उससे आगे नहीं बढ़ पाये। उन्हें तीन बार अल्काराज और एक बार इटली के यानिक सिनर से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल के बाद जोकोविच ने कहा, 'दूसरे सेट के बाद मेरी ताकत समाप्त हो गई थी। वहीं अल्काराज बेहतर होते गये जिससे ये मुकाबला मेरे हाथ से निकल गया।



# भारत को रोहित-विराट की कमी खलेगी, बुचर ने कहा- इस समय वह टीम में एकमात्र मैच जिताऊ खिलाड़ी

**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर रोलैंड बुचर का मानना है कि मई में शानदार प्रदर्शन करने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट मैचों से संन्यास लेने के बाद भारत को उनकी कमी खलेगी। उनके अनुसार, भारत के पास इस समय बल्ले से एकमात्र मैच विनर ऋषभ पंत हैं।

विराट और रोहित के लाल गेंद के प्रारूप में अंतिम प्रदर्शन के बाद भारतीय क्रिकेट में एक नया सवेरा शुरू हुआ। भारतीय प्रबंधन ने शुभमन गिल पर भरोसा जताया और उन्हें रोहित का असली उत्तराधिकारी माना। भारत के सबसे युवा टेस्ट कप्तान को इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों की कड़ी श्रृंखला के लिए टीम का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया था। लीड्स से लेकर लंदन तक भारत के कई यादगार पल आए और यह दौरा ओवल में भारत की छह रनों की नाटकीय जीत के साथ समाप्त हुआ।

पूरी श्रृंखला के दौरान प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों ने अक्सर कुछ ऐसे पलों की ओर इशारा किया जब भारत मैदान पर रोहित और विराट के लिए तरस रहा था। बुचर के अनुसार, भारत ने जिन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है, वे 'अच्छे खिलाड़ी' हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के पास पंत जैसे आक्रामक खिलाड़ी के अलावा कोई 'मैच-विनर' खिलाड़ी नहीं है।

### ऋषभ पंत एकमात्र मैच जिताऊ खिलाड़ी

बुचर ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारतीय टीम को इन दोनों खिलाड़ियों की कमी खलेगी क्योंकि रोहित शर्मा और विराट कोहली मैच विनर थे। आप जानते ही हैं कि वे अकेले ही मैच का रुख बदल सकते हैं। मुझे लगता है कि इस समय भारत की टीम बहुत अच्छी है, लेकिन इन दोनों खिलाड़ियों के बिना टीम उतनी अच्छी नहीं होगी। उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ी बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। वे खूब रन बना सकते हैं, लेकिन वे लंबे समय तक रन बनाते हैं, जिसका मतलब है कि वे इतनी जल्दी जीत की स्थिति में नहीं पहुंच पाते।'

उन्होंने कहा, 'इसलिए, मुझे लगता है कि अगले कुछ साल भारत के लिए बदलाव के दौर से गुजरेंगे। उन्हें कुछ मैच जिताऊ बल्लेबाज ढूंढने होंगे। इस समय टीम में एकमात्र मैच जिताऊ खिलाड़ी ऋषभ पंत हैं। इसलिए, शर्मा और कोहली का टीम से बाहर होना टीम के लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा। मुझे नहीं लगता कि इस समय उनकी जगह कोई भी खिलाड़ी इन दोनों से बेहतर है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में उनके ट्रैक रिकॉर्ड ने साबित कर दिया है कि वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से दो रहे हैं।'

### गिल को कप्तानी करना सीखना होगा

गिल का पहला टेस्ट 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ था और उनके नेतृत्व में भारत ने जिस जोशपूर्ण प्रदर्शन का प्रदर्शन किया, उसकी उन्होंने खूब सराहना की। 'कभी हार न मानने' की मानसिकता 5 टेस्ट मैचों में भारत के रवैये का प्रतीक बन गई। लेकिन बुचर की राय अलग है। भारतीय कप्तान के रूप में गिल के पहले कार्यकाल का विश्लेषण करते हुए बुचर ने दावा किया कि इंग्लैंड की पिचों की अनुकूल प्रकृति के कारण गिल के लिए यह आसान था।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि शुभमन गिल कप्तानी के लिहाज से युवा हैं। इसलिए उन्हें खेल की कप्तानी करना सीखना होगा। वह एक नई टीम के कप्तान हैं, क्योंकि वह अचानक टीम में शामिल हो गए हैं और दो सबसे सीनियर खिलाड़ी टीम से बाहर हैं। इसलिए, उन्हें खुद को एक कप्तान के रूप में पहचानना होगा। उन्हें नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल करना होगा और अपनी पहचान बनानी होगी। यह आसान नहीं होगा।'




बुचर ने आगे कहा, 'इंग्लैंड में उनके लिए शायद काफी आसान था क्योंकि पिचें बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी थीं। दोनों टीमें विपक्षी टीम को आउट करने के लिए संघर्ष कर रही थीं। इसलिए, वह काफी रन बनाने में सफल रहे। आगे चलकर उनके सामने और भी कठिन चुनौतियां होंगी। वह इससे कैसे निपटते हैं, यह हमें देखना होगा। लेकिन मुझे लगता है कि अब भारत के लिए जरूरी है कि वह नए खिलाड़ियों को खोजे, उन्हें रोहित और कोहली जैसी क्षमता दिखानी होगी, ताकि कप्तान के रूप में उनका काम आसान हो सके।'

## भिवंडी में रंगाई फैक्ट्री में लगी भीषण आग

भिवंडी (एजेंसी)। महाराष्ट्र के भिवंडी में एक रंगाई फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक फैक्ट्री से धुआं उठता देख आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। दमकल विभाग ने बताया कि आग काफी फैल चुकी है और इस बुझाने के लिए और गाड़ियां बुलाई गई हैं। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का भी पता नहीं चल सका है, आशंका जताई जा रही है कि फैक्ट्री के अंदर रखे रसायनों के कारण आग फैल गई।

## होशियारपुर में भीषण हादसा : एम्बुलेंस गहरी खाई में गिरने से तीन की मौत, दो घायल

होशियारपुर (एजेंसी)। हिमाचल-पंजाब सीमा के समीप शनिवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टांडा मेडिकल कॉलेज से डीएमसी लुधियाना जा रही एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर पंजाब क्षेत्र के मंगूवाल में गहरी खाई में गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा शनिवार सुबह करीब 4 बजे हुआ था। दरअसल बरसात के चलते सड़क का हिस्सा टूटा हुआ है, जगह-जगह गड्ढे हो गए, जिस कारण वाहनों को चलाने में असुविधा हुई है। यहां से गुजर रही एम्बुलेंस का चालक संतुलन खो बैठा और वाहन गहरी खाई में जा गिरा। बताया गया कि कांगड़ा के पठियार से एक मरीज को रेफर कर परिवार सहित डीएमसी लुधियाना ले जाया जा रहा था। इस दुर्घटना में मृत हुए लोगों की पहचार कर ली गई है। मृतकों में संजीव कुमार सोनी (55) निवासी पठियार, ओंकार चंद (84) निवासी मरण्डा और रमेश चंद (45) निवासी नूरपुर (कांगड़ा) शामिल हैं। घायलों में रेणुवाला और एम्बुलेंस चालक बॉबी को सिविल हॉस्पिटल होशियारपुर में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार रेणुवाला खतरे से बाहर है, लेकिन चालक की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे की खबर लगते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पंजाब पुलिस के अनुसार, हादसे की वजह सड़क का टूटा हिस्सा और चालक की असावधानी दोनों मानी जा रही हैं। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

## सपा विधायक के बाग पर चला बुलडोजर, सरकारी जमीन को कराया कब्जा मुक्त

संभल (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए समाजवादी पार्टी के विधायक नवाब इकबाल महमूद के बाग पर बुलडोजर चला सरकारी भूमि को मुक्त कराया। अधिकारियों के अनुसार, विधायक ने अपने बाग में करीब साढ़े 3 बीघा सरकारी जमीन भी शामिल कर ली थी, जिसे मुक्त कराया गया है। जानकारी अनुसार शनिवार सुबह एसडीएम विकास चंद्र, नायब तहसीलदार और राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मंडलाई गांव पहुंची। नलकूप विभाग और वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पैमाइश कर कब्जाई जमीन की पहचान की गई। इसके बाद बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई पूरी तरह राजस्व रिकॉर्ड और सरकारी पैमाइश के आधार पर की गई है।

**बुलडोजर कार्रवाई पर सपा खेमे में नाराजगी**

इस कार्रवाई से समाजवादी पार्टी समर्थकों में नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि प्रशासन ने कहा कि यह कदम सिर्फ सरकारी भूमि को कब्जे से मुक्त कराने के लिए उठाया गया है और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं सपा नेताओं ने इसे राजनीतिक विद्वेश के तहत की गई कार्रवाई बताया है।

## तकनीकी खराबी के चलते दो घंटे आसमान में घूमता रहा इंडिगो का विमान

### -180 यात्रियों की सांसें अटकीं, अबू धाबी के लिए भरी थी उड़ान, वापस लौटा




कोच्चि (एजेंसी)। इंडिगो का एक विमान दो घंटे से ज्यादा समय तक आसमान में उड़ान भरने के बाद शुक्रवार देर रात कोच्चि लौट आया यह वितान अबू धाबी जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि विमान में 180 से ज्यादा यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। इंडिगो की ओर से अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की गई है। सूत्रों ने बताया कि उड़ान 6ई-1403 शुक्रवार रात 11.10 मिनट पर कोच्चि से अबू धाबी के लिए रवाना हुई और तकनीकी खराबी के कारण रात करीब 1-44 बजे वापस कोच्चि लौट आई। उन्होंने बताया कि रात लगभग साढ़े तीन बजे यात्रियों को एक अन्य विमान से अबू धाबी भेजा गया। उड़ान 6ई1403 का संचालन ए320 नियो विमान से किया गया था। एक दूसरी घटना में दिल्ली-कोलकाता इंडिगो की एक उड़ान में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक शराबी वकील ने विमान में हर हर महादेव जैसे धार्मिक नारे लगाने शुरु कर दिए और साथी यात्रियों से भी नारा लगाने का कहना लगा। जब उसे नारे लगाने के लिए मना किया तो वह एयरलाइन क्रू के साथ विवाद करने लगा। सूत्रों के मुताबिक यह घटना सोमवार को 6ई 6571 पर हुई जब उड़ान ज्यादा समय तक पार्किंग बे में रुकी रही। इंडिगो ने कहा कि 31डी में बैठा वकील केबिन क्रू के साथ दुर्व्यवहार करता और शराब के नशे में बाकी यात्रियों को परेशान करता पाया गया। यात्री, जो एक बोतल में शराब ले जा रहा था, उसने एक क्रू सदस्य पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। बाद में उस यात्री को कोलकाता एयरपोर्ट पर सुरक्षा कर्मियों के हवाले कर दिया गया।

# फिर मुसीबत में घिरीं सांसद महुआ मोइत्रा, अब सीएम ममता के दरबार में लगेगी क्लास



**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा का विवाद पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। मोइत्रा एक बार फिर विवादों में घिरती दिख रही हैं। उनकी एक कथित विवादित टिप्पणी को लेकर अखिल भारतीय मतुआ महासंघ ने नाराज़गी जताई है। महासंघ की ओर से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर मामले में दखल देकर कार्रवाई की मांग की गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि सीएम ममता बनर्जी उनकी क्लास ले सकतीं हैं।

दरअसल, 31 अगस्त को नदिया ज़िले में एक सभा को संबोधित करते हुए महुआ मोइत्रा ने कहा था कि 'साल भर तृणमूली और चुनाव के समय सनातनी बनने का खेल क्यों? हर एससी बूथ पर जहां एक सामान्य जाति की महिला को 1000 रुपये मिलते हैं, वहां एससी महिला को 1200 रुपये मिलते हैं। फिर भी एससी, नामशूद्र, मतुआ बूथों पर बीजेपी को 100 में से 85 वोट मिलते हैं। काम के वक्त ममता, सड़क के वक्त ममता, और जब लाभ लेने की बात आती है तो कंठमाला पहन कर सब आ जाते हैं। सच्चाई हमेशा कड़वी होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, महासंघ की ओर से 3 सितंबर को भेजे गए इस पत्र में महासचिव सुकैश चंद्र चौधरी ने लिखा है कि महुआ मोइत्रा की टिप्पणी से मतुआ समुदाय आहत और क्रोधित है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि वह 'एक अभिभावक की तरह कदम उठाकर समुदाय का दर्द कम करें। हालांकि पत्र के लेटरहेड पर महासंघ की अध्यक्ष और तृणमूल की राज्यसभा सांसद ममता बाला ठाकुर का नाम है, लेकिन उस पर हस्ताक्षर महासचिव चौधरी के हैं। ममता बाला ठाकुर ने इस मुद्दे पर कहा, 'यह उनकी (महुआ की) व्यक्तिगत राय है। यह धार्मिक मुद्दा है, इसमें मैं बतौर सांसद क्यों बोलूं? संगठन ने निर्णय लिया है। जो कुछ कहा गया वह अपमानजनक है, और मैं इस पर ज़्यादा शब्द बर्बाद नहीं करना चाहती।' जब उनसे पूछा गया कि क्या वह महुआ मोइत्रा से इस विषय पर बात करेंगी तो उन्होंने पलटकर कहा, 'क्यों करूं?' मोइत्रा की इस टिप्पणी पर भाजपा ने भी कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी नेता दिपंकर सरकार ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए कहा, उन्होंने एससी/एसटी महिलाओं और मतुआ समुदाय का अपमान किया है। न केवल आस्था पर टिप्पणी की, बल्कि महिलाओं का भी अपमान किया। अब उन्हें अदालत में पेश होकर सफ़ाई देनी होगी। इधर, केंद्रीय मंत्री और मतुआ नेता शांतनु ठाकुर, जो ममता बाला ठाकुर के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी माने जाते हैं, के लिए यह विवाद अपने घरेलू मतभेदों से राहत का मौका बन सकता है। शांतनु का अपने बड़े भाई और विधायक सुब्रत ठाकुर तथा मां छबी रानी ठाकुर के साथ धार्मिक प्रमाणपत्रों के मुद्दे पर टकराव जारी है।

## जेपी नड्डा ने रद्द की एनडीए सांसदों को दी जाने वाली डिनर पार्टी, बाढ़ आपदा को बताया वजह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को अपने आवास पर होने वाली एनडीए सांसदों की डिनर पार्टी को रद्द कर दिया है। यह निर्णय देशभर में बाढ़ से उत्पन्न गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया। पंजाब समेत कई राज्यों में बाढ़ का कहर जारी है और हालात चिंताजनक बने हुए हैं। यह डिनर पार्टी उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों के तहत आयोजित होनी थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत एनडीए सांसदों को आमंत्रित किया गया था। अब इसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।



गौरतलब है कि 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति का चुनाव होना है और एनडीए की ओर से महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि इंडिया ब्लॉक ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी को मैदान में उतारा है। यह चुनाव जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद हो रहा है। धनखड़ ने 21 जुलाई की रात स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद छोड़ा था। संसद में सांसदों के संख्याबल के आधार पर कहा जा सकता है कि एनडीए के उम्मीदवार राधाकृष्णन स्पष्ट बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं इंडिया ब्लॉक अंतिम समय तक समर्थन जुटाने की कोशिशों में लगा है।

## भारत-अमेरिका रिश्तों पर जयशंकर ने कहा- साझेदारी को महत्व देते हैं पीएम मोदी और ट्रंप....



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-अमेरिका संबंधों में हाल के दिनों में टैरिफ नीति को लेकर तनाव के बाद अब माहौल बदलता दिखाई दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोस्त और महान नेता बताया है। इसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने भी ट्रंप की भावनाओं की सराहना करते हुए भारत-अमेरिका रिश्तों के सकारात्मक मूल्यांकन का पूर्ण समर्थन किया। इस पर भारतीय विदेश मंत्री ने अहम बयान देते हुए दोनों नेताओं के संबंधों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका के प्रति दिखाए गए रुख पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी निश्चित रूप से दोनों देशों की साझेदारी को अत्यधिक महत्व देते हैं। जहां तक राष्ट्रपति ट्रंप की बात है, प्रधानमंत्री का उनका व्यक्तिगत संबंध हमेशा से बहुत अच्छा रहा है। हम लगातार अमेरिका के साथ जुड़े हुए हैं। यही इस समय की सच्चाई है। गौरतलब है कि ट्रंप की टैरिफ नीति के कारण दोनों देशों के बीच व्यापारिक मतभेद बढ़ रहे थे, लेकिन अब बातचीत और सहयोग से रिश्तों को मजबूती देने के संकेत मिल रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि व्यक्तिगत स्तर पर मोदी-ट्रंप की नजदीकी ने राजनीतिक और आर्थिक मतभेदों को कम करने में मदद की है। अमेरिका का बदला हुआ सुर और भारत की सकारात्मक प्रतिक्रिया दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक और आर्थिक सहयोग का संकेत है। रक्षा, ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में साझेदारी आगे और मजबूत हो सकती है।

## मुंबई को मानव बम से उड़ाने की धमकी देने वाला अश्विनी नोएडा से गिरफ्तार

### -दोस्त को फंसाने रची साजिश, पुलिस ने मोबाइल, सिम, मेमोरी कार्ड किए बरामद



**नोएडा (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस को बम से उड़ाने की धमकी भरा मैसेज भेजकर पूरे शहर में हड़कंप मचाने वाले अश्विनी कुमार को नोएडा के सेक्टर-79 से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की पूछताछ में अश्विनी ने धमकी देने की अजीब वजह बताई। उसने बताया कि उसने दोस्त से बदला लेने की सनक में यह खतरनाक खेल खेला। पटना के पाटलिपुत्र का रहने वाला अश्विनी अपने पुराने दोस्त फिरोज के खिलाफ दिल में गहरी नफरत पाले था। बात 2023 की है, जब फिरोज ने अश्विनी के खिलाफ पटना के फुलवारी शरीफ थाने में केस दर्ज करवाया था। इस केस की वजह से अश्विनी को तीन महीने जेल में रहना पड़ा था। बस, यहीं से बदले की आग भड़की।

अश्विनी कुमार ने फिरोज को सबक सिखाने के लिए एक खतरनाक प्लान बनाया। उसने मुंबई पुलिस को फिरोज के नाम से एक फर्जी बम धमकी भेज दी, ताकि दोस्त को फंसाया जा सके। शुक्रवार को मुंबई पुलिस को एक मैसेज मिला, जिसमें दावा किया गया था कि शहर में 34 गाड़ियों में 400 किलो आरडीएक्स के साथ ह्यूमन बम तैयार किए गए हैं, जो पूरे शहर को हिलाकर रख देंगे। इस मैसेज ने मुंबई को हाई अलर्ट पर ला दिया था।

पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और पता चला कि यह धमकी नोएडा से भेजी गई थी। देर रात मुंबई पुलिस ने नोएडा के सेक्टर 79 में छापा मारकर अश्विनी को धर दबोचा। जांच में पता चला कि अश्विनी पिछले पांच साल से नोएडा में रह रहा था और ज्योतिषी के रूप में काम कर रहा था। पढ़ा-लिखा होने के बावजूद, उसने इस सनसनीखेज साजिश को अंजाम दिया। अश्विनी ने मास्टर्स की डिग्री हासिल की है और उसके पिता सुरेश कुमार शिक्षा विभाग से रिटायर्ड हैं, लेकिन पारिवारिक झगड़ों ने भी उसकी जिंदगी में आग लगाई थी। उसकी पत्नी ने घरेलू विवाद के चलते उसे छोड़ दिया था।

पुलिस ने अश्विनी के कब्जे से सात मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड, छह मेमोरी कार्ड होल्डर, दो डिजिटल कार्ड कार्ड बरामद किए हैं। ये सामान देखकर लगता है कि अश्विनी छोटा-मोटा खिलाड़ी नहीं, बल्कि अपनी साजिश को अंजाम देने के लिए पूरी तैयारी में था। नोएडा के एडिशनल सीपी ने बताया कि अश्विनी को शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर किया गया और कागजी कार्रवाई के बाद उसे मुंबई भेज दिया गया। अब मुंबई पुलिस इस बम मास्टरमाइंड से पूछताछ कर रही है, ताकि इस साजिश के और भी राज खुल सकें।

## जम्मू-कश्मीर के सांसद पर तिहाड़ जेल में किन्नरों ने किया हमला

### -आरोप : जानबूझकर किन्नरों को उनके साथ रखा, हमले के लिए उकसाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के सांसद इंजीनियर रशीद पर तिहाड़ जेल में हमले का आरोप लगाया गया है। इंजीनियर रशीद का दावा है कि जेल में किन्नरों के एक गुट ने उन पर घातक हमला किया। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सांसद को मामूली चोटें आईं हैं। बारामूला के सांसद इंजीनियर रशीद 2019 से ही तिहाड़ जेल में बंद हैं। तिहाड़ जेल प्रशासन की ओर से इस पर आधिकारिक बयान नहीं आया है।

इंजीनियर रशीद की पार्टी आवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) ने सांसद पर हमले को लेकर आक्रोश जाहिर किया है। पार्टी का कहना है कि इंजीनियर रशीद ने अपने वकील जावेद हूब्बी से मुलाकात के दौरान उन पर हुए हमले की बात कही है। वकील के मुताबिक रशीद ने बताया कि तिहाड़ जेल प्रशासन ने कश्मीरी कैदियों को प्रताड़ित करने के लिए नए तरीके अपनाए हैं। जानबूझकर किन्नरों को उनके साथ जेल में रखा गया है। उन्हें हमले के लिए उकसाया जाता है। वकील ने रशीद के हवाले से आरोप लगाया कि पुरुष किन्नरों के एक हमले में रशीद बाल-बाल बच गए। दावा किया गया है कि रशीद को किन्नरों के एक समूह ने धक्का दिया और गेट उनके ऊपर फेंका। अगर यह गेट सीधा लगता तो रशीद की जान भी जा सकती थी। इंजीनियर रशीद का आरोप है कि उनसे पहले कश्मीरी कैदियों अयूब पठान, बिलाल मीर और अमीर गोजरी पर भी किन्नर हमला कर चुके हैं। रशीद का कहना है कि ये किन्नर एचआईवी पॉजिटिव घोषित किए गए हैं और जानबूझकर उन्हें कश्मीरी कैदियों के साथ रखा गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में इंजीनियर रशीद ने जम्मू-कश्मीर के मौजूदा सीएम उमर अब्दुल्ला और सज्जाद गनी लोन को हराया था। 2 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीतने वाले सांसद रशीद को हाल ही में मॉनसून सत्र में हिस्सा लेने के कस्टडी पेरोल पर भेजा गया था।

## सांबा में अहम प्रतिष्ठानों के ऊपर नजर आया पाक ड्रोन, सेना का तलाशी अभियान शुरु



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में शांति बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल चप्पे चप्पे की निगरानी कर रहे हैं। किसी भी तरह से आतंकियों के मंसूबों को नाकाम करने के लिए सेना पूरी तरह तैयार है। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अहम प्रतिष्ठानों के ऊपर एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन मंडराते देखे जाने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि शुक्रवार रात करीब 9.35 बजे बारी ब्राह्मणा इलाके में सैन्य छावनी के ऊपर पश्चिम से पूर्व की ओर 700 मीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर ड्रोन नजर आया। तत्काल अलर्ट जारी कर किया गया और सेना की टीम सक्रिय कर दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को भी सूचित किया गया और एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया कि ड्रोन से कहीं हथियार या मादक पदार्थ तो नहीं गिराए गए हैं।

वहीं इससे पहले एक अन्य घटना में श्रीनगर की मशहूर हज़रतबल मस्जिद में नवीनीकरण पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक लगाए जाने से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इससे स्थानीय नेताओं और लोगों ने नाराजगी जाहिर की और अज्ञात लोगों ने उस पट्टिका को तोड़फोड़ दिया। इसके जवाब में जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष दरख्शां अंद्राबी ने प्रतीक चिह्न हटाने वालों के खिलाफ जन सुरक्षा अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की मांग की है। यह घटना उस मस्जिद के हाल में जीर्णोद्धार के बाद हुई जिसमें पैगंबर मोहम्मद साहब के पवित्र चिह्न रखे हैं।

मस्जिद के अंदर लगे पत्थर की उद्घाटन पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक अंकित था, जिसकी मुस्लिम समुदाय ने आलोचना की। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) समेत राजनीतिक नेताओं और लोगों ने तर्क दिया कि इबादतगाह में मूर्ति प्रदर्शित करना एकेश्वरवाद के इस्लामी सिद्धांत का उल्लंघन है, जो मूर्ति पूजा को सख्ती से प्रतिबंधित करता है। शुक्रवार को नमाज के बाद अज्ञात लोगों ने पत्थर की पट्टिका तोड़ दी और राष्ट्रीय प्रतीक हटा दिया।

इस कृत्य से स्पष्ट रूप से नाराज अंद्राबी ने मस्जिद में एक प्रेस वार्ता आयोजित की और पट्टिका को तोड़ने वालों को आतंकवादी और गुंडा करार दिया। उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करने और आरोपियों पर पीएसए के तहत मामला दर्ज करने की मांग की। पीएसए एक कठोर कानून है, जो बिना सुनवाई के किसी आरोपी को दो साल तक हिरासत में रखने की इजाजत देता है।

## ओडिशा में मजदूर ने बोली बंगाली भाषा तो भीड़ ने पीटते हुए तोड़ दिया हाथ और लूट लिए रुपये

### -टीएमसी बोलीं- यह है बीजेपी की घृणा की असली तस्वीर



**कोलकाता (एजेंसी)।** कटवा के कारजग्राम के रहने वाले प्रवासी मजदूर तरजन शेख ने आरोप लगाया है कि ओडिशा में पिछले रविवार को उन्हें बंगाली भाषा बोलने पर भीड़ ने बुरी तरह पीटा और उनकी हाथ की हड्डी तोड़ दी और उन्हें 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित किया। तरजन इस समय अपना इलाज करा रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को कटवा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तरजन शेख पिछले पांच साल से ओडिशा के जलेश्वर इलाके में फेरी लगाकर सामान बेचते हैं। वह साइकिल पर स्टील के घरेलू बर्तन बेचकर गुजारा करते थे और राजपुर क्षेत्र में रहते थे। उन्होंने बताया कि यह घटना लक्ष्मणडिही क्षेत्र के पास हुई। शेख ने बताया कि रास्ते में कुछ लोगों ने उनसे ओड़िया भाषा में उनके ठिकाने के बारे में पूछा। जब उन्होंने बंगाली में जवाब दिया और अपनी पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड व मतदाता पहचान पत्र दिखाया तो भीड़ ने उनके कागजों को ''फर्जी'' बताकर बुरी तरह पीटा। मारपीट के दौरान उनके पास मौजूद हजारों रुपए भी लूट लिए। वह किसी तरह जान बचाकर वहां से भागे और अगले दिन अपने पैतृक स्थान कटवा आ गए। इस घटना को टीएमसी ने गंभीर बताते हुए बीजेपी पर निशाना साधा है। पार्टी ने बयान जारी कर कहा कि देश कब तक बीजेपी की नफरत और बंटवारे की राजनीति झेलेगा? ओडिशा में एक युवा फेरीवाले को केवल बंगाली बोलने पर दिनदहाड़े भीड़ ने पीटा। बीजेपी समर्थित गुंडों ने उन्हें 'बांग्लादेशी' बताकर उनका हाथ तोड़ दिया, उनकी कमाई लूट ली और गरिमा छीन ली।

पार्टी ने कहा कि यही है बीजेपी की घृणा की असली तस्वीर, जहां भाषाओं का अपमान किया जाता है, संस्कृतियों को कलंकित किया जाता है और पहचान को नफरत के बोझ तले कुचला जाता है। यह लोगों को बांटने का काम कर रही है। स्थानीय पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## इधर कैश की किल्लत थी उधर चीनी मिल खरीदने के लिए 450 करोड़ नगद गिन रहीं थी शशिकला

**चैन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु की दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की करीबी सहयोगी वीके शशिकला एक बार फिर विवादों में घिर गई हैं। सीबीआई ने एक एफआईआर में आरोप लगाया है कि नोटबंदी के दौरान शशिकला ने 450 करोड़ रुपये नकद देकर कांचीपुरम स्थित एक शुगर मिल खरीदी थी। यह सौदा नोटबंदी के दौरान उस समय हुआ जब पूरे देश में कैश की भारी किल्लत थी। गौरतलब है कि जयललिता की मृत्यु के बाद एआईएडीएमके में ससिकला को बड़ा नेता माना जाने लगा था। हालांकि, भ्रष्टाचार के मामलों में जेल जाने के बाद उनकी राजनीतिक भूमिका सीमित हो गई। अब इस ताजा खुलासे से उनकी मुश्किलें एक बार फिर बढ़ सकती हैं।

एफआईआर में इनकम टैक्स विभाग के 2020 के एक आदेश का भी जिक्र है। आदेश में कहा गया था कि नवंबर 2017 में बेनामी एक्ट के तहत शशिकला और उनके सहयोगियों की संपत्तियों पर छापेमारी के दौरान कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए थे। इन दस्तावेजों से खुलासा हुआ था कि 2016 की नोटबंदी के दौरान पटेल ग्रुप की एक मिल को खरीदने के लिए 450 करोड़ रुपये नकद में दिए गए थे। यह मामला पद्मादेवी शुगर्स लिमिटेड से जुड़ा है। कंपनी के निदेशकों पर इंडियन ओवरसीज बैंक को करीब 120 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। इस मामले की जांच सीबीआई की बैंकिंग, सिक्योरिटीज और फ्रॉड शाखा (बेंगलुरु) कर रही है। जुलाई में दर्ज हुई इस एफआईआर के बाद अगस्त में चेन्नई, त्रिची और तेनकासी में सीबीआई की टीमों ने छापेमारी की थी।

सीबीआई के मुताबिक, पद्मादेवी शुगर्स लिमिटेड के निदेशकों पर बैंक से धोखाधड़ी करने का आरोप है और यह सौदा भी उसी संदर्भ में जांच के घेरे में है। एजेंसी का कहना है कि वह इस मामले में मिले दस्तावेजों और गवाहियों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब राजनीतिक हलकों में पहले से ही तमिलनाडु की राजनीति में ससिकला की संभावित वापसी की चर्चाएं चल रही थीं। अब देखना होगा कि इस नए विवाद का उनकी सियासी संभावनाओं पर क्या असर पड़ता है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 **A** कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**